राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार, 09 मार्च 2026

वर्ष 07,अंक 156, पृष्ट 12,मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

11 केवी लाइन की चपेट में आया बंदर, दर्दनाक मौत; बिजली कर्मियों ने किया अंतिम संस्कार...03

भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र के निर्माता होते है- विधायक राजमणि कोल...12

# भारत बनाम न्यूज़ीलैंडः भारत ने कर दिखाया... टी20 वर्ल्ड कप 2026 का खिताब जीतकर पलट दिया अहमदाबाद में इतिहास

» भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराया
» भारत ने तीसरी बार टी20 वर्ल्ड कप जीता
» सूर्यकुमार यादव हुए भावुक

**नई दिल्ली।** भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद नरेंद्र मोदी स्टेडियम की मिट्टी को माथे से लगाया। उनका ये भावुक पल सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। टीम इंडिया ने फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को 96 रनों से मात दी और ट्रॉफी पर तीसरी बार कब्जा जमाया। भारत अब टी20 वर्ल्ड कप को तीन बार जीतने वाली दुनिया की पहली टीम बन गई है। मेन इन ब्लू घर पर पहली बार टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम बन गई है। इससे पहले कभी भी होस्ट नेशन ने टी20 वर्ल्ड कप नहीं जीता था। हालांकि, टीम इंडिया ने ये कर दिखाया है। सूर्या की कप्तानी में भारत ने घर पर विश्व कप अपने नाम किया। कप्तान के तौर पर वर्ल्ड कप जीतने के बाद सूर्या भावुक दिखाई दिए और उन्होंने मिट्टी का तिलक लगाया।

**सूर्यकुमार यादव ने मिट्टी को माथे से लगाया**

भारत ने न्यूजीलैंड को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मात दी। इसी के साथ टीम इंडिया ने अपना टाइटल डिफेंड किया। मैच जीतने के बाद भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव भावुक दिखाई दिए। उन्होंने पिच की मिट्टी को माथे से लगाया। सूर्या का ये भावुक पल सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

**भारत ने न्यूजीलैंड को हराया**

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरी भारतीय टीम की शुरूआत शानदार रही। टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने बेहतरीन बल्लेबाजी की और पहले विकेट के लिए 98 रनों की साझेदारी की। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 255 रन बना डाले। टीम इंडिया के लिए तीन बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाया। संजू सैमसन ने सबसे अधिक 89 रनों की पारी खेली। उनके अलावा अभिषेक शर्मा ने 52 और ईशान किशन ने 54 रनों की पारी खेली।

भारत के गेंदबाजों ने कमाल की गेंदबाजी की और उन्होंने न्यूजीलैंड को 159 रनों पर समेट दिया। इसी के साथ टीम इंडिया ने मुकाबले को 96 रनों से अपने नाम कर लिया। भारत के लिए गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने कमाल की गेंदबाजी की और उन्होंने 4 ओवरों में 15 रन खर्च करते हुए 4 विकेट अपने नाम किए। अक्षर पटेल ने 3 विकेट हासिल किए।




संजू सैमसन (89), ईशान किशन (54) और अभिषेक शर्मा (52) की तूफानी पारी के बाद जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी की बदौलत भारत ने टी20 विश्?व कप 2026 के फाइनल में न्?यूजीलैंड को 96 रन से हराकर तीसरी बार खिताब पर कब्?जा जमाया। पहले बल्?लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 255 रन बनाए थे। जवाब में कीवी टीम 19 ओवर में 159 रन पर सिमट गई।

**बुमराह ने किया बेस्ट प्रदर्शन**

भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने कमाल की गेंदबाजी की। इस दौरान वह काफी किफायती भी रहे। बुमराह ने 4 ओवर में 3.80 की इकोनॉमी से 15 रन देकर 4 विकेट चटकाए। टी20 इंटरनेशनल में जसप्रीत बुमराह का यह बेस्ट गेंदबाजी प्रदर्शन है। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**खास महसूस हो रहा है**

जसप्रीत बुमराह ने जीत को लेकर कहा, 'बेहद खास महसूस हो रहा है क्योंकि मैंने अपने घरेलू मैदान पर एक फाइनल खेला था, लेकिन उसमें जीत हासिल नहीं कर सका था। आज मैं जीत गया। मुझे पता था कि विकेट सपाट है इसलिए मुझे अपने पूरे अनुभव का इस्तेमाल करना पड़ा। '

**इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता**

उन्होंने कहा, 'इस टूर्नामेंट से पहले मैं उस स्थिति में था जहां मुझे लगता था कि मैं बहुत ज्यादा कोशिश कर रहा हूं। मैं अच्छी गेंदबाजी तो कर रहा था लेकिन फिर भी मुझे लग रहा था कि मैं बहुत ज्यादा मेहनत कर रहा हूं। इस टूर्नामेंट में मैंने बस खेल को अपने हिसाब से चलने दिया, और यह बहुत कारगर साबित हुआ। मेरा व्यक्तिगत प्रदर्शन हमेशा से मेरी ताकत रहा है और विश्व कप फाइनल में अपने घरेलू मैदान पर मैन ऑफ द मैच बनना, इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। '

**अहमदाबाद की पिचों का अनुभव**

अपनी स्लो गेंदों के बारे में बुमराह ने कहा, 'मैंने यहां की तेज पिचों पर खेला है और मैंने दूसरी टीमों को भी देखा है। मैंने सीखा है कि बहुत तेज गेंदबाजी करने से बल्लेबाजों के लिए शॉट खेलना आसान हो जाता है। इसलिए मैंने समझदारी से खेला और बल्लेबाजों की रणनीति को समझने की कोशिश की।

**धीमी शुरुआत के बाद बरसे ओपनर**

तमाम आलोचनाओं के बाद भी भारत की ओर से अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन की सलामी जोड़ी मैदान पर आई। पहले ओवर में संजू ने संभलकर बल्लेबाजी की और आखिरी गेंद पर सिक्स लगाया। दूसरे ओवर में अभिषेक ने कोई जल्दबाजी नहीं दिखाई। हालांकि, इसके बाद दोनों ने कीवी गेंदबाजों का आड़े हाथों लिया। इस जोड़ी ने चौकों-छक्कों से अपनी पारी को बुनना शुरू किया।

**पावरप्ले में जड़ दिए 92 रन**

तीसरे ओवर में अभिषेक ने 2 चौके लगाकर लय प्राप्?त की। चौथे ओवर में उन्होंने एक चौका और एक छक्का लगाया। 6 ओवर में भारतीय टीम ने बिना कोई विकेट गंवाए 92 रन जड़ दिए। 98 के स्कोर पर भारत को पहला झटका लगा। 18 गेंदों पर अर्धशतक लगाने वाले अभिषेक शर्मा 52 के स्?कोर पर आउट हुए। 3 नंबर पर उतरे ईशान किशन पवेलियन से ही सेट होकर आए। भारतीय टीम ने 7.2 ओवर में अपना शतक पूरा किया।

**टी20 विश्व कप पावरप्ले में सर्वाधिक स्कोर**

92/0 - भारत बनाम न्यूजीलैंड, अहमदाबाद, 2026 फाइनल

92/1 - वेस्टइंडीज बनाम अफगानिस्तान, ब्रिजटाउन, 2024

91/1 - नीदरलैंड बनाम आयरलैंड, सिलहट, 2014

89/3 - इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका, मुंबई विश्व कप, 2016

86/1 - भारत बनाम नामीबिया, दिल्ली, 2026

संजू ने लगाई फिफ्टी की हैट्रिक

संजू सैमसन ने ईशान किशन के साथ मिलकर रन गति रुकने नहीं दी। 33 गेंदों पर संजू ने अपना अर्धशतक पूरा किया। सुपर-8 में वेस्टइंडीज (97*), सेमीफाइनल में इंग्लैंड (89*) और फाइनल में कीवी टीम के खिलाफ उन्होंने फिफ्टी लगाई।

बुमराह ने चटकाए 4 विकेट

13वें ओवर में अक्षर पटेल ने डेरेल मिचेल को ईशान किशन के हाथों कैच आउट कराया। 16वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने 2 शिकार किए। उन्?होंने तीसरी गेंद पर जेम्?स नीशम (8) और चौथी गेंद पर मैट हेनरी (0) को बोल्?ड किया। 18वें ओवर में बुमराह ने कीवी कप्?तान मिचेल सेंटनर के स्?टंप उखाड़ दिए। सेंटनर ने 35 गेंदों पर 43 रन बनाए।

19वें ओवर की आखिरी गेंद पर अभिषेक शर्मा ने जैकब डफी का विकेट चटकाया। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने 4 ओवर में 15 रन देकर 4 विकेट चटकाए। अक्षर पटेल ने 3 शिकार किए। हार्दिक पांड्या, वरुण चक्रवर्ती और अभिषेक शर्मा की झोली में 1-1 विकेट आया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### प्रयागराजः जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प, ईंट-पत्थर चले, कई लोग घायल




**प्रयागराज।** सराय इनायत थाना क्षेत्र के प्यारेपुर गांव में रविवार को पुरानी जमीनी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। मामूली कहासुनी के बाद विवाद अचानक इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते जमकर ईंट-पत्थर चलने लगे। इस घटना से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई।

ग्रामीणों के अनुसार, जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। रविवार को किसी बात को लेकर शुरू हुई कहासुनी ने अचानक उग्र रूप ले लिया और दोनों तरफ के लोग बड़ी संख्या में इकट्ठा हो गए। इसके बाद दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर ईंट-पत्थर फेंके गए। इस झड़प में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। कुछ लोगों को सिर और हाथ-पैर में चोटें आई हैं। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।

पुलिस के मुताबिक, दोनों पक्षों की ओर से थाने में तहरीर दी गई है। मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एहतियात के तौर पर इलाके में पुलिस की निगरानी भी बढ़ा दी गई है ताकि दोबारा किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

## विज्ञान फाउंडेशन (गिविंग विंग टू ड्रीमर्स) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** विज्ञान फाउंडेशन (गिविंग विंग टू ड्रीमर्स) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सखी- वन स्टाप सेंटर प्रयागराज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विज्ञान फाउंडेशन की कैपेसिटी बिल्डिंग ऑफिसर आराधना जी द्वारा महिला दिवस मनाने के उद्देश्य के बारे में बताते हुए की गई।विज्ञान फाउंडेशन की थीमैटिक लीड उपासना जी द्वारा विज्ञान फाउंडेशन कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई।मुख्य अतिथि बारा तहसील SDM प्रेरणा जी द्वारा अपने बारे में बताते हुए महिला दिवस कार्यक्रम पर जानकारी दी गई और बच्चों का मनोबल बढ़ाया।सभी प्रतिभागियों द्वारा स्पीच, महिला सशक्तिकरण गीत, फगुआ गीत, बाल विवाह पर नुक्कड़ नाटक, म्यूजिकल चेयर, नींबू चम्मच, रस्सा कसी पंजा गेम का आयोजन किया गया। जिसमें गद्दोपुर, गोहरी



और अशोक नगर की महिलाएं, पुरूषों, किशोरियों और किशोरों ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाने के लिए उन्हें पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया।विज्ञान फाउंडेशन की टीम द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में बारा तहसील SDM प्रेरणा जी, सखी वन स्टाप सेंटर प्रभारी निलिशा शक्ति रसोई से आयुषी किशोरी स्वास्थ्य काउंसलर अंजली उपस्थित रहीं। विज्ञान फाउंडेशन से थीमैटिक लीड उपासना कैपेसिटी बिल्डिंग ऑफिसर आराधना, किशोरी मित्र मंजू, अलका, सुजाता मौजूद रहीं।

## हाईकोर्ट जज के साथ हुई ऑनलाइन क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, ठग ने लूट लिए 6 लाख रुपये

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** बॉम्बे हाईकोर्ट की मौजूदा जज ने पिछले हफ़्ते मुंबई पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उनके साथ ऑनलाइन क्रेडिट कार्ड फ्रॉड में 6 लाख रुपये की ठगी हुई। महिला जज ने एक अनजान व्यक्ति के खिलाफ स्नढ्ढक्र दर्ज कराई, जिसने ॥ष्ठस्नष्ट बैंक के क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट का रिप्रेजेंटेटिव होने का दावा किया और उनसे 6 लाख रुपये की ठगी की।



28 फरवरी को कफ परेड पुलिस स्टेशन में दर्ज अपनी स्नढ्ढक्र के अनुसार, जज ने कहा कि वह अपने क्रेडिट कार्ड पर मिले रिवॉर्ड पॉइंट्स को रिडीम करने की कोशिश कर रही थीं। इसके लिए, उन्होंने बैंक के क्रेडिट कार्ड कस्टमर केयर का कॉन्टैक्ट नंबर खोजा, लेकिन टोल फ्री नंबर पर बात नहीं हो पाई। फिर उन्हें गूगल पर एक और कॉन्टैक्ट नंबर मिला, जिस पर उन्होंने कॉल किया और ॥ष्ठस्नष्ट बैंक के क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट का रिप्रेजेंटेटिव होने का दावा करने वाले एक आदमी ने जवाब दिया। उस आदमी ने जज से शुरू में बात करने के बाद उन्हें credit card.apk नाम की एक 18 MB की apk फ़ाइल भेजी। जज ने अपनी स्नढ्ढक्रमें कहा, 'लेकिन, वह फ़ाइल मेरे iPhone पर नहीं खुली। मुझे एक Android फ़ोन पर वह फ़ाइल डाउनलोड करने का सुझाव दिया गया और मैंने अपने घरेलू नौकर के फ़ोन में अपना सिम डालकर वह apk फ़ाइल डाउनलोड की। उसके बाद मुझे रिवॉर्ड पॉइंट्स रिडीम करने के लिए क्रेडिट कार्ड की डिटेल्स डालने के लिए कहा गया। '

इसके तुरंत बाद जज को मेल मिलने लगे कि अलग-अलग ट्रांज़ैक्शन के ज़रिए कुल 6.02 लाख रुपये डेबिट किए गए। जज ने कहा, 'फिर मुझे एहसास हुआ कि मेरे साथ धोखा हो रहा है। मैंने तुरंत ॥ष्ठस्नष्ट बैंक के क्रेडिट कार्ड कस्टमर केयर को कॉल किया और उस क्रेडिट कार्ड को ब्लॉक किया और तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराई।

उस अनजान व्यक्ति ने ॥ष्ठस्नष्ट बैंक के क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट से होने का झूठा दावा करके मेरी इजाज़त के बिना मेरे मोबाइल फ़ोन का अनऑथराइज़्ड एक्सेस हासिल किया, क्रेडिट कार्ड की सेंसिटिव जानकारी का गैर-कानूनी तरीके से गलत इस्तेमाल किया और मेरे क्रेडिट कार्ड अकाउंट से कुल 6,02,566/- रुपये अलग-अलग जगहों पर ट्रांसफर करके मुझे धोखा दिया।

उसकी शिकायत पर कफ परेड पुलिस ने इन्फॉर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी एक्ट की धारा 66 (कंप्यूटर सिस्टम का अनऑथराइज़्ड एक्सेस, बिना इजाज़त के डेटा डाउनलोड करना, या गलत इरादे से वायरस डालना), 66C (किसी दूसरे व्यक्ति के इलेक्ट्रॉनिक सिग्नेचर, पासवर्ड, या यूनिक आइडेंटिफिकेशन फीचर का गलत इस्तेमाल करना) और 66D (किसी दूसरे (असली या नकली) व्यक्ति की नकल करके पैसे/जानकारी निकालना या धोखा देना) के तहत FIR दर्ज की।

## 3000 रुपये पेंशन, 50 लाख का हेल्थ इंश्योरेंस... केरल में चुनाव से पहले राहुल गांधी ने किया 5 गारंटी का ऐलान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** केरल में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कमर कस ली है. राहुल ने चुनाव से पहले तिरुवनंतपुरम में पांच बड़ी गारंटियों की घोषणा की है. कांग्रेस की ओर से जारी इन ऐलानों में महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष योजनाओं पर जोर दिया गया है. राहुल गांधी का कहना है कि इन गारंटियों का उद्देश्य सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करना, परिवारों को आर्थिक राहत देना और राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ाना है।

घोषणाओं के तहत महिलाओं को केरल स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जाएगी. इसके अलावा कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं को उच्च शिक्षा में सहयोग देने और परिवारों पर आर्थिक बोझ कम करने के लिए हर महीने एक हजार रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी।



कमजोर और वंचित वर्गों के लिए दी जाने वाली सामाजिक कल्याण पेंशन को बढ़ाकर 3,000 प्रति माह करने का प्रस्ताव रखा गया है, ताकि उन्हें बेहतर आर्थिक सुरक्षा मिल सके।

स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रस्तावित ओमन चांडी हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम के तहत प्रत्येक परिवार को 25 लाख रुपए तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा कवर देने की योजना बनाई गई है. यह योजना दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री ओमेन चांडी के नाम पर प्रस्तावित है।

रोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने हेतु 5 लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त लोन देने का वादा किया गया है. कांग्रेस का मानना है कि इससे नए स्टार्टअप और रोजगार के अवसर पैदा होंगे। घोषणाओं में बुजुर्गों के कल्याण, सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए एक समर्पित विभाग बनाने का भी प्रस्ताव शामिल है. राहुल गांधी के मुताबिक ये गारंटियां केरल के सामाजिक ढांचे को मजबूत करने और आम नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होंगी।

## चक भटाही में रोजा-इफ्तार का आयोजन किया गया



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के चक भटाही में रविवार को रोजा-इफ्तार का आयोजन किया गया। यह आयोजन राजू भटाई द्वारा कराया गया, जिसमें क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के नेता अहमद राजा, राजा बाबू, जावेद, अनु, नाजिम, आसिफ, सोनू, विकी, आकाश और उज्जवल यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने एक साथ रोजा-इफ्तार कर आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और आपसी प्रेम को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने देश में शांति, तारीख, और आदि ने भाईचारे के लिए दुआ भी की।

## गलत इंजेक्शन से 6 माह के मासूम की मौत के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** रविवार को नैनी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए गलत इंजेक्शन लगाने से 6 माह के मासूम की मौत के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को धनुहां कट से पकड़कर उसके खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रमेश कुमार पटेल (38 वर्ष) पुत्र स्व. संतोष पटेल निवासी ग्राम बेदौली थाना मांडा, कमिश्नरेट प्रयागराज (वर्तमान पता चाका, ददरी रोड थाना नैनी, प्रयागराज) के रूप में हुई है।बताया गया कि 04 अक्टूबर 2025 को वादी विशाल पटेल पुत्र स्व. राजकरन पटेल निवासी ददरी नौगवां थाना नैनी ने थाना नैनी में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आशा क्लीनिक धनुहां, चाका ब्लॉक के संचालक डॉक्टर रमेश पटेल ने उनके 6 माह के पुत्र देव को गलत



इंजेक्शन लगा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस संबंध में थाना नैनी में मु0अ0सं0 535/2025 के तहत धारा 106(1) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान धारा 106(1) बीएनएस को हटाते हुए धारा 105 बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है।रविवार को थाना नैनी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अभियुक्त रमेश कुमार पटेल को धनुहां कट से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बृजकिशोर गौतम, थाना नैनी उपनिरीक्षक कुलदीप उपाध्याय, कांस्टेबल अमित कुमार, शामिल रहे।

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा, वही दिखेगा

स्वतंत्र प्रभात के राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार, पत्रिका एवं ऑनलाइन चैनल में काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।

जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरोचीफ, संवाददाता और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।

अपना बायोडाटा भेजे : 9511151254

www.swatantraprabhat.com www.epaper.swatantraprabhat.com

## संक्षिप्त खबरें

### डी आई जी ने परामर्श केंद्र के अधिकारियों, पर्यवेक्षण अधिकारियों / क्षेत्राधिकारियो के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक



**बस्ती।** बस्ती जिले में पुलिस व्यवस्था पर नकेल कसने के लिए डीआईजी बस्ती परिक्षेत्र संजीव त्यागी द्वारा परिवार परामर्श केंद्र के अधिकारियों, पर्यवेक्षण अधिकारियों / क्षेत्राधिकारियो के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।डीआईजी ने निर्देशित किया कि पारिवारिक विवादों को केवल कानूनी दृष्टिकोण से न देखकर, सामाजिक और मानवीय दृष्टिकोण से सुलझाया जाए। प्राथमिकता परिवारों को बिखरने से बचाने की होनी चाहिए। दोनों पक्षों की बात अत्यंत धैर्य और संवेदनशीलता के साथ सुनें। आपसी सहमति के आधार पर अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण( समझौता ) सुनिश्चित करें। घरेलू हिंसा में प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण हेतु काउंसलर की सहायता लिया जाए। प्राप्त प्रकरणों में न्याय/निष्पक्षता पर विशेष बल दिया जाए। सुनिश्चित करें कि प्राप्त प्रकरणों में पारदर्शी निष्पक्षता परिलक्षित हो तथा प्राप्त प्रकरणों में समझौता हो जाने के बाद पीड़ित से स्ह्वक्क के अनुसार फीडबैक लिया जाए 7डीआईजी ने कहा कि ‘पुलिस का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि समाज में शांति और परिवारों में सामंजस्य स्थापित कराना भी है।इस दौरान तीनों जिलों के परिवार परामर्श केंद्र के प्रभारी, पर्यवेक्षण अधिकारी/क्षेत्राधिकारी उपस्थित रहे।

### भुजेहरा मार्ग पर खड़ंजा का निर्माण कार्य शुरू, ग्रामीणों में खुशी



**बलरामपुर ।** विधानसभा क्षेत्र तुलसीपुर के प्राथमिक विद्यालय भुजेहरा प्रथम स्थित मतदान केंद्र तक पहुंचने में ग्रामीणों को वर्षों से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। भुजेहरा गांव से खैरहनिया तक जाने वाला मार्ग कच्चा और चिकनी मिट्टी से भरा होने के कारण बरसात के दिनों में पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो जाता था। जगह-जगह बड़े गड्ढे होने से ग्रामीणों, खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने में काफी दिक्कतें उठानी पड़ती थीं। कई बार लोग फिसलकर गिर भी चुके थे। इस समस्या को लेकर विगत 22 फरवरी को आपके अपने हिन्दुस्तान अखबार ने इस समस्या को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। बाद मामला सुर्खियों में आया। खबर का संज्ञान लेते हुए तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल ने पहल की और विधायक निधि से रविवार सुबह इस मार्ग पर खड़ंजा निर्माण कार्य शुरू करा दिया। लगभग 1100 मीटर लंबे और करीब 3.40 मीटर चौड़े खड़ंजे का निर्माण कराया जा रहा है। मार्ग निर्माण कार्य शुरू होने से भुजेहरा गांव के लोगों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से जर्जर रास्ते की समस्या अब दूर हो जाएगी और बरसात के दिनों में जलभराव व कीचड़ से भी राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने इसके लिए क्षेत्रीय विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### बलरामपुर ग्राम पंचायतों में डिजिटल भुगतान शुरू:ग्रामीण अब त्क्रकोड से सरकारी सेवाओं का शुल्क जमा कर सकेंगे

बलरामपुर जिले की ग्राम पंचायत सचिवालयों में अब सरकारी सेवाओं के लिए नकद भुगतान की आवश्यकता नहीं होगी। जिले में क्यूआर कोड आधारित डिजिटल भुगतान व्यवस्था शुरू कर दी गई है, जिससे ग्रामीणों को विभिन्न सेवाओं का शुल्क जमा करने में सुविधा होगी।इस नई व्यवस्था के तहत, जिले के 143 ग्राम पंचायत सचिवों को ओएसआर (ऑनलाइन सर्विस रजिस्टर) का क्यूआर कोड उपलब्ध कराया गया है। यह पहल डिजिटल इंडिया अभियान को बढ़ावा देगी।ग्रामीण अब क्यूआर कोड स्कैन करके आय, जाति, निवास, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड सहित कई सरकारी सेवाओं का शुल्क ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। इससे पंचायतों में पारदर्शिता बढ़ेगी और अधिक शुल्क वसूली पर प्रभावी अंकुश लगेगा।जिले में कुल 243 सेवाएं ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर उपलब्ध हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय ने बताया कि डिजिटल भुगतान से सभी लेनदेन का रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा, जिससे जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

# महिला दिवस पर नंदगांव ढाबा में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम, राई नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लंभुआ/चांदा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चांदा स्थित नंदगांव ढाबा पर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी रही और विभिन्न सांस्कृतिक तथा जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य एवं जागरूकता को लेकर डॉक्टर प्रिया गुप्ता की देखरेख में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने उपस्थित महिलाओं और लोगों को स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एक सुसज्जित मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गई, जिसमें बुंदेलखंडी राई नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस नृत्य कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नृत्य प्रतियोगिता में लंभुआ स्थित रघुकुल अकादमी की छात्रा पीहू शर्मा ने ‘मेरी बेटी-मेरा अभिमान’ थीम के अंतर्गत प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें पांच हजार रुपये का पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम में भाग लेने वाली अन्य महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान राकेश जादूगर ने अपने जादुई करतबों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया, जो कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण बना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर विजयलक्ष्मी, अध्यक्ष महिला शिक्षक संघ जौनपुर रहीं। वहीं अन्य अतिथियों के रूप में सुविधा वत्स, ब्रह्मकुमारी नीलम देवी समेत कई अन्य महिलाएं मौजूद रहीं। सुबह 11 बजे से शुरू हुआ यह कार्यक्रम शाम लगभग 5 बजे तक चला। कार्यक्रम की आयोजक डॉक्टर पल्लवी यादव ने बताया कि कार्यक्रम बड़े ही शांतिपूर्ण और सफल ढंग से संपन्न हुआ। उन्होंने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## घर लौट रहे युवक को रास्ते में रोककर लाठी-डंडों से पीटा, चार पर मामला दर्ज

**ललितपुर।** जखौरा थाना क्षेत्र में शनिवार रात घर लौट रहे एक युवक को रास्ते में घेरकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। दबंगों ने अकारण गाली-गलौज करते हुए युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम गुलेन्दा निवासी सुरेश ( 35 ) पुत्र गोकल विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि शनिवार ( 7 मार्च ) की रात करीब 8.30 बजे वह जखौरा कस्बे से अपने घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह कांजी हाउस तिराहे के पास पहुँचा, वहां पहले से मौजूद चार लोगों ने उसे रोक लिया और बिना किसी कारण के मां-बहन की भद्दी गालियां देने लगे। पीडित के अनुसार, जब उसने गाली देने का विरोध किया, तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसकी पिटाई शुरू कर दी। इस हमले में सुरेश को शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आई हैं। शोर मचाने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

## अवैध आरा मशीन पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

### ●सुल्तानपुर में मशीन उखाड़कर किया गया ध्वस्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर** – अवैध आरा मशीनों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। जोनल प्रवर्तन दल के प्रभारी रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में एक अवैध आरा मशीन को ध्वस्त कर दिया गया। वन विभाग को सदर सुल्तानपुर रेंज के अंतर्गत विकासखंड बल्दीराय के ग्राम महादेवन में बिना वैध अनुमति के आरा मशीन संचालित होने की सूचना मिली थी। इस सूचना के आधार पर प्रवर्तन दल की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान इजहार अहमद द्वारा बिना लाइसेंस के आरा मशीन संचालित की जा रही थी। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर वन विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मशीन को उखड़वाकर पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अवैध आरा मशीनों के संचालन से जंगलों की अवैध कटाई को बढ़ावा मिलता है। इसे रोकने के लिए विभाग लगातार अभियान चला रहा है और ऐसी अवैध गतिविधियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई के दौरान विभागीय टीम के सदस्य भी मौके पर मौजूद रहे। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना लाइसेंस आरा मशीन संचालित करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी इसी तरह कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने वन विभाग की इस कार्रवाई का समर्थन किया है। उनका कहना है कि इससे अवैध कटान पर रोक लगेगी और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

# दुष्कर्म आरोपी को बचाने के लिए ग्रामीणों का हंगामा, पुलिस टीम पर दबाव - देर रात तक गांव में चला सर्च ऑपरेशन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** जिले के गौर थाना क्षेत्र के डेंगरहा गांव में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम को शनिवार रात भारी विरोध का सामना करना पड़ा। आरोपी को बचाने के लिए कुछ ग्रामीणों ने न केवल पुलिस कार्रवाई का विरोध किया बल्कि सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए हंगामा भी किया। स्थिति बिगड़ती देख कई थानों की पुलिस फोर्स बुलानी पड़ी और देर रात तक पूरे गांव की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन चलाया गया।मिली जानकारी के अनुसार, गौर थाना पुलिस को शनिवार रात लगभग 10:30 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट का वांछित आरोपी अपने घर पर मौजूद है। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी नवीन हरिराय पुलिस टीम के साथ डेंगरहा गांव पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार करने की कार्रवाई शुरू की।

बताया जाता है कि जैसे ही पुलिस टीम आरोपी के घर के पास पहुंची, उसके रिश्तेदारों और कुछ ग्रामीणों ने अचानक विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते माहौल गर्म हो गया और पुलिसकर्मियों व ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोंक होने लगी। आरोप है कि कुछ लोगों ने आरोपी को बचाने के लिए पुलिस के काम में बाधा डाली, जिसका फायदा उठाकर आरोपी अंधेरे का लाभ लेकर मौके से फरार हो गया।स्थिति तनावपूर्ण होते देख पुलिसकर्मियों ने तुरंत गौर थाने को सूचना दी। इसके बाद सीओ हरैया स्वर्णिम सिंह के नेतृत्व में पैकोलिया, छावनी समेत कई थानों की पुलिस फोर्स गांव में पहुंच गई। भारी पुलिस बल ने पूरे गांव को घेरकर देर रात तक सघन सर्च ऑपरेशन चलाया और हालात को नियंत्रण में लिया।सीओ हरैया स्वर्णिम सिंह ने बताया कि दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गांव गई थी, लेकिन कुछ लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए हंगामा किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि हंगामा करने और आरोपी को भगाने में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कानून से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं=इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि गंभीर अपराध के आरोपी को बचाने के लिए यदि भीड़ कानून के खिलाफ खड़ी होगी तो कानून व्यवस्था के लिए यह बड़ा खतरा बन सकता है। पुलिस ने संकेत दिए हैं कि सरकारी कार्य में बाधा डालने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी और फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश जारी

# वरिष्ठ भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमेठी गिरीश चन्द्र शुक्ला से मुलाकात कर संस्था प्रबंधक ने की सामाजिक विषयों पर चर्चा

### ●वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने महिला दिवस पर मातृ शक्तियों को दी बधाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुलबाजार अमेठी**–भारतीय जनता पार्टी अमेठी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सामाजिक कार्यों मे बढ़चढकर भूमिका निभाने वाले विकासखंड शुकुलबाजार अमेठी अन्तर्गत ग्राम पंचायत मवैया रहमतगढ़ के गांव पूरे रग्घू शुक्ल निवासी गिरीश चन्द्र शुक्ला से संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजिस्टर्ड के प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी ने उनके आवास पर पहुंचकर मुलाकात की तथा बतौर संस्था प्रबंधक डायरी एवं पेन भेंटकर मार्गदर्शन प्राप्त किया और संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजिस्टर्ड द्वारा कराए जा रहे कार्यो से अवगत कराया और कहा कि संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि द्वारा कराए जा रहे प्रत्येक कार्यो मे गिरीश चन्द्र शुक्ला का महत्वपूर्ण योगदान रहता है जिससे संस्था को बल मिलता है वहीं गिरीश चन्द्र शुक्ला ने संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी के कुशल नेतृत्व एवं निस्वार्थ भावना से संस्था द्वारा कराए जा रहे पुनीत कार्यो की सराहना करते हुए समाजसेवी पी के तिवारी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गिरीश चन्द्र शुक्ला ने कहा कि संस्था द्वारा कराए जा रहे पुनीत कार्यो मे वह यथासंभव सहयोग करते रहेंगे वहीं संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजिस्टर्ड द्वारा कराए जा रहे पुनीत कार्यो की समाज का प्रत्येक वर्ग सराहना कर रहा है और संस्था प्रबंधक समाजसेवी का उत्साहवर्धन एवं सहयोग भी कर रहा है जिसे संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी संस्था के लिए गौरवपूर्ण बता रहे हैं और कहते हैं कि संस्था द्वारा कराए जा रहे कार्यो पर लोगों का विश्वास बढ़ता जा रहा है और कहा कि वह प्रबुद्धजनो के सहयोग से भविष्य मे और भी बेहतर से बेहतरीन करने की कोशिश करेंगे और समाज के प्रति समर्पित रहेंगे। साथ ही साथ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला ने महिला दिवस पर सभी मातृ शक्तियों को भी बधाई दी और उन्होंने कहा हम ऐसे देश में रहते हैं जहां महिलाओं को विशेष सम्मान प्राप्त है, पूरे विश्व में भारत ही एक ऐसा देश है सनातन ही एक ऐसा धर्म है जहां महिलाओं को देवी और लक्ष्मी की संज्ञा दी गई है जहां भगवान राम से पहले सीता और भगवान श्री कृष्ण से पहले राधा का नाम लिया जाता है। ऐसे में देश की समस्त मातृ शक्तियों को महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृशक्ति का सम्मान

### ● मूंज उत्पाद से आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम - सरिता देवी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** विधानसभा क्षेत्र 184 जगदीशपुर के अंतर्गत ग्राम मऊ अतवारा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक सुरेश पासी द्व की धर्मपत्नी एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख सरिता देवी की गरिमामयी उपस्थिति रही।इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए ‘वन जनपद वन उत्पाद’ योजना के अंतर्गत जनपद अमेठी को मूंज उत्पाद के लिए चयनित किए जाने की महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि मूंज से निर्मित हस्तशिल्प और पारंपरिक उत्पाद हमारी समृद्ध लोक कला और संस्कृति की पहचान हैं। इन उत्पादों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी।कार्यक्रम में उपस्थित मातृशक्ति को सम्मानित करते हुए उनके परिश्रम, कौशल और समाज निर्माण में उनके



महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि मूंज आधारित उत्पादों को बढ़ावा मिलने से क्षेत्र की महिलाओं को स्वरोजगार के नए अवसर मिलेंगे और ‘आत्मनिर्भर भारत’ की परिकल्पना को भी मजबूती मिलेगी।कार्यक्रम के अंत में सरिता देवी ने सभी महिलाओं को महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन्हें समाज और परिवार के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को और सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने कहा हम ऐसे देश में रहते हैं जहां महिलाओं को विशेष सम्मान प्राप्त है, पूरे विश्व में भारत ही एक ऐसा देश है सनातन ही एक ऐसा धर्म है जहां महिलाओं को देवी और लक्ष्मी की संज्ञा दी गई है जहां भगवान राम से पहले सीता और भगवान श्री कृष्ण से पहले राधा का नाम लिया जाता है। ऐसे में देश की समस्त मातृ शक्तियों को महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने निकाली जागरूकता रैली गोष्ठी आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार, बलरामपुर में गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा परिसर में जनजागरूकता रैली निकालकर महिलाओं के स्वास्थ्य, सशक्तिकरण और अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने की। उन्होंने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लगातार अभियान चला रहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला चिकित्सा कर्मियों और आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर रैली के माध्यम से महिला स्वास्थ्य और सशक्तिकरण का संदेश दिया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार शुक्ला, डॉ. मीनाक्षी चौधरी, डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, डॉ. बी.पी. सिंह, डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लाठी-डंडों से युवक पर हमला, जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** मड़ावरा थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम गोराकला निवासी रामश्याम पुत्र बलवंत लोधी ने मड़ावरा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2 मार्च 2026 की शाम करीब 7.20 बजे वह गोपाल लोधी की दुकान से सामान टेक्सी में लाद रहा था। इसी दौरान गांव के ही रामपाल, जितेंद्र, राजेश और रज्जन वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीडित के अनुसार आरोपियों ने मारपीट के दौरान उसकी टेक्सी का शीशा भी तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# नहर के पास मिली महिला की लाश, घर से थी लापता, भाई ने लगाया दहेज़ हत्या का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर** – कूरेभार थानाक्षेत्र के मुजेश गांव में एक नहर के पास एक महिला का शव मिला है। महिला की पहचान अयोध्या के बीकापुर थाना क्षेत्र के बेनीपुर निवासी दीप प्रकाश की पत्नी राधा के रूप में हुई है। राधा की एक तीन साल की बेटी है। महिला के भाई ने अपनी बहन की दहेज के लिए हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। अयोध्या के हैदरगंज थाना क्षेत्र के बैसूपाली निवासी धर्मेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी बहन राधा की शादी वर्ष 2020 में अयोध्या के बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के बेनीपुर निवासी दीप प्रकाश से हुई थी। धर्मेंद्र के अनुसार, शादी में उन्होंने अपने बहनोई को एक लाख रुपये नकद और एक बाइक सहित अन्य सामान उपहार स्वरूप दिया था।धर्मेंद्र ने आरोप लगाया कि शादी के कुछ समय बाद ही पति दीप प्रकाश, ससुर राम शब्द, सास, अजिया सास, देवरानी कविता, देवर जय प्रकाश, विकास और विवेक ने राधा को कम दहेज लाने का ताना देना शुरू कर दिया। वे उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे।पिछले साल अक्टूबर माह में दीप प्रकाश ने व्यापार के लिए राधा पर अपने पिता से तीन लाख रुपये मांगने का दबाव बनाया। जब राधा ने अपने पिता की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने का हवाला देते हुए और दहेज देने से इनकार किया, तो दीप प्रकाश और उसके परिवार के सदस्यों ने उसे आए दिन मारना-पीटना शुरू कर दिया।धर्मेंद्र ने बताया कि 7 मार्च 2026 को उनके बहनोई दीप प्रकाश ने फोन कर सूचना दी कि राधा घर से कहीं चली गई है। परिवार के सदस्यों ने राधा की तलाश शुरू की, लेकिन जब उसका कहीं पता नहीं चला, तो धर्मेंद्र ने बीकापुर कोतवाली थाने में राधा के गुम होने की सूचना दर्ज कराई।आज सुबह धर्मेंद्र को फोन पर सूचना मिली कि उनकी बहन का शव मुजेश स्थित नहर के किनारे लटका हुआ मिला है। धर्मेंद्र ने यह भी बताया कि उनकी बहन 2-3 माह की गर्भवती थी। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनकी बहन की हत्या उक्त लोगों ने की है।

## जल निकासी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से किया शिकायत

### ●आरसीसी सड़क के दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य को करवाने की मांग पर अड़े ग्रामीणयदि नवनिर्मित आरसीसी सड़क के दोनों तरफ नही हुआ नाली निर्माण कार्य तो होगा विशाल धरनाप्रदर्शनग्रामीणजिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जांच कर कार्रवाई करने का दिया निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केतहसील हरैया के अंतर्गत विकासखंड खण्ड कप्तानगंज के ग्राम पंचायत पगार में जल निकासी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने समाधान दिवस हरैया में जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्सना को ज्ञापन सौंपा और जिलाधिकारी से मांग किया कि मामले की तत्काल जांच कर आरसीसी सड़क के दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य कराये जाने का आदेश दिया जाएं जिससे ग्रामीणों को बरसात के दिनों में जल निकासी की समस्या का सामना न करना पड़े । आपको बताते चले कि ग्राम पंचायत पगार के ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गांव के चौराहे से पश्चिम जो रास्ता गांव मे जा रहा है। उस पर चौराहे से करीब 25 मीटर तक आर0सी0सी0 एवं उनके दोनों तरफ नाली का निर्माण हुआ है। वही से पूरे गांव का वर्षा का पानी का निकास होता है। और उसके आगे नाली का निर्माण नहीं है। गाव के कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ से जिला पचांयत निधि द्वारा 55 मीटर आर0सी0सी0 सड़क जबरन बनवा लिये हैं। बरसात के दिनों में वर्षा का पानी / गांव का पानी की निकासी बन्द हो गया है। जिससे बरसात के मौसम में पूरे गांव में जल जमाव हो जायेगा। गांव के कुछ लोग अपने स्वार्थ में आर0सी0सी0 सड़क बनवा लिये है। आर0सी0सी0 सड़क बन जाने के कारण गांव में पानी का निकासी बन्द हो गया है । ग्राम पंचायत पगार के विष्णु स्वरूप आपके कार्यालय में अर्दली के पोस्ट पर तैनात हैं जो अपने पद का दुरूपयोग करके आर0सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य करा लिये है। जो सही नहीं है। बिना दोनों साइड में नाली बनाये आर0सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है तो पूरे गांव में जल जमाव की समस्या खड़ी हो रही है। ग्रामीणों की मांग है कि उपरोक्त तथ्यों को देखते हुए नवनिर्मित आर0सी0सी0 सड़क के दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य कराया जाएं जिससे ग्रामीणों को बरसात के दिनों में जल जमाव की समस्या का सामना न करना पड़े और आवागमन सुचारू रूप से चला रहे । जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्सना को ज्ञापन देते समय क्षेत्र पंचायत सदस्य पगार राम वृक्ष, राधिका, शकुंतला, रज्जन, सुनीता, सरिता, गुड़िया ,खुशबू, दुर्गावती, गुड़िया देवी, मिट्ठू, झिनकान, राम तौल, संदीप आदि भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## पेट्रोल पंप कर्मी की संदिग्ध हालात में मौत:परिजनों ने शव रखकर किया प्रदर्शन, जांच की मांग

### ●पेट्रोल पंप परिसर में फिलहाल तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारी परिजनों और ग्रामीणों से बातचीत कर स्थिति को सामान्य करने का प्रयास कर रहे हैं।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती के हरदिया स्थित एक पेट्रोल पंप पर कार्यरत युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शनिवार को इस घटना के बाद मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर पेट्रोल पंप परिसर में शव रखकर प्रदर्शन किया। उन्होंने घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। युवक की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण पेट्रोल पंप पर जमा हो गए। उन्होंने शव को परिसर में रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिसमें मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग प्रमुख थी। प्रदर्शनकारियों ने पेट्रोल पंप प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए और मामले की सच्चाई सामने लाने की मांग की। उन्होंने प्रशासन से मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की अपील भी की। घटना की जानकारी मिलते ही शहर कोतवाल मोती चंद राजभर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को शांत कराने का प्रयास किया और उन्हें मामले की गहन जांच का आश्वासन दिया। पेट्रोल पंप परिसर में फिलहाल तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारी परिजनों और ग्रामीणों से बातचीत कर स्थिति को सामान्य करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रशासन ने पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### श्रीतुवन मंदिर में बहेगी भक्ति और साहित्य की त्रिवेणी, भव्य कवि सम्मेलन 11 को

**ललितपुर।** स्थानीय श्रीतुवन मंदिर प्रांगणग में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहने वाली है। मंदिर परिसर में सप्ताह ज्ञान यज्ञ के साथ-साथ सप्तदिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जो 8 मार्च 2026 से शुरू होकर 14 मार्च 2026 तक चलेगा। इस आयोजन के विशेष आकर्षण के रूप में 11 मार्च को सायं 6 बजे से एक विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण महोत्सव के अंतर्गत होने वाले इस सम्मेलन में देश के ख्यातिलब्ध रचनाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। सम्मेलन में काव्य पाठ के लिए मुख्य रूप से सुप्रसिद्ध गीतकार (इन्दौर) अमन अक्षर, हास्य कवि (मंदसौर) मुन्ना बैटरी, गीतकार (शिवपुरी)मनु वैशाली, गीता शुक्ला (बाराबंकी) शायर अभिसार, ओज कवि (गाजियाबाद) मोहित शौर्य संयोजन एवं संचालन करेंगे। जबकि कार्यक्रम का कुशल संचालन एड.मध्यम सक्सेना बरेली द्वारा किया जाएगा।

# संक्षिप्त खबरें

## दहेज हत्या के मामले में सास ससुर व पति को जेल भेजा

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली पुलिस ने रविवार को विवाहिता की दहेज हत्या के मामले में पति समेत सास ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शुक्रवार को गांव निवासिनी रिचा शर्मा (24) पत्नी गोलू और अंकित शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतका के भाई मोहित की तहरीर पर पुलिस ने पति अंकित शर्मा, सास सुमन शर्मा व ससुर अवधेश के दहेज हत्या का केस दर्ज किया। रविवार को पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि दहेज हत्या के तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

## होली मिलन समारोह के पंडाल से पूर्व प्रधान की बाइक उड़ाई

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के महेश नगर मोहल्ला में शनिवार की देर शाम को आयोजित होली मिलन समारोह कार्यक्रम के दौरान अज्ञात चोरो ने पूर्व प्रधान की बाइक उड़ा ली। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है आलमपुर ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान लालजी यादव ने बताया कि वह आयोजन में शरीक होने गए थे। पंडाल के बगल पार्किंग स्थल पर उन्होंने अपनी बाइक खड़ी कर कार्यक्रम देख रहे थे। लौट कर वापस आने पर खड़े किए गए स्थान से बाइक नदारत मिली। पुलिस आयोजन स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है।

## मारपीट कर जेब से रुपए निकालने का आरोप

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के गौरा रुपई निवासी युवक ने गांव के ही एक व्यक्ति पर जबरन जेब से रुपए निकालने का आरोप लगाया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। गांव निवासी आदित्य ने बताया कि रविवार की दोपहर को वह बाइक पर सवार होकर घर से अपनी की तरफ जा रहा था। तभी रास्ते में गांव के लिए एक व्यक्ति ने उसे रोक लिया और रुपए मांगने लगा। नहीं दिया तो जेब से जबरन निकाल लिया। विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए मारपीट की जान से मार डालने की धमकी दी।

## रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 3 लाख की ठगी




### ललितपुर पुलिस ने 6 पर दर्ज किया मुकदमा

**ललितपुर।** रेलवे विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। जालसाजों ने एक युवक को फर्जी आईडी कार्ड और नियुक्ति पत्र थमाकर 3 लाख रुपये हड़प लिए। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दो महिलाओं समेत छह आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आजादपुरा निवासी मुन्नालाल परिहार (70) ने बताया कि उनका परिचय ग्राम निबाई निवासी संतोष रानी से था, जहां वह काली माता की चौकी पर जाते थे। वहीं उनकी मुलाकात भूरेलाल और उसके पुत्र प्रमोद से हुई। आरोपियों ने मुन्नालाल को झांसा दिया कि उनके रिश्तेदार गब्बर सिंह राय की रेलवे विभाग में बड़ी पकड़ है और वह उनके नाती आर्यन की नौकरी लगवा सकते हैं। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने नौकरी के बदले 4.50 लाख रुपये की मांग की थी। मुन्नालाल ने आरोपियों के बताए अनुसार 1.45 लाख रुपये फोन-पे के माध्यम से वैभव कुमार के खाते में भेजे और 1.55 लाख रुपये नकद दिए। कुल 3 लाख रुपये लेने के बाद आरोपियों ने आर्यन के नाम का एक रेलवे आईडी कार्ड और कुछ दस्तावेज सौंप दिए। जब मुन्नालाल अपने नाती के साथ जॉइनिंग के लिए झांसी स्थित इलेक्ट्रिक ट्रिप शेड पहुंचे, तो वहां पता चला कि उन्हें दिए गए सभी दस्तावेज पूरी तरह फर्जी हैं। ठगी का एहसास होने पर जब उन्होंने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी। आरोप है कि पैसे मांगने पर गब्बर सिंह ने फोन पर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुन्नालाल की तहरीर पर संतोष रानी (निबाई), भूरेलाल, प्रमोद (गौना), गब्बर सिंह, वैभव कुमार (टीकमगढ़) और अनिकेत गिरी (ललितपुर) के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 352 और 351(3) के तहत केस दर्ज किया है।

# 11 केवी लाइन की चपेट में आया बंदर, दर्दनाक मौत; बिजली कर्मियों ने किया अंतिम संस्कार

स्वतंत्र प्रभात

**मलिहाबाद (लखनऊ)।** मलिहाबाद क्षेत्र के बख्तियार नगर में रविवार सुबह एक भावुक कर देने वाली घटना सामने आई, जहाँ बिजली विभाग के कर्मचारियों ने संवेदनशीलता और इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए करंट से मृत हुए बंदर का पूरे विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह लगभग साढ़े 8 बजे बख्तियार नगर में एक वयस्क काले मुंह वाला बंदर आम के पेड़ पर चढ़ा हुआ था। इसी दौरान वह पेड़ की एक पतली डाल पर चला गया, जो उसके वजन को सहन नहीं कर सकी। डाल टूटकर पास से गुजर रही 11 केवी बिजली लाइन से जा टकराई। जैसे ही डाल बिजली लाइन से सटी, बंदर करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना के कारण क्षेत्र के पुरवा फीडर की बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हो गई, जिससे आसपास के इलाकों में करीब दो घंटे तक बिजली बाधित रही। सूचना मिलते ही



बिजली विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुँची और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कार्य शुरू किया।

बिजली विभाग के लाइनमैन सुरेश तथा उनके सहयोगी अमित मौर्य, संजय , सुमित और प्रमोद ने मिलकर सावधानीपूर्वक बंदर के शव को 11 केवी लाइन से नीचे उतारा। इसके बाद सभी कर्मियों ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए बंदर का विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया। स्थानीय लोगों के अनुसार बिजली कर्मियों का यह कदम बेहद सराहनीय रहा। उन्होंने न केवल अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए बिजली व्यवस्था को दुरुस्त किया, बल्कि एक जीव के प्रति सम्मान और करुणा भी





दिखाई।

अंतिम संस्कार के बाद बिजली कर्मियों ने लाइन की मरम्मत कर पुरवा फीडर की बिजली आपूर्ति को तुरंत बहाल कर दिया, जिससे क्षेत्र में सामान्य स्थिति लौट आई। यह घटना दर्शाती है कि कर्तव्य के साथ-साथ मानवीय संवेदनाएं भी समाज में उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। बिजली कर्मियों की इस पहल ने स्थानीय लोगों का दिल जीत लिया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं ने निकाला मार्च, लगाए नारे

स्वतंत्र प्रभात

**बिसवां सीतापुर** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर वान्या फाउंडेशन की अगुवाई मे कस्बे के बाबा मंसाराम मंदिर के प्रांगण मे बड़ी संख्या मे महिलायो जमा हुई। वहां से हाथ मे स्लोगन लिखी तख्तिया हाथ मे लेकर महिलाओ की एकता जिंदाबाद,महिलाओ पर हिंसा बंद हो, बेटी बेटा एक समान,बाल विवाह बंद करो, महिला शक्ति जिंदाबाद के नारे लगाते हुए तहसील मुख्यालय होते हुए पांच नम्बर पानी टंकी तक लम्बा मार्च निकला। पानी टंकी पर नगर पालिका परिषद बिसवां के अध्यक्ष पुष्पू जायसवाल ने महिलाओ पर पुष्प वर्षा कर महिलाओ का स्वागत किया। वही पर मार्च सभा मे परिवर्तित हो गया। सभा को सम्बोधित करते हुए नगर पालिका के अध्यक्ष पुष्पू जायसवाल ने कहा शिक्षित महिला सशक्त समाज और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण मे सहायक है। नारी शक्ति के बिना सशक्त राष्ट्र की कल्पना नही की जा सकती। उन्होंने आगे कहा आज महिलाये प्रत्येक क्षेत्र मे अपने काम और संघर्ष के दम पर हर चुनौती से लड़ रही है। श्री जायसवाल ने आगे कहा हमे खुशी है वान्या




संस्था ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओ और बेटियों के विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

वही संस्था की सचिव रामलली पटेल ने कहा संस्था ग्रामीण उत्थान महिला सशक्तिकरण और बाल कल्याण के क्षेत्र मे निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी महिलाओ बच्चों और बुजुर्गो को मुख्यधारा से जोड़कर सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक मिले संस्था इसके लिए लगातार प्रयारत है। उपाध्यक्ष कमरुन निशा ने कहा आजादी के सात दशक बाद भी समाज मे आज भी बाल विवाह ,घरेलू हिंसा, कन्या की हत्या का समाना महिलाओ और बेटियों को करना पड़ रहा है। विजेता कनौजिया ने कहा दुःख इस बात का है कि आज भी बेटियों की गर्भ मे हत्या हो रही है कानून तो है लेकिन जागरूकता के आभाव मे यह घिनौना कृत्य आज भि जारी है। सभा को हरीशंकर गुप्ता, कांशीराम भार्गव, सुषमा भार्गव, फूलजहाँ बानो ने भि सम्बोधित किया।

इस अवसर पर रेशमा, नेहा वर्मा, निर्मला देवी अनिता देवी, रेनू, सरला सिंह, रामप्यारी, रामकुमारी, शांति, लेखरानी,प्रेम कली, रूपा, कुसमा, सरस्वती, मंतुना, गीता, उपेंद्र, सुनीता देवी, सरिता देवी, गोमती देवी, रिया शुक्ला, पिंकी यादव, स्वेता यादव,शीलू, आराध्या, रामप्रसाद होश राम, सलामा, दयाराम गौतम, शिवकुमार, अनूप कुमार, प्रियंका देवी, निर्मल यादव,पंकज भारतीय आदि सहित सैकड़ो की संख्या मे महिलाओ ने हिस्सा लिया।

# सीतापुर की बेटी नीतू वर्मा राष्ट्रीय नारी रत्न सम्मान से सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर देश की राजधानी दिल्ली के साई गार्डन में आयोजित एक भव्य राष्ट्रीय समारोह में जनपद सीतापुर की प्रतिभाशाली सामाजिक कार्यकर्ती नीतू वर्मा को 'राष्ट्रीय नारी रत्न सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा, सामाजिक सेवा और मानवीय सहयोग के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री रविंदर इंद्राज सिंह ने उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया। समारोह का आयोजन बाल युवा नारी जागृति मंच, दिल्ली द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से चयनित प्रतिभाशाली महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। सीतापुर जनपद के सिधौली क्षेत्र की निवासी नीतू वर्मा का जीवन संघर्ष, परिश्रम और सेवा भावना का प्रेरणादायी उदाहरण है। साधारण किसान परिवार में जन्मी नीतू वर्मा के पिता एक मेहनती किसान हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने शिक्षा के महत्व को समझते



हुए अपने जीवन को समाज सेवा और जनकल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने शिक्षाविद् एवं समाजसेवी आर. डी. वर्मा (गुरुजी) द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद सामाजिक सेवा संस्थान से निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की और अपने अथक प्रयासों के बल पर आज ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। नीतू वर्मा गुरुजी आर. डी. वर्मा के विचारों से अत्यंत प्रेरित हैं।

विशेष उल्लेखनीय बात यह है कि जिस संस्थान से उन्होंने शिक्षा प्राप्त कर अपने जीवन को नई दिशा दी, आज उसी संस्थान से जुड़कर वे आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही हैं। वे संस्थान को आर्थिक और शारीरिक सहयोग प्रदान करने के साथ ही निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों का मार्गदर्शन भी करती हैं, जिससे अनेक युवाओं को अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा मिल रही है। सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी संवेदनशीलता केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है। नीतू वर्मा समय-समय पर रक्तदान कर जरूरतमंदों की सहायता करती रही हैं, जिसके कारण उन्हें 'रक्त वीरांगना' के नाम से भी जाना जाता है। इसके अलावा वे दुर्घटना के शिकार मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने से लेकर आर्थिक सहायता पहुंचाने तक अनेक मानवीय कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं।

यह राष्ट्रीय सम्मान न केवल नीतू वर्मा के व्यक्तिगत परिश्रम, समर्पण और सेवा भावना का सम्मान है, बल्कि पूरे सीतापुर जनपद और सिधौली क्षेत्र के लिए भी गर्व का विषय है। उनका जीवन संघर्ष और समाज सेवा की भावना आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रही है।

# अप्रैल से जुलाई तक मिलेगी बड़ी राहत, यूपी के इन 40 करोड़ लोगों का खुद ब खुद बिजली बिल हो जाएगा कम

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** विद्युत नियामक आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड को कास्ट डाटा बुक का उल्लंघन करने के मामले में उपभोक्ताओं का पैसा वापस करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों में उल्लेख किया गया है कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के करीब एक लाख उपभोक्ताओं का 40 करोड रुपए वापस किया जाए। यह धनराशि बिजली विभाग को अप्रैल 2026 से जुलाई 2026 के बिजली बिलों में समायोजित करनी होगी बिजली विभाग ने कास्ट डाटा बुक की अनदेखी करते हुए बिजली उपभोक्ताओं से कनेक्शन का निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क लिया था। इस पूरे मामले को लेकर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष और केंद्र व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश वर्मा ने विद्युत नियामक आयोग का दरवाजा खटखटाया था। अधिक पैसा देने वाले उपभोक्ता भी इससे अंजान थे। मामला आयोग पहुंचा तो उपभोक्ताओं ने भी बिजली विभाग द्वारा अधिक कनेक्शन शुल्क लेने पर नाराजगी जताई थी। विद्युत नियामक आयोग में मामले की सुनवाई कई महीनों से चल रही थी इस पर विद्युत नियामक आयोग ने बिजली विभाग को निर्देश दिए हैं कि कास्ट डाटा



बुक के हिसाब से ही कनेक्शन शुल्क लिया जाए। कनेक्शन शुल्क के मुताबिक बिजली विभाग को सिंगल फेस का 2800 रुपये लेना चाहिए लेकिन बिजली विभाग के अभियंताओं ने 6,016 रुपए लिए। द्य इसी तरह थ्री फेस का 4,100 लेना चाहिए लेकिन बिजली विभाग ने 11,341 रुपए लिए। इस संबंध में बिजली अभियंताओं का तर्क है कि जो कंप्यूटर पर धनराशि आती है, वही अभियंता व काउंटर पर बैठा कर्मी काटता है। उसमें फेरबदल उच्च स्तर पर ही हो सकता है। इसमें अभियंता की कोई गलती नहीं है। वहीं बिजली विभाग अधिक कनेक्शन धनराशि देने वाले उपभोक्ता को शेष धनराशि बिल में समायोजित करेगी। वर्मा के मुताबिक इससे पहले भी बिजली विभाग ने कास्ट डाटा बुक के नियमों की अनदेखी की थी, तब बिजली विभाग को एक करोड़ 75 लाख रुपये वापस करने पड़े थे।

### क्या है कास्ट डाटा बुक

कष्ट डाटा बुक में बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं से जो बिजली के अलग-अलग मद का शुल्क लिया जाता है उसका उल्लेख होता है। इससे अतिरिक्त बिजली विभाग नहीं ले सकता। यह कास्ट डाटा बुक विद्युत नियामक आयोग द्वारा अभियंताओं व उपभोक्ताओं की आपत्तियां सुनने के बाद तैयार की जाती है। उसके आधार पर ही पूरे उत्तर प्रदेश में उपभोक्ताओं से हर मद का शुल्क लेने का नियम है।

## जनपद में कहीं भी किसी भी प्रकार की डीज़ल अथवा पेट्रोल की कोई समस्या अथवा शार्टेज नहीं - एडीएम




### जनपद में डीजल एवं पेट्रोल की सप्लाई सामान्य है

**रायबरेली:-** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया है कि जनपद में कहीं भी किसी भी प्रकार की डीज़ल अथवा पेट्रोल की कोई समस्या अथवा शार्टेज नहीं है । पूर्व की भांति जनपद में डीजल एवं पेट्रोल की सप्लाई सामान्य है , डिपो के अधिकारियों से वार्ता की गई है, कहीं कोई समस्या नहीं है । यदि किसी पम्प संचालक अथवा उसके स्टाफ़ द्वारा कोई भ्रामक सूचना प्रसारित की जाती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# महिला सशक्तिकरण में नारी की भूमिका महत्वपूर्ण: अमित यादव

स्वतंत्र प्रभात

**रायबरेली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विकास अधिकारी अमित यादव के नेतृत्व में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में किरण शुक्ला (सेवानिवृत्त प्राचार्य), साधना शर्मा (प्रधानाध्यापिका), दीपमाला तिवारी (भाजपा महिला उपाध्यक्ष), पुष्पा यादव (सभासद), रचना प्रियदर्शी (विकास अधिकारी) सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए किरण शुक्ला और साधना शर्मा ने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, उनका दुरुपयोग न करने तथा बच्चों की शिक्षा और संस्कारों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर अमित यादव ने



कहा कि जब एक नारी शिक्षित होती है तो वह एक परिवार को मजबूत बनाती है, लेकिन जब एक नारी सशक्त होती है तो वह पूरे समाज को सशक्त करने का कार्य करती है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए मनोरंजक खेलों का आयोजन भी किया गया एवं सभी महिलाओं को सम्मानित किया गया।

# जनपद सीतापुर की दो बेटियां 'राष्ट्रीय नारी रत्न सम्मान 2026' से सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर देश की राजधानी नई दिल्ली केसाई गार्डन में आयोजित एक भव्य राष्ट्रीय समारोह में जनपद सीतापुर की दो प्रतिभाशाली महिलाओं– पिंकी अरविंद प्रजापति और नीतू वर्मा– को 'राष्ट्रीय नारी रत्न सम्मान 2026 'से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

समारोह का आयोजन बाल युवा नारी जागृति मंच द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में किया गया था, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से चयनित महिलाओं को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यह प्रतिष्ठित सम्मान रविंदर इंद्राज सिंह (कैबिनेट मंत्री, दिल्ली सरकार) के करकमलों से प्रदान किया गया।

तहसील सिधौली क्षेत्र के टड़ई गांव की निवासी पिंकी अरविंद प्रजापति महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सेवा और साहित्यिक चेतना के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। वे पहल फाउंडेशन

की संयुक्त सचिव के रूप में समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों



के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ निःशुल्क सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र संचालित कर 100 से अधिक महिलाओं को रोजगार के योग्य बनाया है। इसके अलावा वे गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों की शिक्षा में सहायता कर समाज सेवा का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं। सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ वे साहित्यिक मंचों पर कविता पाठ के माध्यम से सामाजिक चेतना का संदेश भी देती हैं। वहीं सिधौली क्षेत्र के असेनिया गांव की निवासी नीतू वर्मा को शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। साधारण किसान परिवार में जन्मी नीतू वर्मा ने कठिन परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त कर अपनी अलग पहचान बनाई। उन्होंने शिक्षाविद् ऋ डी. वर्मा द्वारा संचालित स्वामी विवेकानन्द सामाजिक सेवा संस्थान से निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की और अपने परिश्रम के बल पर आज ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं।

नीतू वर्मा आज उसी संस्थान से जुड़कर आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रही हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को सहयोग प्रदान करती हैं। इसके साथ ही वे समय-समय पर रक्तदान कर जरूरतमंदों की सहायता भी करती रही हैं, जिसके कारण उन्हें 'रक्त वीरांगना' के रूप में भी जाना जाता है। जनपद सीतापुर की इन दोनों बेटियों को राष्ट्रीय स्तर पर मिला यह सम्मान पूरे जिले और सिधौली क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उनकी उपलब्धियाँ यह संदेश देती हैं कि समर्पण, सेवा भावना और दृढ़ संकल्प के साथ कार्य किया जाए तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। यह सम्मान निश्चित रूप से क्षेत्र की अन्य महिलाओं और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत।

# मिश्रिख नैमिषारण्य होली परिक्रमा मेला महोत्सव का भव्य शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात

**मिश्रिख, सीतापुर।** विश्व प्रसिद्ध नैमिषारण्य क्षेत्र में आयोजित होली परिक्रमा मेला महोत्सव का रविवार को भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल, नगर पालिका अध्यक्ष सीमा भार्गव, जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर तथा पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने विधिवत पूजन-अर्चन और दीप प्रज्वलित कर किया। शुभारंभ अवसर पर पूजन-अर्चन की विधि तीर्थ पुरोहित राहुल शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराई।

महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वहीं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के



अवसर पर आशा बहुओं को सम्मानित भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बीमारियों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए जादूगर के माध्यम से रोचक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसे लोगों ने काफी सराहा।

कार्यक्रम में आशा बहुएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। मेला परिसर में स्वयं सहायता समूह, कृषि विभाग, वन विभाग और स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए। इसके अलावा जिला कारागार में बंद बंदियों द्वारा बनाए गए मिट्टी के बर्तन, अचार और सब्जियों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र बनी रही। प्रभारी मंत्री सहित सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रतिभागियों की सराहना की। बताया गया कि मिश्रिख महोत्सव का आयोजन तीन दिनों तक चलेगा। इस दौरान देश के जाने-माने भजन गायक, फिल्मी कलाकार तथा कवि अपनी प्रस्तुतियां देंगे, जिससे श्रद्धालुओं और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन होगा।

# यूपी में कोई भी बच्चा न रहेगा पढ़ाई से वंचित, 'स्कूल चलो अभियान' होगा अधिक व्यापक

- अब तो कक्षा बदलने वाले बच्चों पर भी रहेगी नजर

**अभियान को अप्रैल से व्यापक तरीके से संचालित करने का संकल्प**

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित न रहे, इसके लिए इस बार 'स्कूल चलो अभियान' को और अधिक व्यापक रूप से चलाने की तैयारी की जा रही है। बेसिक और माध्यमिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने अधिकारियों और शिक्षकों को निर्देश दिए हैं कि अप्रैल से शुरू होने वाले अभियान में सिर्फ नए बच्चों के नामांकन पर ही नहीं, बल्कि कक्षा बदलने वाले विद्यार्थियों की पढ़ाई भी सुनिश्चित की जाए।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उन्होंने अधिकारियों और शिक्षकों से संकल्प लेने को कहा कि प्रदेश का कोई भी बालक या बालिका शिक्षा से बाहर न रहे। अभियान के दौरान यह भी पता लगाया जाए कि पांचवीं कक्षा पास करने वाले बच्चे छठी में प्रवेश ले रहे हैं या नहीं, आठवीं के बाद उनका दाखिला नौवीं में हो रहा है या नहीं और 12वीं के बाद छात्र आगे की पढ़ाई



जारी रख रहे हैं या नहीं।

कई बार छात्र एक कक्षा पास करने के बाद अगली कक्षा में प्रवेश नहीं लेते, जिससे उनकी पढ़ाई बीच में ही छूट जाती है। ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें दोबारा विद्यालय से जोड़ा जाएगा। इसके लिए बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के बीच बेहतर समन्वय भी सुनिश्चित किया जाएगा।

अभियान के तहत शिक्षकों और स्कूल प्रशासन को अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वे करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अप्रैल से हर बच्चा नियमित रूप से स्कूल पहुंचे। विभाग उम्मीद है कि इस पहल से प्रदेश में ड्रापआउट दर कम होगी। साथ ही प्राथमिक से लेकर माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर तक विद्यार्थियों की पढ़ाई का क्रम बना रहेगा। इससे विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और अधिक छात्र उच्च शिक्षा की ओर आगे बढ़ सकेंगे।

### माध्यमिक स्तर पर ड्रापआउट चिंताजनक

शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अनुसार प्रदेश में प्राथमिक स्तर (कक्षा पहली से पांचवीं) पर नामांकन दर 90.9 प्रतिशत है, जबकि ड्रापआउट दर करीब 1.9 प्रतिशत है। उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा छठी से आठवीं) पर नामांकन दर 90.3 प्रतिशत है। ड्रापआउट दर 5.2 प्रतिशत दर्ज की गई है। सबसे अधिक चिंता माध्यमिक स्तर पर है।

कक्षा आठवीं के बाद नामांकन दर घटकर 78.7 प्रतिशत रह जाती है और आगे माध्यमिक स्तर (नौंवी से 12वीं) पर यह 58.4 प्रतिशत तक रही। माध्यमिक स्तर पर ड्रापआउट दर 14.1 प्रतिशत है। विशेषज्ञों के अनुसार, आठवीं के बाद कई छात्र घरेलू आय में मदद के लिए पढ़ाई छोड़ देते हैं। ऐसे छात्रों को ध्यान में रखते हुए माध्यमिक स्तर पर पढ़ाई के साथ कौशल विकास से जुड़े रोजगारपरक कोर्स भी शुरू किए जा रहे हैं, ताकि वे पढ़ाई के साथ अपने कौशल को बढ़ाकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें।

# भारत की दहलीज पर विश्व विजय का सपना, जीत के जश्न की अभिलाषा

टी20 विश्व कप का फाइनल किसी भी क्रिकेट प्रेमी के लिए रोमांच का चरम क्षण होता है। जब मैदान पर दो मजबूत टीमें उतरती हैं तो सिर्फ खिलाड़ियों की क्षमता ही नहीं, बल्कि उनका धैर्य, रणनीति और आत्मविश्वास भी परीक्षा में होता है। आज अहमदाबाद के विशाल नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड आमने-सामने हैं। एक ओर भारतीय टीम लगातार दूसरी बार विश्व चैंपियन बनने का सपना लेकर मैदान में उतरेगी, तो दूसरी ओर न्यूजीलैंड पहली बार टी20 विश्व कप का ताज पहनने की उम्मीद के साथ पूरी ताकत लगाएगी।

भारत इस टूर्नामेंट में बेहद मजबूत और संतुलित टीम के रूप में सामने आया है। बल्लेबाजी से लेकर गेंदबाजी और फील्डिंग तक टीम का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है। भारतीय ओपनर्स ने कई मैचों में शानदार शुरुआत देकर टीम को मजबूत आधार दिया है। आक्रामक बल्लेबाजी ने विरोधी टीमों के गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाया है। यही वजह है कि भारत ने पूरे टूर्नामेंट में आत्मविश्वास के साथ मुकाबले जीते और फाइनल तक का सफर तय किया। हालांकि फाइनल का मुकाबला हमेशा अलग होता है। यहां एक छोटी सी गलती भी मैच का रुख बदल सकती है। अहमदाबाद की पिच और परिस्थितियां भी मैच में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। यहां हुए टी20 मैचों के आंकड़े बताते हैं कि 180 से ज्यादा का स्कोर चेज करना आसान नहीं रहा है। इसलिए टॉस का परिणाम भी काफी अहम साबित हो सकता है। टॉस जीतने वाली टीम पहले बल्लेबाजी करके बड़ा स्कोर खड़ा करना चाहेगी ताकि दबाव विरोधी टीम पर आ सके। भारतीय टीम की सबसे बड़ी ताकत उसका संतुलन है। बल्लेबाजी में आक्रामकता और गेंदबाजी में विविधता दोनों मौजूद हैं। टीम के युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण इसे और मजबूत बनाता है। ओपनिंग में अभिषेक जैसे खिलाड़ी तेजी से रन बनाकर विपक्षी टीम की रणनीति को बिगाड़ सकते हैं। वहीं मध्यक्रम भी किसी भी परिस्थिति में टीम को संभालने की क्षमता रखता है। गेंदबाजी में भारतीय टीम के पास तेज और स्पिन दोनों प्रकार के विकल्प हैं, जो न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों के लिए चुनौती बन सकते हैं। फिर भी न्यूजीलैंड को कभी हल्के में नहीं लिया जा सकता। क्रिकेट जगत में यह टीम अपनी अनुशासन और शांत स्वभाव के कारण जानी जाती है। उसे अक्सर 'साइलेंट किलर' कहा जाता है क्योंकि यह टीम बिना ज्यादा शोर किए बड़े-बड़े टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर देती है। कई बार ऐसा हुआ है कि न्यूजीलैंड ने मजबूत टीमों को चौंका दिया है। यही कारण है कि भारतीय टीम को फाइनल में पूरी सावधानी और एकाग्रता के साथ खेलना होगा। न्यूजीलैंड के ओपनर फिन एलन इस टूर्नामेंट में सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक बनकर उभरे हैं। उन्होंने तेज स्ट्राइक रेट के साथ कई शानदार पारियां खेली हैं। सेमीफाइनल में उनका शतक पूरे टूर्नामेंट की सबसे यादगार पारियों में से एक माना जा रहा है। एलन की बल्लेबाजी की खासियत यह है कि वे शुरुआत से ही आक्रामक खेलते हैं और गेंदबाजों को संभलने का मौका नहीं देते। यदि उन्हें शुरुआत में आउट नहीं किया गया तो वे मैच का रुख पलट सकते हैं। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र भी टीम के लिए बेहद अहम खिलाड़ी साबित हुए हैं। उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया है। मध्य ओवरों में उनकी स्पिन गेंदबाजी भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर सकती है। इसके अलावा उनका बल्लेबाजी में योगदान भी टीम को मजबूती देता है। रचिन का शांत स्वभाव और समझदारी भरा खेल न्यूजीलैंड के लिए बड़ी ताकत है। कप्तान मिचेल सैंटनर भी टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे एक अनुभवी खिलाड़ी हैं और परिस्थितियों के अनुसार गेंदबाजी को बदलने की क्षमता रखते हैं। उनकी किफायती गेंदबाजी विरोधी टीम को खुलकर खेलने नहीं देती। इसके साथ ही जरूरत पड़ने पर वे बल्लेबाजी में भी उपयोगी योगदान दे सकते हैं। तेज गेंदबाज मैट हेनरी न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण की रीढ़ माने जाते हैं। उनकी स्विंग और सटीक लाइन-लेंथ बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें पैदा कर सकती है। खासकर नई गेंद से वे शुरुआती विकेट लेकर मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं। भारतीय शीर्ष क्रम को इनके खिलाफ सावधानी से खेलना होगा। इसके अलावा टिम साइफर्ट भी शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने इस टूर्नामेंट में कई उपयोगी पारियां खेलकर न्यूजीलैंड को मजबूत शुरुआत दिलाई है। उनका आक्रामक अंदाज और तेजी से रन बनाने की क्षमता भारतीय गेंदबाजों के लिए चुनौती बन सकती है। यदि साइफर्ट और एलन की जोड़ी चल गई तो मैच रोमांचक हो सकता है। हालांकि इन सबके बावजूद भारतीय टीम कई मायनों में न्यूजीलैंड से मजबूत नजर आती है। भारत के बल्लेबाज बड़े मैचों में दबाव को संभालने की क्षमता रखते हैं। इसके साथ ही घरेलू परिस्थितियों का फायदा भी टीम को मिल सकता है। दर्शकों का समर्थन भी भारतीय खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को बढ़ाएगा। भारत के खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में जिस तरह का आत्मविश्वास और आक्रामकता दिखाई है, वह इस फाइनल में भी निर्णायक साबित हो सकती है। टीम इंडिया के खिलाड़ी जानते हैं कि यह सिर्फ एक मैच नहीं बल्कि इतिहास रचने का मौका है। लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप जीतना किसी भी टीम के लिए बड़ी उपलब्धि होगी और भारतीय टीम इस गौरव को हासिल करने के लिए पूरी ताकत झोंक देगी। फाइनल मुकाबले का रोमांच इसलिए भी खास है क्योंकि दोनों टीमें अलग-अलग शैली की क्रिकेट खेलती हैं। भारत जहां आक्रामक और आत्मविश्वास से भरी क्रिकेट खेलता है, वहीं न्यूजीलैंड शांत और रणनीतिक खेल के लिए जाना जाता है। यही विरोधाभास इस मैच को और भी रोचक बना देता है। आज शाम जब अहमदाबाद के मैदान पर दोनों टीमें उतरेंगी तो करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों की नजरें इस मुकाबले पर टिकी होंगी। हर भारतीय प्रशंसक यही चाहता है कि एक बार फिर जीत का जश्न मनाने का मौका मिले और टीम इंडिया विश्व क्रिकेट के शिखर पर अपनी बादशाहत कायम रखे। अगर खिलाड़ी अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन करते हैं तो भारत के लिए इतिहास रचना बिल्कुल संभव है। अब इंतजार सिर्फ उस पल का है जब मैच की पहली गेंद डाली जाएगी और विश्व क्रिकेट को उसका नया चैंपियन मिलेगा। भारत के पास मौका है कि वह अपनी श्रेष्ठता साबित करे और एक बार फिर दुनिया को दिखा दे कि क्रिकेट के इस सबसे छोटे लेकिन रोमांचक प्रारूप में भी उसकी बादशाहत कायम है।

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## शिक्षित, आत्मनिर्भर नारी भारत का गौरवशाली, उज्जवल भविष्य

**(नारी शक्ति देश की ऊर्जा )**

आज स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है ।नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई हैद्य वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या बेटा। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी मैं ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था । इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है। नारी के उत्थान में कई कुप्रथा कुठाराघात करती रही हैं, जो नारी के विकास में बाधा बनकर सामने आई थी इनमें बाल विवाह सबसे बड़ा अवरोध बना था और इसी का प्रतिफल है कि नारी पुरुष के समाज में काफी पिछड़ गई थी। महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित -प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है. उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है। समय के परिवर्तन के साथ साथ नारी का महत्व अब पूरे तौर पर समझा जा रहा है आज समाज तथा देश में नारियां सर्वोत्कृष्ट कार्य कर रही है। समाज हो या विज्ञान या राजनीति अथवा समाज सेवा संपूर्ण क्षेत्र में आज नारियां पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है। मैडम क्यूरी, कल्पना चावला, इंदिरा गांधी, श्रीमति भंडार नायके, सरोजनी नायडू, कस्तूरबा गांधी जैसी महिलाएं राष्ट्र का मार्गदर्शन करने का काम करती रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि जब तक भारत की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में काम नहीं करेगी तब तक भारत का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। आज का सबसे ताजा उदाहरण कॉमनवेल्थ गेम में महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में प्रवेश किया है और गोल्ड मेडल की तालिका में साक्षी मलिक बहनो, फोगाट बहनों ने विश्व में भारत का नाम ऊंचा किया है। पी वी संधू, वित्त मंत्री सीतारमण स्मृति ईरानी और मंत्रिमंडल में शामिल महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं। और सबसे ताजा उदाहरण भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने महिला होकर महिलाओं का नाम राष्ट्र की प्रथम पंक्ति में दर्ज कर देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद को सुशोभित किया है। उन्होंने भारत के लिए एक स्वर्णिम इतिहास भी बनाया है।अब भारत में नारियों की स्थिति प्रथम पंक्ति में मानी जाती है। ऐसे में भारत में नारी शिक्षा, उनकी सहभागिता तथा उनकी आत्म निर्भरता भारत के भविष्य की शक्तिशाली ऊर्जा एवं संपत्ति ही होगी। भारत की नारियों को नमन, प्रणाम एवं अभिनंदन।

**संजीव ठाकुर**

# संस्थागत संस्कृति के सामने खड़ा सियासी व्यवहार का प्रश्न

**[ संवैधानिक शिष्टाचार की कसौटी पर खड़ी समकालीन राजनीति ]**

**[ लोकतांत्रिक परंपराओं के सामने खड़ी अधीर और आक्रामक राजनीति ]**

लोकतंत्र केवल चुनावों और सत्ता परिवर्तन की औपचारिक प्रक्रिया का नाम नहीं है; यह सम्मान, मर्यादा और संस्थागत गरिमा की उस सूक्ष्म परंपरा पर आधारित व्यवस्था है जो शासन को स्थायित्व और विश्वसनीयता प्रदान करती है। जब इस परंपरा में जरा-सी भी दरार पड़ती है, तब कोई सामान्य-सी घटना भी राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र बन जाती है। पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से जुड़ा हालिया विवाद इसी प्रकार का प्रसंग है, जिसने भारतीय लोकतंत्र के सामने एक गंभीर प्रश्न खड़ा कर दिया है—क्या तीव्र होती राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के बीच संवैधानिक पदों के प्रति सम्मान धीरे-धीरे केवल औपचारिकता बनकर रह गया है? राष्ट्रपति के मंच से व्यक्त हुए कुछ भावुक शब्दों ने पूरे देश को यह सोचने पर विवश कर दिया कि प्रोटोकॉल महज़ नियमों का संकलन नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा और उसकी गरिमा को सुरक्षित रखने वाला आवश्यक अनुशासन है।

संविधान की सबसे गहरी शक्ति उसकी संस्थाओं की गरिमा में निहित होती है और उन संस्थाओं में राष्ट्रपति का पद राष्ट्र की सर्वोच्च मर्यादा और एकता का जीवंत प्रतीक माना जाता है। इसलिए राष्ट्रपति को केवल एक औपचारिक पद के रूप में देखना संविधान की भावना को सीमित कर देना होगा। जब इस पद पर आसीन व्यक्ति सार्वजनिक मंच से यह अनुभव व्यक्त करे कि उसे उसके पद के अनुरूप सम्मान नहीं मिला, तो यह महज़ व्यक्तिगत असहजता का प्रसंग नहीं रह जाता। यह उस संवैधानिक संस्कृति की परीक्षा बन जाता है जिस पर भारत जैसे विशाल लोकतंत्र की नींव टिकी है। किसी भी राज्य की सरकार, चाहे वह किसी भी दल की क्यों न हो, उसके लिए यह अनिवार्य है कि वह राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर राष्ट्र की संस्थाओं का सम्मान बनाए रखे। क्योंकि जब संस्थाओं के प्रति आदर कम होने लगता है, तब अंततः लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता भी धीरे-धीरे क्षीण पड़ने लगती है।

आदिवासी समाज की संवेदनशीलता इस घटना का उतना ही महत्वपूर्ण पक्ष है। भारत के आदिवासी समुदाय सदियों से अपनी पहचान और सांस्कृतिक सम्मान के लिए संघर्ष करते रहे हैं। ऐसे में जब देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति किसी सांस्कृतिक आयोजन में पहुंचती हैं, तो वह केवल एक कार्यक्रम नहीं रहता, बल्कि प्रतीकात्मक रूप से पूरे समुदाय के आत्मसम्मान का उत्सव बन जाता है। यदि उस अवसर पर किसी प्रकार की प्रशासनिक लापरवाही या प्रोटोकॉल की कमी का आरोप लगे, तो स्वाभाविक है कि यह पीड़ा अधिक गहरी महसूस होती है। इसलिए राष्ट्रपति के शब्दों में जो भावुकता दिखाई दी, वह केवल व्यक्तिगत अनुभव नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक संवेदनशीलता का प्रतिबिंब भी थी जो आदिवासी समाज से जुड़ी है।

आज की राजनीति की एक बड़ी विडंबना यह बन गई है कि लगभग हर घटना को तुरंत राजनीतिक दृष्टि से परखा जाने लगता है। राष्ट्रपति की टिप्पणी सामने आते ही राजनीतिक प्रतिक्रियाओं का तूफान उठना स्वाभाविक था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे गंभीर विषय बताते हुए संवैधानिक गरिमा का प्रश्न बताया, जबकि दूसरी ओर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इन आरोपों को राजनीतिक षड्यंत्र करार दिया। लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक होते हैं, लेकिन समस्या तब उत्पन्न होती है जब संवैधानिक संस्थाएं भी राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का हिस्सा बनने लगती हैं। तब वास्तविक मुद्दा—संस्थाओं की प्रतिष्ठा—पृष्ठभूमि में चला जाता है और चर्चा केवल दलगत हितों तक सीमित रह जाती है।

प्रोटोकॉल को अक्सर महज औपचारिकता समझ लिया जाता है, जबकि उसका असली महत्व उसके संदेश में छिपा होता है। जब किसी राज्य में राष्ट्रपति का स्वागत मुख्यमंत्री या वरिष्ठ मंत्री करते हैं, तो वह केवल एक स्वागत समारोह नहीं होता; यह उस राज्य की ओर से राष्ट्र की सर्वोच्च संस्था के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति होता है। यदि यह परंपरा टूटती है, तो जनता के मन में यह संदेश जाता है कि राजनीतिक असहमति संस्थागत मर्यादा से भी बड़ी हो गई है। यह स्थिति किसी भी लोकतंत्र के लिए स्वस्थ नहीं कही जा सकती, क्योंकि जब संस्थाओं के प्रति सम्मान धीरे-धीरे कम होने लगता है, तो व्यवस्था की विश्वसनीयता भी प्रभावित होने लगती है।

इस पूरे विवाद ने एक बेहद महत्वपूर्ण और चिंताजनक प्रश्न को सामने ला खड़ा किया है—क्या हमारे लोकतंत्र में संवाद और संवेदनशीलता की जगह धीरे-धीरे कम होती जा रही है? यदि किसी प्रशासनिक कारण से कोई कार्यक्रम अपने मूल स्वरूप में आयोजित नहीं हो पाया, तो उसे स्पष्ट और संयमित संवाद के माध्यम से सहजता से समझाया जा सकता था। लेकिन जब संवाद की जगह आरोप-प्रत्यारोप ले लेते हैं, तो छोटा सा मतभेद भी गहरे विवाद का रूप ले लेता है। दरअसल लोकतंत्र की असली ताकत इसी में निहित होती है कि वह मतभेदों और असहमतियों के बावजूद संवाद के दरवाजे खुले रखता है। यदि यह रास्ता संकुचित होने लगे, तो राजनीतिक टकराव अनावश्यक रूप से तीखे और कटु हो जाते हैं, और उसके साथ-साथ लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा भी प्रभावित होने लगती है।

इस पूरे प्रसंग को केवल एक राजनीतिक विवाद मानकर छोड़ देना पर्याप्त नहीं होगा। दरअसल इसे उस चेतावनी के रूप में देखना चाहिए जो लोकतंत्र समय-समय पर अपने आचरण के माध्यम से देता है। संविधान की संस्थाएं तभी वास्तव में मजबूत और विश्वसनीय बनती हैं, जब उनके प्रति व्यवहार में सम्मान, संयम और संतुलन स्पष्ट दिखाई दे। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या कोई भी संवैधानिक पद– इन सबकी गरिमा केवल संविधान की किताब में नहीं बल्कि वह राजनीतिक आचरण और सार्वजनिक व्यवहार में भी प्रतिबिंबित होनी चाहिए। यदि यह आचरण कमजोर पड़ता है, तो धीरे-धीरे संस्थागत विश्वास भी कम होने लगता है। इसलिए आवश्यक है कि सभी राजनीतिक दल इस घटना से सबक लें और भविष्य में ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न न हों, इसके लिए अधिक संवेदनशील और जिम्मेदार व्यवहार का प्रयास करें। लोकतंत्र की असली कसौटी सत्ता की जीत-हार में नहीं, बल्कि संस्थाओं के प्रति निभाई जाने वाली सामूहिक जिम्मेदारी में छिपी होती है। राजनीतिक दल आते-जाते रहते हैं, लेकिन संस्थाएं स्थायी होती हैं और उनका सम्मान ही राष्ट्र की स्थिरता का आधार बनता है। पश्चिम बंगाल की यह घटना चाहे जिस कारण से हुई हो, उसने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि संवैधानिक पदों की गरिमा से जुड़ी छोटी-सी चूक भी राष्ट्रीय बहस का विषय बन सकती है। इसलिए राजनीति की तीखी धूप के बीच भी लोकतंत्र की यह मर्यादा सुरक्षित रहनी चाहिए—क्योंकि जब संस्थाओं का सम्मान अक्षुण्ण रहता है, तभी लोकतंत्र वास्तव में मजबूत, संतुलित और विश्वसनीय बन पाता है।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# लापता होते बचपन की भयावह तस्वीर और समाज प्रशासन की जिम्मेदारी

भारत में बच्चों के लापता होने की बढ़ती घटनाएं आज पूरे समाज के सामने एक गंभीर और चिंताजनक चुनौती के रूप में खड़ी हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 1 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2026 के बीच देश में कुल 33577 बच्चे लापता हुए। यह आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं है बल्कि हजारों परिवारों के दर्द चिंता और अनिश्चितता की कहानी है। इन बच्चों में से 7777 बच्चों का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। यह स्थिति बताती है कि बच्चों की सुरक्षा के लिए हमारी व्यवस्था और सामाजिक जागरूकता दोनों को और मजबूत बनाने की आवश्यकता है।

इस रिपोर्ट में सबसे ज्यादा चिंताजनक स्थिति पश्चिम बंगाल की है जहां 19145 बच्चे लापता हुए। इनमें से 15465 बच्चों को ढूंढ लिया गया लेकिन 3680 बच्चे अभी भी लापता हैं। दूसरे स्थान पर मध्य प्रदेश है जहां 4256 बच्चे गायब हुए और 1059 बच्चों का अब तक कोई पता नहीं चल पाया। हरियाणा के आंकड़े भी चिंता बढ़ाने वाले हैं जहां 2209 बच्चे लापता हुए और 353 बच्चों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला। इन आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि बच्चों की सुरक्षा का मुद्दा केवल किसी एक राज्य का नहीं बल्कि पूरे देश की सामूहिक चिंता का विषय बन चुका है।

कुछ राज्यों में स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर दिखाई देती है। नागालैंड अरुणाचल प्रदेश मणिपुर त्रिपुरा गुजरात लक्षद्वीप और दादरा एवं नगर हवेली जैसे क्षेत्रों में बच्चों के लापता होने का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ। यह तथ्य इस बात की ओर संकेत करता है कि जहां समाज सतर्क है और प्रशासन सक्रिय है वहां ऐसी घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। हालांकि कई राज्यों में बरामद बच्चों की संख्या अधिक होने का कारण यह भी है कि वहां दूसरे राज्यों के बच्चे भी पाए गए। लापता बच्चों के पीछे कई कारण हो सकते हैं। कई बच्चे पारिवारिक विवाद या गुस्से में घर छोड़ देते हैं। कुछ बच्चे गलत संगत में पड़ जाते हैं। वहीं कई मामलों में मानव तस्करी और बच्चों को अगवा करने वाले गिरोह भी सक्रिय रहते हैं। यही कारण है कि ऐसे मामलों को केवल एक सामान्य घटना समझकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कई बार बच्चों को मजदूरी अपराध या अन्य अवैध गतिविधियों में धकेल दिया जाता है जिससे उनका पूरा भविष्य अंधकार में चला जाता है। समाचारों में सामने आए कुछ उदाहरण इस दर्दनाक सच्चाई को और गहरा कर देते हैं। हरियाणा के अंबाला की 14 वर्षीय लड़की 8 जनवरी को अपनी सहेली के घर जाने की बात कहकर घर से निकली थी लेकिन वह वापस नहीं लौटी। बस स्टैंड की सीसीटीवी फुटेज में उसे जाते हुए देखा गया लेकिन उसके बाद उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसी तरह अंबाला कैंट की एक लड़की परिवार से नाराज होकर घर से निकली और अभी तक वापस नहीं लौटी। परिवार अपनी बेटी के लौटने का इंतजार कर रहा है और पिता शहर में पर्चे बांटकर लोगों से जानकारी देने की अपील कर रहे हैं। ऐसे मामलों में परिवार की पीड़ा को शब्दों में व्यक्त करना मुश्किल होता है।

हाल ही में मध्य प्रदेश के झाबुआ में भी एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई जहां साढ़े तीन साल की एक मासूम बच्ची बाजार से अचानक लापता हो गई। सीसीटीवी फुटेज में वह एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति और एक महिला के साथ दिखाई दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है लेकिन यह घटना बताती है कि बच्चों की सुरक्षा के लिए कितनी सतर्कता आवश्यक है। आजकल सोशल मीडिया और इंटरनेट पर ऐसे कई वीडियो सामने आ रहे हैं जिनमें बच्चों को अगवा करने वाले गिरोहों की गतिविधियों के बारे में जानकारी मिलती है। हालांकि हर वीडियो सही नहीं होता लेकिन कई मामलों में यह सच भी साबित हुआ है कि बच्चों को चोरी करने वाले गिरोह सक्रिय हैं। ऐसे गिरोह बच्चों को निशाना बनाकर उन्हें अगवा कर लेते हैं और फिर उन्हें दूसरे राज्यों में ले जाकर बेचने या अवैध कामों में इस्तेमाल करने की कोशिश करते हैं। यह केवल कानून का नहीं बल्कि मानवता का भी बड़ा अपराध है। इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए पुलिस और प्रशासन को और अधिक सख्ती से काम करना होगा। लापता बच्चों के मामलों में तुरंत कार्रवाई होना जरूरी है। हर जिले में विशेष टीम बनाई जानी चाहिए जो ऐसे मामलों की जांच करे। सीसीटीवी कैमरों का नेटवर्क मजबूत किया जाए और बस स्टैंड रेलवे स्टेशन बाजार और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए। इसके साथ ही पुलिस को बच्चों को चुराने वाले गिरोहों के खिलाफ बड़े स्तर पर अभियान चलाना चाहिए। जब तक पुलिस ऐसे गिरोहों को पकड़कर जेल में नहीं डालेगी तब तक यह सिलसिला पूरी तरह खत्म नहीं होगा। अपराधियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए ताकि समाज में एक मजबूत संदेश जाए कि बच्चों के खिलाफ अपराध करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। इसके साथ ही पुलिस को दूसरे राज्यों के साथ समन्वय बनाकर भी काम करना चाहिए क्योंकि कई मामलों में बच्चों को एक राज्य से दूसरे राज्य में ले जाया जाता है।

# नीतीश कुमार होना आसान नहीं है

भारतीय राजनीति के फलक पर नीतीश कुमार एक ऐसी पहेली हैं, जिसे सुलझाने का दावा हर कोई करता है, लेकिन पूरी तरह कोई समझ नहीं पाता। एक ऐसा नेता, जिसके पास लालू प्रसाद यादव जैसा नैसर्गिक करिश्मा नहीं है, न ही उनके पास भाजपा जैसा विशाल सांगठनिक ढांचा है, फिर भी वह साल-दर-साल बिहार की सत्ता की धुरी बने हुए हैं। यह राजनीतिक उत्तरजीविता का ऐसा उदाहरण है, जो राजनीति विज्ञान के छात्रों के लिए किसी शोध से कम नहीं। नीतीश कुमार के व्यक्तित्व को समझने के लिए हमें उस दौर में पीछे जाना होगा, जब बिहार 'जंगलराज' के तमगे से जूझ रहा था। 2005 में जब उन्होंने सत्ता संभाली, तो उनके सामने एक ऐसा राज्य था जिसकी सड़कें गायब थीं, जहां शाम ढलते ही लोग घरों में दुबक जाते थे और जहां विकास की परिभाषा केवल सरकारी विज्ञापनों तक सीमित थी। उस समय नीतीश कुमार ने 'सुशासन बाबू' की जो छवि गढ़ी, वह रातों-रात नहीं बनी थी। उसके पीछे दशकों का संघर्ष और समाजवाद की वह विचारधारा थी, जिसे उन्होंने राम मनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण से सीखा था। नीतीश कुमार होना इसलिए कठिन है क्योंकि उन्हें हर कदम पर एक संतुलन साधना पड़ता है एक तरफ अपनी समाजवादी साख बचाए रखने की चुनौती और दूसरी तरफ सत्ता के समीकरणों को साधने की मजबूरी।

उनकी राजनीति का सबसे दिलचस्प और विवादित पहलू उनका पाला बदलना रहा है। आलोचक उन्हें 'पलटू राम' कहते हैं, लेकिन अगर इसे गहराई से देखें, तो यह एक ऐसे नेता की छटपटाहट भी हो सकती है जो अपने एजेंडे को लागू करने के लिए किसी भी हद तक समझौता करने को तैयार है। क्या यह सत्ता का लालच है या बिहार के विकास की मजबूरी? इस पर बहस अंतहीन हो सकती है, लेकिन एक सच यह भी है कि नीतीश कुमार ने कभी भी अपनी व्यक्तिगत ईमानदारी और छवि पर दाग नहीं लगने दिया। भारतीय राजनीति में जहां भ्रष्टाचार एक सामान्य शिष्टाचार बन गया हो, वहां एक मुख्यमंत्री का बेदाग बने रहना वाकई आसान नहीं है। उनकी ताकत उनके वोट बैंक में नहीं, बल्कि उनकी कार्यशैली में रही है। उन्होंने बिहार में एक नया वर्ग तैयार किया 'मौन मतदाता'। इसमें महिलाएं और अति पिछड़े वर्ग शामिल हैं। जब नीतीश ने लड़कियों को साइकिल दी, तो वह केवल एक वाहन नहीं था, वह बिहार की आधी आबादी के लिए आजादी का परवाना था। सड़क पर साइकिल चलाती उन लड़कियों ने बिहार के सामाजिक ढांचे को बदल दिया। नीतीश कुमार को पता था कि अगर उन्हें बड़े जनाधार वाले नेताओं से लड़ना है, तो उन्हें समाज के उन हिस्सों तक पहुंचना होगा जिन्हें अब तक राजनीति में केवल 'नंबर' समझा जाता था।

नीतीश कुमार का शासन मॉडल अक्सर नौकरशाही पर बहुत अधिक निर्भर रहा है। उनके बारे में कहा जाता है कि वे राजनेताओं से ज्यादा अफसरों पर भरोसा करते हैं। यह उनकी ताकत भी रही और कमजोरी भी। ताकत इसलिए क्योंकि इसने योजनाओं को धरातल पर उतारने में मदद की, और कमजोरी इसलिए क्योंकि इसने उन्हें अपनी ही पार्टी के नेताओं से दूर कर दिया। एक अकेला नेता जो अपनी शर्तों पर सरकार चलाना चाहता है, उसके लिए गठबंधन की राजनीति किसी जलती हुई मोमबत्ती को दोनों सिरों से पकड़ने जैसा है। कभी भाजपा का हिंदुत्व, तो कभी राजद का 'माय' समीकरण इन दो पाटों के बीच अपनी 'धर्मनिरपेक्ष' और 'विकासवादी' छवि को बचाए रखना किसी बाजीगर का ही काम हो सकता है। नीतीश कुमार ने बिहार को बिजली दी, सड़कें दीं और शराबबंदी जैसा साहसी (भले ही विवादास्पद) फैसला लिया। शराबबंदी के पीछे का तर्क विशुद्ध रूप से सामाजिक था, जो उनके महिला वोट बैंक को मजबूती देता था। हालांकि, इसके क्रियान्वयन में हुई विफलताओं ने उनकी प्रशासनिक साख पर सवाल भी उठाए, लेकिन नीतीश अपनी जिद पर अड़े रहे। यह जिद ही उन्हें खास बनाती है और यही उनके लिए मुश्किलें भी खड़ी करती है। नीतीश कुमार के राजनीतिक सफर का एक और पहलू उनकी 'तन्हाई' है। वे एक ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिनके पास अपनी पार्टी जेडीयू के भीतर भी कोई स्पष्ट उत्तराधिकारी नहीं है। वे एक ऐसे बरगद के पेड़ की तरह हैं जिसकी छाया तो बहुत है, लेकिन उसके नीचे दूसरा कोई पौधा नहीं पनप पाया। यह स्थिति एक नेता के लिए असुरक्षा का कारण भी बन सकती है और उसकी अपरिहार्यता का प्रमाण भी। आज के दौर में जब राजनीति सोशल मीडिया के शोर और इवेंट मैनेजमेंट से चलती है, नीतीश कुमार अभी भी पुराने ढर्रे की उस गंभीर राजनीति में विश्वास रखते हैं जहां फाइलों का अध्ययन और आंकड़ों की बाजीगरी प्राथमिक होती है। वे एक 'मैकेनिकल इंजीनियर' हैं और उनकी राजनीति में भी वही इंजीनियरिंग साफ दिखती है। वे जानते हैं कि किस पुर्जे को कब और कहां फिट करना है ताकि सत्ता की मशीन चलती रहे। लेकिन इस मशीन को चलाने की कीमत उन्हें अपनी साख की अस्थिरता से चुकानी पड़ी है। जनता के बीच उनकी विश्वसनीयता का ग्राफ कभी ऊपर तो कभी नीचे जाता रहा है, फिर भी वे प्रासंगिक बने रहे।

नीतीश कुमार होना इसलिए भी मुश्किल है क्योंकि उनके ऊपर हमेशा एक 'बड़े भाई' की छाया रही है। कभी वह छाया लालू प्रसाद यादव की थी, तो कभी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की। इस छाया से बाहर निकलकर अपनी स्वतंत्र पहचान बनाए रखना और यह सुनिश्चित करना कि बिहार की बागडोर उन्हीं के हाथ में रहे, एक निरंतर चलने वाला युद्ध है। उन्होंने बिहार को उस हीन भावना से बाहर निकाला जो 90 के दशक के अंत में घर कर गई थी। उन्होंने 'बिहार गौरव' की बात की, प्रवासी बिहारियों को वापस आने का न्योता दिया और राज्य के बजट को कई गुना बढ़ाया। लेकिन इन सबके बावजूद, पलायन और बेरोजगारी जैसे राक्षसों को वे पूरी तरह काबू नहीं कर पाए। यह उनकी राजनीति की एक दुखद विडंबना है कि जिस राज्य को उन्होंने विकास की पटरी पर दौड़ाने की कोशिश की, वहां का युवा आज भी रोजगार के लिए दूसरे राज्यों की ओर देखने को मजबूर है। एक मुख्यमंत्री के रूप में इस विफलता का बोझ ढोना और फिर भी यह कहना कि 'सब ठीक है,' वाकई आसान नहीं है। अक्सर यह सवाल उठता है कि नीतीश कुमार का अंतिम लक्ष्य क्या है? क्या वे प्रधानमंत्री बनना चाहते थे? या वे केवल बिहार के इतिहास में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में दर्ज कराना चाहते हैं? उनकी महत्वाकांक्षाएं हमेशा उनके चेहरे की झुर्रियों और उनकी नपी-तुली बातों के पीछे छिपी रहती हैं। वे एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो अपने पत्ते तभी खोलते हैं जब सामने वाला अपनी चाल चल चुका होता है। उनकी यह अनिश्चितता उनके सहयोगियों के लिए डरावनी और विरोधियों के लिए चुनौतीपूर्ण होती है। नीतीश कुमार ने बिहार की राजनीति को 'जाति' से निकालकर 'जमात' और 'विकास' की ओर ले जाने की कोशिश की, लेकिन अंततः उन्हें भी जातिगत जनगणना जैसे हथियारों का सहारा लेना पड़ा। यह इस बात का प्रमाण है कि जमीन की हकीकतें कितनी भी आदर्शवादी राजनीति को घुटने टेकने पर मजबूर कर सकती हैं।

नीतीश कुमार के व्यक्तित्व का एक और महत्वपूर्ण हिस्सा उनका व्यक्तिगत संयम है। वे चकाचौंध से दूर रहते हैं, उनका परिवार राजनीति से कोसों दूर है और वे अपनी निजी जिंदगी को बहुत गोपनीय रखते हैं। भारतीय राजनीति के इस दौर में, जहां परिवारवाद एक बड़ी समस्या है, नीतीश कुमार का इस मामले में अडिग रहना उन्हें सम्मान दिलाता है। लेकिन यही संयम उन्हें कभी-कभी 'अहंकारी' या 'संपर्कविहीन' नेता के रूप में भी चित्रित कर देता है। उनके बारे में प्रसिद्ध है कि वे एक बार जो तय कर लेते हैं, फिर किसी की नहीं सुनते। यह दृढ़ता ही थी जिसने बिहार में कानून का राज स्थापित किया, लेकिन यही जिद आज उनकी पार्टी के भीतर असंतोष का कारण भी बनती है।

अंत में, नीतीश कुमार होना एक निरंतर द्वंद्व में जीने जैसा है। यह एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो आधुनिक बिहार का निर्माता कहलाना चाहता है, लेकिन जिसे अपनी कुर्सी बचाने के लिए बार-बार उन सिद्धांतों से समझौता करना पड़ता है जिन्हें उसने कभी पवित्र माना था। वे एक ऐसे नायक हैं जिनके चरित्र में शेड्स ऑफ ग्रे अधिक हैं। न तो वे पूरी तरह 'सफेद' आदर्शवादी हैं और न ही पूरी तरह 'काले' अवसरवादी। वे समय की मांग के अनुसार रंग बदलने वाले एक कुशल राजनेता हैं, जो जानते हैं कि राजनीति संभावनाओं का खेल है। बिहार के इतिहास में नीतीश कुमार का मूल्यांकन केवल उनके पाला बदलने के आधार पर नहीं होगा, बल्कि उस बदलाव के आधार पर होगा जो उन्होंने एक आम बिहारी के जीवन में लाने की कोशिश की। उनके विरोधी चाहे जो कहें, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि उन्होंने बिहार को एक 'पहचान' दी है। एक ऐसी पहचान, जो अराजकता से दूर और प्रगति की ओर अग्रसर है। 2026 के इस दौर में भी, जब राजनीति पूरी तरह बदल चुकी है, नीतीश कुमार का प्रासंगिक बने रहना यह साबित करता है कि वे सिर्फ एक नेता नहीं, बल्कि बिहार की राजनीति का एक अनिवार्य अध्याय हैं। और सच यही है कि उस अध्याय को लिखना या उसे जी पाना, वाकई हर किसी के बस की बात नहीं है। नीतीश कुमार होना, दरअसल, अपनी ही छाया से लड़ते हुए सत्ता के शिखर पर बने रहने की एक अंतहीन साधना है।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### जनपदीय पुलिस ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

**देवरिया।** पर्यावरण को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से रविवार को जनपद की पुलिस ने कार्यालय, थानों, चौकियों और पुलिस लाइन में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने परिसर की साफ-सफाई, सूखे पत्तों की सफाई, पेड़-पौधों की छंटाई तथा अभिलेखों व संसाधनों को व्यवस्थित किया। वाहनों को भी क्रमवार खड़ा कराया गया। पुलिसकर्मियों ने श्रमदान कर 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' का संदेश देते हुए स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

### मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान चलाकर पुलिस ने लिया सुरक्षा का जायजा

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में रविवार सुबह 5 से 8 बजे तक जनपद में 'मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान' चलाया गया। इस दौरान थाना प्रभारियों ने मॉर्निंग वॉकर से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की गई तथा तीन सवारी, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने और मॉडिफाइड साइलेंसर वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि जनपद में 17 स्थानों पर चेकिंग कर 369 लोगों और 205 वाहनों की जांच की गई। लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की।

### कार की ठोकर से बाइक सवार की मौत



**रामलक्षन देवरिया-** गौरी बाजार थाना क्षेत्र के रुद्रपुर - गौरी बाजार मार्ग पर कटाई चौराहे के समीप शनिवार की रात आर्टिका कार की ठोकर लगने से 30 वर्षीय कपड़ा व्यवसाइ गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचा। हालत गंभीर देख चिकित्सक ने मेडिकल कालेज देवरिया रेफर किया। देवरिया मेडिकल कालेज के डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गौरी बाजार पुरानी बाजार का रहने वाला 30 वर्षीय शवेंतांक जायसवाल पुत्र श्रवण जायसवाल की रामलक्षन चौराहे पर कपड़े की दुकान है। रोज की भांति देर शाम दुकान बन्द कर बाइक से अपने घर जा रहा था।अभी कटाई चौराहे पर ही पहुंचा था कि विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रही आर्टिका कार ने जोरदार ठोकर मार दीया।गंभीर रूप घायल से हो गया । एंबुलेंस की मदद से परिजन सीएचसी गौरी बाजार ले गए । जहां स्थिति नाजुक देखते हुए डॉक्टर ने मेडिकल कालेज देवरिया के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### बिस्कोहर में हुआ भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन




**सिद्धार्थनगर-** नगर पंचायत बिस्कोहर बस स्टैंड पर होली मिलन समारोह कार्यक्रम नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉक्टर सतीश चंद द्विवेदी शामिल हुए । संचालक राम नरेश पासवान ने किया, कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।चैत्र मास में होली त्यौहार आपसी भाई चारे का सौहार्द व अमीरी गरीबी का भेदभाव नहीं देखने को मिलता है आपस में गले मिलकर जो एक दूसरे के बीच गिलवा शिकायत होती हैं वह दूर होता हैं। होली का त्यौहार सनातन धर्म का धरोहर है, होली का पर्व बड़े धुम धाम से मनाते हुए लोगों ने आपस में भाई चारा आपसी सौहार्द देखने को मिलता हैं। होली मिलन समारोह कार्यक्रम में सैकड़ों संख्या में लोग उपस्थित हुए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डॉक्टर, सतीश चंद्र द्विवेदी, चेयर मैन अजय गुप्ता,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अवनीश भाई , फतेहबहादुर सिंह उर्फ पप्पू सिंह, मोनिका गुप्ता,जसवंत सिंह, सदा नंद शुक्ला, अनूप पांडेय, दीप नारायण त्रिपाठी, सरवन गिरि, विमल सिंह, कृष्णा मिश्रा, नृपेंद्र सिंह, बैजनाथ गुप्ता, अमित मिश्रा, राकेश शाहू, चंद्रकेश पाण्डेय, रवि सिंह, राम नरेश पासवान, विकास पाण्डेय वत्स, राज किशोर सोनी, राम सूरत विश्वकर्मा, खेमे राज यादव,राज मणि दुबे, कन्हैया वरुण, मनोज यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## नहर की अव्यवस्थित सफाई से खेतों में पानी, कई गांवों के किसान परेशान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**गोण्डा।** सरयू नहर खंड-दो से संचालित अनन्तपुर-कमडावा नहर की सफाई में लापरवाही के कारण क्षेत्र के किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। आरोप है कि नहर की सफाई कार्य पूर्ण रूप से व्यवस्थित ढंग से नहीं कराया गया, जिसके चलते कई स्थानों पर कटान हो गया और पानी का प्रवाह अनियंत्रित हो गया। नहर की स्थिति ठीक न होने के कारण पानी खेतों की ओर पहुंच गया, जिससे किसानों की खड़ी फसलें प्रभावित हो रही हैं। क्षेत्र के अनंतपुर, राजाजोत, गोहाना, लहदोवा, असिधा, हेमाजोत, बालगोविंद पुरवा और अलीनगर सहित कई गांवों के किसान इससे प्रभावित बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार खेतों में लगी गेहूं, सरसों, मटर के साथ-साथ गन्ने की फसल भी पानी भरने के कारण प्रभावित हो रही है। खेतों में जलभराव होने से गन्ने की कटान का कार्य भी प्रभावित हो गया है, जबकि क्षेत्रीय चीनी मिलों की ओर से किसानों को लगातार पर्ची के संदेश भेजे जा रहे हैं। ऐसे में किसान समय पर गन्ना काटकर मिल तक पहुंचाने में असमर्थ हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही नहर की स्थिति ठीक नहीं की गई और पानी के प्रवाह को नियंत्रित नहीं किया गया, तो फसलों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। क्षेत्रीय किसानों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई करने तथा फसलों के नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की है। इस संबंध में अधिशासी अभियंता दीपक कुमार से संपर्क किया गया, लेकिन उनकी ओर से कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

### डकैती व लूट की दो घटनाओं का खुलासा, 6 गिरफ्तार



**देवरिया।** जनपद की रुद्रपुर पुलिस ने डकैती व लूट की दो घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूट का माल, एक अवैध पिस्टल, चार तमंचे, पांच कारतूस और दो मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। पुलिस के अनुसार 28 फरवरी को डहरौली बुजुर्ग स्थित पेट्रोल पंप से 8,440 की लूट की घटना हुई थी। जांच के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लखनाघाट मोड़ के पास से छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने 3 दिसंबर 2025 को एक मोटरसाइकिल और मोबाइल लूटने की घटना भी कबूल की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## गंडक नदी से धड़ल्ले से हो रही बालू तस्करी, प्रशासन पर उठे सवाल

**●- कटाई भरपुरवा गंडक नदी में अवैध बालू खनन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर।** जनपद के जटहां थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। गंडक नदी से प्रतिदिन दर्जनों ट्रैक्टर-ट्राली बालू निकालकर बेची जा रही है, लेकिन इस पर रोक लगाने में संबंधित विभाग पूरी तरह नाकाम नजर आ रहे हैं। खनन विभाग और पुलिस प्रशासन की चुप्पी को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। बताया जाता है कि जटहां क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटाई भरपुरवा के पास गंडक नदी से वर्षों से अवैध बालू खनन किया जा रहा है। दिनदहाड़े नदी से ट्रैक्टर-ट्राली में बालू लादकर तस्करी की जा रही है, जिससे बालू माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध खनन से जहां सरकार को भारी राजस्व की क्षति हो रही है, वहीं पर्यावरण पर भी इसका गंभीर असर पड़ रहा है। क्षेत्र में चर्चा है कि बालू माफिया प्रतिबंधित गंडक नदी की सफेद बालू बेचकर मोटी कमाई कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस पर ठोस कार्रवाई करने से बचते नजर आ रहे हैं। हालांकि इस मामले में जब स्वतंत्र प्रभात के रिपोर्टर ने कुशीनगर के खनन अधिकारी से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि जटहां क्षेत्र के पांच बालू माफियाओं को जुर्माने के लिए नोटिस जारी किया गया है। साथ ही अवैध खनन करने वालों के खिलाफ छापेमारी कर दंडात्मक कार्रवाई भी की जा रही है।

### सोते हुए कुत्ते पर डंडे से हमला करने वाले दुकानदार पर मुकदमा दर्ज, वीडियो आया सामने

**ललितपुर।** शहर के कटरा बाजार क्षेत्र में बेजुबान जानवर के साथ क्रूरता का मामला सामने आया है। एक दुकानदार द्वारा सोते हुए आवारा कुत्ते पर डंडे से हमला करने के आरोप में पुलिस ने पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। कटरा बाजार निवासी अतिशेष जैन उर्फ सानू भारती ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि छत्रसालपुरा निवासी राम सोनी उर्फ राम पहलवान, जिसकी दुकान कटरा बाजार में है, अक्सर मोहल्ले के आवारा कुत्तों को बेरहमी से पीटता है। शिकायतकर्ता के अनुसार, बीती 4 मार्च को दोपहर करीब 2.30 बजे आरोपी राम सोनी ने एक बेजुबान कुत्ते को, जो शांति से सो रहा था, डंडे से बुरी तरह मारा। इस पूरी घटना का वीडियो भी पुलिस को उपलब्ध कराया गया है, जिसमें आरोपी की क्रूरता साफ देखी जा सकती है। पीड़ित की शिकायत और साक्ष्यों के आधार पर कोतवाली पुलिस ने 7 मार्च को आरोपी राम सोनी उर्फ राम पहलवान के खिलाफ पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11(1)(ए) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

## समारोह पुर्वक तीरंदाज़ संजीव सिंह को सम्मानित किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रामलक्षन देवरिया।** बरिष्ठ नागरिक स्वाभिमान समिति द्वारा समारोह पुर्वक डी के एकेडमी रामलक्षन के प्रांगण में विख्यात तीरंदाज़ को सम्मानित किया गया। समारोह को मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य रतनपाल सिंह ने सम्बोधित करते हुए कि आज का दिन हम सबके लिए बहुत ही गौरव का दिन है क्यों की हम सभी अपने मिट्टी के बेमिसाल प्रतिभा के प्रकाश पुंज और शिक्षा - खेल तथा समाजिक संदर्भो पर चिन्तन मनन करने वाले तीरंदाज़ संजय सिंह का सम्मान अपने मिट्टी की सरजमी पर कर रहे हैं। अंतराष्ट्रीय रास्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करके अपने गांव ज्वार के बच्चों को हर खेल के लिए संवारने में लगे हैं। अर्जुन और दोर्णाचार्य खेल पुरस्कार से सम्मानित संजीव सिंह इस क्षेत्र के विकास के लिए जो मदद मांगेगे अपने स्तर जो हो सकेगा करता रहुंगा। विशिष्ट अतिथि पूर्व संपादक रत्नाकर सिंह ने कहा कि साधना का प्रतिफल है यह उचाई मिली है व जिन्होंने लक्ष्य से दोस्ती की अपनी अलग पहचान बनाई ।पूर्वांचल की धरती को रोशन करके बच्चों के विकास के लिए मालवीय बनने का इन्होंने प्रण लिया है मैं सलाम करता हूं। तीरंदाज़ संजीव सिंह ने कहा कि मुझे आप सबका प्यार व आशीर्वाद हमेशा से मिलता रहा है और उसी का परिणाम है कि मै इस मुकाम तक पहुंच पाया हूं। मेरा प्रयास है कि गांव गांव के छुपे प्रतिभावों को निखार कर देश विदेश के स्तर तक ले जा सकूँ। समारोह को रूद्रपुर चेयरमैन प्रतिनिधि छट्टे लाल नीगम.शिवदत्त नारायण सिंह, राजेंद्र सिंह. खटकबहादुर सिंह, विज्ञानं सिंह, जितेन्द्र सिंह, सुबाष प्रजापति, जय प्रकाश मल्ल, शिव दास सिंह व एकेडमी के प्रबंधक विश्वविजय मल्ल ने भी संबोधित किया। समारोह की अध्यक्षता जय नारायण सिंह व संचालन लक्ष्मण सिंह ने किया।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गवर्नर हाउस लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में जनपद के कार्यों की हुई सराहना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोण्डा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लखनऊ स्थित जनभवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और आर्थिक उन्नयन को बढ़ावा देने से संबंधित विभिन्न योजनाओं की रिप्रेजेंट किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद गोण्डा में महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में किए जा रहे कार्यों की विशेष रूप से सराहना की गई।ब्लॉक संसाधन के मुजेहना में ए.आई.आई.ओ.टी. एण्ड कम्प्यूटर लैब, के.जी.बी.वी. तथा माँ सिद्धीदात्री पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। साथ ही बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में कार्यरत 68 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्रों की चाबियां वितरित किया गया, तथा जनपद में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने स्वालंबन बनाने महिलाओं की सुरक्षा, जागरूकता की दिशा में मिशन शक्ति जैसे विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं।जनपद में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा उन्हें 'लखपति दीदी' के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण पहलें की जा रही हैं। इसी क्रम में जनपद के नौ विकास खण्डों में 'ज्ञान आवास' की स्थापना नौ देवियों के नाम पर कराई जा रही है, जो महिलाओं के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और जागरूकता का केंद्र बनेगा। इन केंद्रों के माध्यम से महिलाओं को विभिन्न नवाचारों एवं गतिविधियों से जोड़ते हुए उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है।इसके अतिरिक्त जनपद में 101 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से गोनार्द स्वच्छता मार्ट का निर्माण कराया गया है। इन स्वच्छता मार्ट के माध्यम से महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे तथा वे स्वच्छता से संबंधित उत्पादों के माध्यम से अपनी आय बढ़ा सकेंगी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इन स्वच्छता मार्ट की चाबियां संबंधित महिलाओं को वितरित कर दी गई हैं, जिससे वे अपने कार्यों की शुरुआत कर सकें। जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन के द्वारा दिए गए मार्गदर्शन एवं कुशल निर्देशों के क्रम में जनपद में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किए जा रहे नवाचारों एवं प्रयासों के दृष्टिगत लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जनपद गोण्डा में महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे नवाचारों एवं प्रयासों के संबंध में रिप्रेजेंट करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी गोण्डा अंकिता जैन को गवर्नर हाउस, लखनऊ में आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर उन्होंने जनपद में संचालित योजनाओं एवं नवाचारों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

जनपद प्रशासन द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## पेट्रोल पंप लूट की घटना में शामिल 6 अभियुक्त गिरफ्तार

**●-5 तमंचा,लूट का माल व दो बाइक बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रूद्रपुर, देवरिया।** रुद्रपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 102/2026 धारा 309(4) बीएनएस से संबंधित प्रकाश में आए 06 अभियुक्तों नाम गोलू यादव पुत्र जियावन थाना बड़हलगंज गोरखपुर,राजन गुप्ता पुत्र राजेश गुप्ता साकिन पिड़हनी,राहुल साहनी पुत्र संतराज साहनी साकिन गायघाट,शिवम सिंह पुत्र मोहन सिंह साकिन रामनगर डुमरी,रोशन यादव उर्फ छोटू पुत्र रामाकान्त साकिन डेरवा डुमरी व नितेश यादव पुत्र लालजी यादव को दिनांक शनिवार की शाम में मुखबिर की सूचना पर रुद्रपुर डाला मार्ग पर लखनाघाट मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल अवैध पिस्टल तथा तमंचे के साथ बुलेट भी बरामद हुआ। जिसके आधार पर उक्त अभियोग में धारा 309(4) बीएनएस को 310(2) बीएनएस में तरमीम व धारा 3(5) , 317(2), 317(3), 341(2) बीएनएस, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को थाना रुद्रपुर पर वादी आकाश निषाद द्वारा तहरीरी सूचना देकर अवगत कराया गया कि मोटर साइकिल सवार कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा डहरौली बुजुर्ग ओमकार नाथ साहनी पेट्रोल पम्प पर तेल भरवाने आए। उसी समय सेल्समैन सचिन साहनी तेल भर रहे थे व उनके झोले में 8,440/- रूपया था, जिसे उक्त अज्ञात व्यक्तियों द्वारा छीन कर तमन्चा लहराते हुए भाग गए।

**कहां गई लूट की बाइक और मोबाइल**

डहरौली पेट्रोल पंप लूट की घटना का अनावरण और एकौना थाना क्षेत्र में दिसंबर 2025 में हुए मोटरसाइकिल लूट की घटना के अनावरण की पुलिसिया थ्योरी में कुछ झोल नजर आ रहा है।पुलिस ने यह तो बता दिया कि उक्त लूट की घटना में भी इन्हीं अभियुक्तों में से तीन अभियुक्त शामिल थे। यदि पुलिस की थ्योरी को सही माना जाए तो घटना में लूटी गई मोटरसाइकिल और मोबाइल कहां है। पुलिस ने आरोपियों से जुर्म कबूलवा लिया किंतु मोटरसाइकिल व मोबाइल बरामद करने में नाकाम रही। इस संबंध में पूछे जाने पर रुद्रपुर कोतवाल कल्याण सिंह सागर ने कहा कि अभियुक्तों के पास से मोटरसाइकिल व मोबाइल नहीं बरामद हो सकी है।आगे भी इन्वेस्टिगेशन जारी रहेगा।

## योगी जी की मां को अपशब्द बोलने वाले मौलाना सलीम मुर्दाबाद मुर्दाबाद

**●मुख्यमंत्री की माता पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन,पुतला दहन ।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की माता के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को जोरदार प्रदर्शन किया और पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। भाजपा जिला अध्यक्ष रवि कुमार मिश्र के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय पर एकत्रित हुए। इसके बाद सभी कार्यकर्ता जुलूस के रूप में शहर के वीर विनय चौराहे पहुंचे,जहां नारेबाजी करते हुए बिहार के मौलाना अब्दुल सलीम के खिलाफ प्रदर्शन किया गया और उनका पुतला फूंका गया।इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता के खिलाफ की गई टिप्पणी अत्यंत निंदनीय और अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि ऐसी अमर्यादित भाषा का समाज में कोई स्थान नहीं है और इस तरह के बयान देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

प्रदर्शन के दौरान सदर विधायक पल्टूराम ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न केवल प्रदेश के मुखिया हैं बल्कि गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर भी हैं। उनकी माता के खिलाफ की गई टिप्पणी पूरे समाज और प्रदेश की भावनाओं को आहत करने वाली है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता इस तरह की अभद्र और अनर्गल टिप्पणी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे।भाजपा नेताओं ने प्रशासन से मांग की कि संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस तरह की अमर्यादित टिप्पणी करने की हिम्मत न कर सके।सभी राजनैतिक दलों ने इस कृत्य की निन्दा नही किया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया और चेतावनी दी कि यदि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। उक्त अवसर पर तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, गैसड़ी के निवर्तमान विधायक शैलेष कुमार सिंह शैलू, पूर्व अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सिंह गुड्डू,ब्लाक प्रमुख महिपाल चौधरी डीपी सिंह बैस, वरुण सिंह मोनू, डा अजय सिंह पिंकू, अवधेश तिवारी तरुण, संदीप वर्मा,प्रभात सिंह शैलेंद्र सिंह संदीप उपाध्याय,राकेश गुप्ता राकेश कश्यप अमन बंसल रजनीश पांडे आदित्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## पचपेड़वा के ग्राम पंचायत सिसवा में बंद पड़े सीसीटीवी कैमरे

**●ग्रामीणों ने लगाया भ्रष्टाचार और लापरवाही का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के विकासखंड पचपेड़वा अंतर्गत ग्राम पंचायत सिसवा में पंचायत द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े होने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गांव के कई स्थानों पर सुरक्षा और निगरानी के उद्देश्य से लगाए गए कैमरे लंबे समय से बंद हैं, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी और असंतोष का माहौल देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने पंचायत पर लापरवाही के साथ-साथ भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप भी लगाए हैं।

ग्रामीणों के अनुसार गांव में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और चोरी जैसी घटनाओं पर नजर रखने के लिए पंचायत निधि से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। शुरुआत में कैमरे कुछ समय तक चलते रहे, लेकिन धीरे-धीरे अधिकांश कैमरे खराब हो गए और अब महीनों से बंद पड़े हैं। इसके बावजूद न तो उनकी मरम्मत कराई गई और न ही उन्हें फिर से चालू कराने की कोई ठोस पहल की गई।

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत द्वारा कैमरे लगाने में अच्छी-खासी धनराशि खर्च की गई थी, लेकिन आज उनकी हालत यह है कि वे केवल दिखावे की वस्तु बनकर रह गए हैं। लोगों का आरोप है कि यदि कैमरे सही तरीके से संचालित होते तो गांव में होने वाली छोटी-बड़ी घटनाओं पर नजर रखी जा सकती थी और अपराध पर भी काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता था। कुछ ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कैमरों की खरीद और स्थापना में अनियमितता हुई है। उनका कहना है कि यदि पंचायत निधि से खर्च किए गए पैसे का सही उपयोग होता तो आज कैमरे बंद नहीं पड़े होते। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग करते हुए कहा कि यदि कहीं भी वित्तीय अनियमितता या भ्रष्टाचार सामने आता है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि गांव में कई महत्वपूर्ण स्थानों जैसे चौराहों और मुख्य मार्गों पर कैमरे लगाए गए थे, लेकिन उनके बंद होने से सुरक्षा व्यवस्था कमजोर हो गई है। रात के समय होने वाली गतिविधियों पर कोई निगरानी नहीं रह गई है, जिससे लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि ग्राम पंचायत सिसवा में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की जांच कराई जाए, उन्हें तत्काल दुरुस्त कर चालू कराया जाए और यदि किसी स्तर पर लापरवाही या भ्रष्टाचार पाया जाता है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही इस मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो वे प्रशासन के उच्च अधिकारियों से शिकायत करने के साथ ही आंदोलन करने के लिए भी मजबूर होंगे।

## राष्ट्र का चतुर्दिक विकास सामाजिक समरसता से ही संभव है - ब्रजेश शर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** श्री भट्ट ब्राह्मण सभा प्रतापगढ़ के तत्वावधान में रविवार को ऊं सांई पैलेस-सरोज चौराहा में 'रंगारंग होली मिलन समारोह 'धूम धाम से आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री ब्रजेश शर्मा और संचालन शिक्षक नेता अशोक राय ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिलेश शर्मा महासचिव- हाइकोर्ट बार एसोसिएशन और विशिष्ट अतिथि अंजनी शर्मा समाजसेवी रहे। इस अवसर पर लोकगायक रविशंकर मिश्र और उनकी टीम ने अपने लोकगीत और फाग से कार्यक्रम में फाल्गुनी बहार भर दिया। राष्ट्रीय मंचों पर अपनी मजबूत छाप छोड़ने वाले कवियों सुनील प्रभाकर,डा.श्याम शंकर शुक्ल 'श्याम', लोकगायक निराला,अनूपउपाध्याय 'अनुपम' और राजन शुक्ल ने अपनी मौसमी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।समाज के नन्हें-मुन्हें बच्चों ने एकल और सामूहिक नृत्य तथा अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से अपने सुनहरे भविष्य की झलक प्रस्तुत किया। इस बीच अतिथियों और विशिष्ट प्रतिभाओं का सम्मान अंगवस्त्र और शाल ओढ़ाकर किया गया। बच्चों में आध्यात्मिक तथा धार्मिक प्रतिभा परखने और सनातन संस्कृति के प्रति रुचि पैदा करने के लिए त्वरित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 'बताओ और पुरस्कार पाओ' जूनियर और सीनियर स्तर पर सम्पन्न कराई गई। इसमें उपस्थित सभी श्रोताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयनित सूर्यांश राय का अंगवस्त्रम और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि अखिलेश शर्मा महासचिव,हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने कहा कि यह रंगारंग कार्यक्रम सुनहरी यादों को सजाने का कार्यक्रम है। इससे मेल मिलाप के साथ- साथ समाज की सकारात्मक छवि का निर्माण भी होता है। उन्होंने आगे कहा कि होली हमें जहां भक्ति के शक्ति का दर्शन कराती है, वहीं भक्ति से विमुख और अभिमानी होने पर हिरण्यकश्यप जैसे हश्र का भी संदेश देती है। विशिष्ट अतिथि अंजनी शर्मा ने बताया कि श्री भट्ट ब्राह्मण सभा का यह होली मिलन कार्यक्रम वास्तव में सामाजिक समरसता का बेजोड़ कार्यक्रम है। जाति मंच पर आयोजित होने के बावजूद इसमें केवल अपनी जाति के कल्याण की चिन्ता नहीं बल्कि इसमें लोककल्याण, भाईचारे और परस्पर प्रेम के उपरांत जगत के कल्याण की कल्पना की जाती है। कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व मंत्री ब्रजेश शर्मा ने कहा कि किसी राष्ट्र का विकास सामाजिक समरसता से ही सम्भव है।यह पुनीत कार्य श्री भट्ट ब्राह्मण सभा, प्रतापगढ़ द्वारा किया जा रहा है जो प्रशंसनीय है। इस कार्यक्रम में संरक्षकगण- प्रमोद पाण्डेय भट्ट, सतीश भट्ट, एडवोकेट, सुरेन्द्र शर्मा, एडवोकेट, जिलाध्यक्ष कैप्टन ओंकार नाथ शर्मा, महामंत्री अरूण शर्मा, दीनदयाल शर्मा, संयुक्त मंत्री राजीव शर्मा, विकास अधिकारी, मनोज राय, प्रधान, नगर अध्यक्ष अरूण शर्मा शिक्षक, कुलवंत शर्मा 'काजू', प्रधान अरविन्द शर्मा, राजेश शर्मा 'पंडित', मनोज शर्मा, अम्बिका शर्मा, रमेश शर्मा, वंशराज शर्मा, बसन्त शर्मा, एडवोकेट, अनिल शर्मा, कोषाध्यक्ष, सुशील शर्मा, मनोज शर्मा, कृष्ण लाल शर्मा, बाबा अमरनाथ शर्मा, विवेक शर्मा, मण्डल अध्यक्ष,भाजपा मनीष शर्मा, एडवोकेट आदि रहे।

## कांशीराम जयंती में हिस्सा लेने 15 को लखनऊ जाने की तैयारी

**●बसपा नेता डा. सचिन श्रीवास्तव ने झोंकी ताकत, तेज किया सम्पर्क अभियान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में बसपा नेता द्वारा आगामी 15 मार्च को बहुजन समाज पार्टी संस्थापक कांशीराम जयंती के अवसर पर राजधानी लखनऊ के पुरानी जेल रोड पर स्थित कांशीराम स्मारक स्थल पर ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में बस्ती जनपद से निर्णायक भागीदारी के लिये जनपद के गांव-गांव जाकर लोगों से आग्रह किया जा रहा है कि वे रैली में पहुंचे। कार्यक्रम की सफलता और बस्ती से बड़ी संख्या में भागीदारी को लेकर बसपा नेता डा. सचिन श्रीवास्तव द्वारा बस्ती सदर विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों में सघन सम्पर्क जारी है। कहा कि सम्पर्क के दौरान बसपा की सरकार में किये गये कार्यो और बहन सुश्री मायावती के उद्देश्य, लक्ष्य की जानकारी दी जा रही है।बसपा नेता डा. सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी संस्थापक कांशीराम जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता में विशेष उत्साह है। बताया कि उन्होने खझौला, परसाजाफर, कड़र, रसूलपुर, ओडवारा, सिसवा, देवरिया माफी, मुजहना, बोदवल, मुण्डेरवा बाजार के साथ ही बस्ती सदर विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों में निरन्तर सम्पर्क जारी है।

डा. सचिन श्रीवास्तव के साथ अभिनव सिंह, अंजनी पाण्डेय, ई. राजेश प्रताप सिंह, प्रद्युम्न सिंह, भाष्कर पाण्डेय, विकास, विवेक सिंह, शिवम कुमार, सुभाष यादव, मो. जावेद आदि ने निरन्तर सम्पर्क के द्वारा ताकत झोंक दिया है।


## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस बनकर ठगी का प्रयास, पीड़ित ने पुलिस से की शिकायत




**भदोही।** थाना सुरियावां के नाम पर फर्जी कॉल कर ऑनलाइन पैसे मांगने का मामला सामने आया है। सुरियावां क्षेत्र के पट्टी बेजाव निवासी पीड़ित विपिन शुक्ला ने इसे पुलिस का नाम लेकर ठगी का प्रयास बताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। बताया जाता है कि पीड़ित को एक मोबाइल नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम विक्रम बताते हुए खुद को थाना सुरियावां, जनपद भदोही से बताया और कहा कि वर्ष 2023 की किसी शिकायत में उनके नाम नोटिस जारी होने वाला है। पीड़ित के अनुसार कॉल करने वाले ने बाद में कहा कि वह 'मदद' कर सकता है और ऑनलाइन भुगतान करने पर मामला सेटल करा देगा। इस पर पीड़ित ने संदेह जताते हुए भुगतान से इंकार कर दिया। पीड़ित ने बताया कि वह पिछले चार वर्षो से अपने गांव नहीं गया है, इसलिए 2023 में शिकायत की बात असंभव है। वहीं जब कॉल करने वाले से नंबर मिलने का स्रोत पूछा गया तो उसने इंस्टाग्राम बताया, जबकि पीड़ित उस प्लेटफॉर्म का उपयोग ही नहीं करता। मामले को गंभीर बताते हुए पीड़ित ने पुलिस से नंबर की जांच कर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।इस सम्बंध में सुरियावां थानाध्यक्ष मनीष द्विवेदी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामलें की जाँच की जा रही हैं।

### जनसहभागिता से प्रदेश में निर्धारित होगी बिजली की दर, नोएडा में आज नियामक आयोग करेगा जनसुनवाई



**» उपभोक्ता परिषद आयोग के समक्ष मजबूती के साथ रखेगा उपभोक्ताओं का पक्ष**

**» 51 हजार करोड़ सरप्लस होने के कारण अगले पांच वर्षो तक दरें बढ़ाने का औचित्य नहीं**

**लखनऊ।** प्रदेश में बिजली दरों के निर्धारण को लेकर ग्रेटर नोएडा के गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के सभागार में सोमवार नौ मार्च को दिन में 11 बजे से विद्युत नियामक आयोग जनसुनवाई करेगा। इसमें निजी क्षेत्र की पहली बिजली कंपनी नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड तथा पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) और बिजली दरों से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा होगी। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने सभी प्रमुख उपभोक्ता समस्याओं, बिजली दरों की वर्तमान स्थिति तथा कंपनियों के प्रस्तुत एआरआर के विश्लेषण को अंतिम रूप दे दिया है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा नोएडा पहुंचकर जनसुनवाई में उपभोक्ताओं का पक्ष मजबूती से रखेंगे। परिषद का स्पष्ट कहना है कि बिजली कंपनियों का पिछले दरवाजे से बिजली दरों में बढ़ोतरी का प्रयास लगातार सातवें वर्ष भी सफल नहीं होने दिया जाएगा। परिषद का दावा है कि वर्तमान में बिजली कंपनियों के पास उपभोक्ताओं का लगभग 51 हजार करोड़ रुपये अधिक है। ऐसे में अगले पांच वर्षों तक बिजली दरों में किसी प्रकार की वृद्धि का कोई औचित्य नहीं बनता है। परिषद ने यह भी कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर पूरे प्रदेश में गंभीर असंतोष का माहौल है।

बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के बिजली बिल नेगेटिव जा रहे हैं और जिन उपभोक्ताओं ने हमेशा समय से बिल जमा किया, वे भी अब स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के बाद रिचार्ज करने से बच रहे हैं। कई स्थानों पर उपभोक्ताओं की सहमति के बिना ही उनके परिसर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाकर कनेक्शन को प्रीपेड में बदल दिया गया है, जो उपभोक्ता अधिकारों के विपरीत है। परिषद ने यह भी प्रश्न उठाया है कि स्मार्ट मीटर के साथ लगे चेक मीटरों की मिलान रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की जा रही है। इन सभी मुद्दों को जनसुनवाई में स्पष्ट रूप से उठाया जाएगा। इसके अलावा नोएडा और गाजियाबाद के डूब क्षेत्र में बिजली कनेक्शन, मल्टी प्वाइंट और सिंगल प्वाइंट कनेक्शन का विवाद, बिल्डरों की मनमानी तथा उपभोक्ताओं से जुड़े अन्य गंभीर मुद्दों को भी परिषद आयोग के सामने रखेगा।

## बवाल मचाने पुलिस के समझाने पर उनसे ही उलझ जाने पर पुलिस ने की कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरेली/**क्यों लड़ियां थाना क्षेत्र के गांव बबूरी में कुछ लोगों द्वारा गांव में अशांति भड़काने जैसे शोर शराबी करने पर पर ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने इनको समझाने का प्रयास किया तो उक्त महिलाओं ने भी पुलिस के साथ सभ्यता का व्यवहार किया।

जिसके तहत पुलिस ने इन सभी महिला पुरुषों को थाने लाकर गांव में बेवजह लड़ाई झगड़ा करने एवं अशांति फैलाने के कृतिका दोषी मानते हुए इनको थाने लाया गया यहां पर भी इनको समझाने के लिए प्रयास किया गया परंतु इन्होंने अपना व्यवहार परिवर्तन नहीं किया तो पुलिस द्वारा इन सभी के विरुद्ध गांव में बवाल मचाने एवं शांति फैलाने के आप में आज उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की गई है ज्ञात रहे झगड़ा करने के बाद बेलगाम महिलाएं पुलिस के सामने आकर अपना विकराल रूप दिखाना।

प्रदर्शित करती है जो पुलिस के लिए सर दर्द बनता है परंतु आज पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव बबूरी में कठोर कार्यवाही कर यह संदेश देने का कार्य किया अपराध करने वाला महिला या पुरुष कोई भी हो कानून सबके लिए बराबर है जिसके तहत आज महिलाओं को भी उत्पाद मचाने के लिए कानून का पाठ पढ़ने का कार्य पुलिस ने किया है जिससे यह सिद्ध हुआ महिलाएं भी कानून से बाहर नहीं है कानून सभी के लिए बराबर है इन सभी को गांव में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए शांति भंग करने के आरोप में न्यायालय में पेश किया गया।

### मानक विपरीत चल रहा जे एस अल्ट्रासाउंड डायग्नोस्टिक सेंटर वा पैथोलॉजी सेंटर, बिना डॉक्टर के चल रहा उक्त डायग्नॉस्टिक सेंटर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी।** जनपद के निघासन कस्बे में कथित तौर पर अवैध डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित होने का मामला सामने आया है। आरोप है कि जे एस अल्ट्रासाउंड पैथोलॉजीपर न तो कोई पंजीकृत डॉक्टर मौजूद है और न ही प्रशिक्षित टेक्नीशियन, इसके बावजूद एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड जैसी जांचें धड़ल्ले से की जा रही हैं। कई सेंटर बिना वैध लाइसेंस के चल रहे हैं और अनट्रेंड लड़कों से जांच कराई जा रही है, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ सकती है। स्वास्थ्य मानकों और सरकारी नियमों की अनदेखी कर खुलेआम यह कारोबार संचालित हो रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन के अधीक्षक इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। सूत्रों ने बताया लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।नियमों के अनुसार एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड जैसी जांचें केवल पंजीकृत केंद्रों पर योग्य रेडियोलॉजिस्ट या प्रशिक्षित तकनीशियन की देखरेख में ही की जा सकती हैं। स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी है कि ऐसे अवैध केंद्रों की जांच कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करे और अवैध रूप से संचालित सेंटरों पर तत्काल कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता की जान के साथ हो रहे खिलवाड़ पर रोक लग सके।

### घर के पास से युवक का मोबाइल चोरी, कोतवाली में मुकदमा दर्ज

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के अमवा माफी गांव में एक युवक का मोबाइल फोन चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर गोपीगंज कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अमवा माफी निवासी ओम प्रकाश गौड़ ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 4 मार्च 2026 को दोपहर करीब 1:21 बजे उनका मोबाइल फोन घर से लगभग 100 मीटर की दूरी पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार राय को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## नौ दुर्गा शतचंडी महायज्ञ का हुआ भव्य शुभारंभ

**● गाजे बाजे के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिंगाही खीरी।** ब्लॉक निघासन अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंगहा कला में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नौ दुर्गा शतचंडी महायज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आगाज गाजे-बाजे के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा से किया गया।

महायज्ञ के शुभारंभ पर नैमिषारण्य से पधारे यज्ञाचार्य रामभजन जी ने पूरे विधि-विधान और मंत्रोच्चारण के साथ पूजन-अर्चन संपन्न कराया, जिसके बाद कलश यात्रा की शुरुआत हुई। इस यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और कन्याएं सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों पर झूमती नजर आई। कलश यात्रा सिंगहा कला और सिंगहा खुर्द के मुख्य मार्गों से होते हुए जौरहा नदी (मोती पुर) पहुंची। वहां पवित्र नदी से जल भरकर श्रद्धालु पुनः यज्ञशाला पहुंचे, जहाँ कलशों को विधिपूर्वक स्थापित किया गया।?इस धार्मिक अनुष्ठान के अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित, प्रधान पद उम्मीदवार वीरेंद्र निषाद, मुन्ना लाल शाह, बीडीसी सदस्य जंगूलाल यादव, खगेसुर वर्मा, झब्बूलाल तिवारी, कोटेदार रामखिलावन वर्मा, कमलेश वर्मा और पप्पू वर्मा सहित क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रही। पूरा क्षेत्र 'जय माता दी' के जयकारों से गुंजायमान रहा।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिला महिला चिकित्सालय परिसर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले की जिलाधिकारी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिला महिला चिकित्सालय परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विवेकानंद मिश्र रहे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नेहा वर्मा तथा अंकुर कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जिला महिला चिकित्सालय के सीएमएस तथा महिला कल्याण विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। इस दौरान महिला सशक्तिकरण, बेटियों की शिक्षा तथा उनके सर्वांगीण विकास से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा इस अवसर पर प्रतिभावान छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न सामग्रियों का वितरण किया गया।



कार्यक्रम में पांच बालिकाओं को लैपटॉप प्रदान किए गए, जबकि 10 मेधावी छात्राओं को स्कूल बैग, वाटर बॉक्स, टिफिन एवं ज्योमेट्री बॉक्स वितरित कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त कन्या जन्मोत्सव के अंतर्गत 25 नवजात बालिकाओं को किट वितरित की गई। अतिथियों ने कहा कि बेटियों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रदान कर समाज को सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने बालिकाओं को आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग के अशोक सिंह, वीना सिंह, सपना सिंह, साधना अग्रहरि, प्रतिभा श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डिजिटल फ्रॉड से बचाव को 9 से 15 मार्च तक डिजिटल भुगतान जागरूकता सप्ताह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** डिजिटल लेन-देन को सुरक्षित बनाने और लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए जनपद में 9 से 15 मार्च तक डिजिटल भुगतान जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा। भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देश पर आयोजित इस अभियान के तहत विभिन्न बैंक और वित्तीय संस्थान जनजागरूकता कार्यक्रम चलाएंगे।

लीड बैंक मैनेजर आदित्य चंद्रा ने बताया कि रिज़र्व बैंक के 'हर पेमेंट डिजिटल' अभियान के अंतर्गत यह सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आमजन को डिजिटल भुगतान की उपयोगिता के साथ-साथ उसके सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के बारे में जागरूक करना है। इस वर्ष जागरूकता सप्ताह का मुख्य संदेश 'थोड़ा ध्यान से - सावधान रहें अलर्ट रहें' के माध्यम से डिजिटल लेन-देन में सावधानी बरतने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान बैंक शाखाओं, बाजारों, शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम, गोष्ठियां और जनसंपर्क गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को बताया जाएगा कि भुगतान प्राप्त करने के लिए किसी को भी क्यूआर कोड स्कैन करने या पिन दर्ज करने की आवश्यकता नहीं होती। इसके साथ ही ओटीपी, पिन या पासवर्ड किसी भी स्थिति में किसी के साथ साझा न करने और आकर्षक ऑफरों के नाम पर होने वाली ठगी से सतर्क रहने की सलाह दी जाएगी।



आदित्य चंद्रा ने कहा कि डिजिटल भुगतान करते समय राशि और प्राप्तकर्ता के नाम की दोबारा जांच करना आवश्यक है। थोड़ी सी सावधानी बरतकर ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचा जा सकता है। उन्होंने जनपदवासियों से सुरक्षित डिजिटल भुगतान को अपनाने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत संबंधित बैंक अथवा प्राधिकरण को देने की अपील की।

### महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन




**लखीमपुर खीरी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर फिट इंडिया महिला सप्ताह 2026 के आयोजन में स्पोर्ट्स स्टेडियम लालपुर में महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन सदर विधायक योगेश वर्मा द्वारा किया गया। सभी महिला वर्ग की प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व प्रथम, द्वतीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी संकल्प शर्मा,उप क्रीड़ा अधिकारी मोहम्मद इरफान, ओ पी पासवान फुटबॉल कोच, संजय कुमार यादव एथलेटिक कोच व खेलो इंडिया सेंटर हॉकी कोच विजय कुमार सिंह तथा स्पोर्ट्स स्टेडियम का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## पांच वर्ष की खदीजा नूर ने रखा पहला रोज़ा, घर में छाया खुशी का माहौल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/नवाबगंज।** रमज़ान के मुबारक महीने में रिछोला किफायतुल्ला निवासी अब्दुल सत्तार उर्फ मुन्ना भाई मुखिया के घर उस वक्त खुशियों की रौनक बढ़ गई, जब उनकी महज़ पांच वर्ष की बेटी खदीजा नूर ने अपना पहला रोज़ा रखा। नन्हीं सी उम्र में इबादत की इस खूबसूरत शुरुआत ने पूरे परिवार को गर्व और खुशी से भर दिया।

सुबह से ही घर में दुआओं और मुबारकबादों का सिलसिला चलता रहा। बेटी के पहले रोज़े की खुशी में न्याज़ और नज़र का खास इंतज़ाम किया गया। खदीजा के वालिद अब्दुल सत्तार मुखिया और उनकी वालिदा शहनाज़ बी की खुशियों का ठिकाना नहीं रहा। अपनी लाडली को पहली बार रोज़ा रखते देख वालिद की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े।

दादा हाजी अबुल सलीम और दादी हज्जन मोमिना ने अपनी नातिन को दुआओं से नवाज़ते हुए उसकी लंबी उम्र और कामयाबी की कामना की। वहीं चाचा अब्दुल कदीर, फूफा हाजी चांद बाबू समेत पूरे परिवार ने खदीजा नूर को पहला रोज़ा रखने पर दिली मुबारकबाद पेश की।

नन्हीं खदीजा नूर की इस प्यारी पहल ने घर के माहौल को पूरी तरह से रूहानी बना दिया। परिवार और मोहल्ले के लोगों ने भी इस खास मौके पर बच्ची की हौसला अफजाई की और उसके उज्जवल भविष्य की दुआ की। रमज़ान के इस पाक महीने में खदीजा नूर का पहला रोज़ा पूरे परिवार के लिए यादगार बन गया, जिसकी मिठास लंबे समय तक सबके दिलों में बनी रहेगी।

## कोटखेरबा गांव मे लगे कैमरे से दूसरे दिन भी नही लगी बाघ की लोकेशन

**● वनकर्मी आस पास के गांवो मे जाकर ग्रामीणो को कर रहे सचेत।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** वनकर्मी बाघ की लोकेशन के लिये कर रहे जबरदस्त गस्त। गोला गोकर्णनाथ खीरी। मोहम्मदी वनरेंज की बिलहरी बीट के कोटखेरवा गांव में बकरी चराने गई युवती पर बाघ ने पीछे से हमला कर दिया, जिसमें कोटखेरवा गांव निवासी 18 वर्षीय युवती राजप्रभा पुत्री लालता प्रसाद पर गन्ने के खेत से निकलकर अचानक हमला कर दिया जिससे युवती घायल हो गई,साथ मे गांव की अन्य महिलाओं व खेतो में काम कर रहे किसानों के शोर मचाने पर युवती को छोड़ दिया, लेकिन सरसों कटे खेत में चर रही बकरी पर झपट्टा मारकर दबोच लिया और पास के ही सुनील कुमार के गन्ने के खेत मे घुस गया। बकरी चरा रहीं महिलाओं मीना देवी, किरन राज,सोमा देवी,रामवती आदि ने घायल राजप्रभा को शोर मचाकर किसी तरह बाघ से बचाया।

इसके पश्चात वन क्षेत्राधिकारी महेशपुर निर्भय प्रताप शाही के आदेशानुसार बाघ की लोकेशन ट्रेस करने के लिये चार नाइट विजन कैमरे लगाये गये थे, लेकिन दूसरे दिन भी बाघ की लोकेशन कैमरों मे कैद नही हुई है। जिसके चलते बाघ की लोकेशन हेतु तीन टीमो का गठन किया गया है जो तीनो टीमे विलहरी वन चौकी प्रभारी माया प्रकाश वर्मा व विजय सिंह की अगुवाई मे गांव के आस पास कांम्बिग कर रही है, वही वन कर्मी आस पास के गाँव कपरहा, मूडा, पिपरिया, घरथनिया, कोटबारा, देवकली मे जा जाकर ग्रामीणो को भी सचेत कर रहे है।

### सी.जी. एन. पी.जी. कॉलेज गोला में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर किया गया कार्य क्रम का आयोजन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** दिनांक 8 मार्च 2026 को सी.जी.एन (पी.जी) कॉलेज, गोला गोकर्णनाथ में प्रोफेसर पंकज सिंह के कुशल मार्ग निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के अधिकार और उनके सशक्तिकरण से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ विवेक कुमार सिंह ने महिला दिवस की प्रासंगिकता पर अपनी बातें रखते हुए डॉक्टर केदारनाथ अग्रवाल की बातों को साझा किया तथा विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया/महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉक्टर अनिल कुमार ने महिलाओं और पुरुषों के बीच विभिन्न कार्यों के बारे में बताते हुए महिलाओं को सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के लिए जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आदर्श पटेल के द्वारा किया गया जिन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा हाजरा फातिमा साक्षी, उमम, सृष्टि, शिवशंकर, कृष्णा, आशीष आदि ने महिला के अधिकारों, महिला सशक्तिकरण से संबंधित अपने विचार रखें। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं सेविकाएं उपस्थित रहे।

### ईरान-इजरायल युद्ध का भारत पर दिखने लगा असर, कीमतों के साथ गैस सिलिंडर की बुकिंग को लेकर भी बदला नियम



**फिरोजाबाद।** ईरान-इजरायल युद्ध का असर घर की रसोई तक आ गया है। अभी तक 874 रुपये का मिलने वाला घरेलू गैस सिलिंडर अब 934 रुपये में मिलेगा। वहीं अब 21 दिन से पहले बुकिंग नहीं होगी। इसका सीधा अर्थ ये है कि यदि 20 दिन या उससे पहले सिलिंडर खाली हुआ तो बिना सब्सिडी का सिलिंडर भी नहीं मिलेगा। इसलिए गैस खर्च करते समय ध्यान रखना होगा। एक गैस एजेंसी संचालक ने बताया कि सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को होगी, जिनके मोबाइल फोन खो गए है। ऐसे लोग अब तक एजेंसी पर आकर बुकिंग कराने के साथ ही डिलीवरी भी ले लेते थे, लेकिन अब ये कार्य मोबाइल के बिना नहीं होगा। हालांकि उन्होंने उम्मीद जताई की युद्ध समाप्त होने पर फिर से पहले जैसी व्यवस्था लागू हो सकती है।

## पानी निकासी स्थल पर अतिक्रमण करने वालों को एसडीएम की फटकार, जेसीबी से नाला कराया साफ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिंगाही खीरी।** सिंगाही कस्बे में गंदे पानी की निकासी वाली जगह पर मिट्टी डालकर अवैध कब्जा करने के मामले में निघासन एसडीएम राजीव निगम ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने अतिक्रमण करने वालों को कड़ी फटकार लगाते हुए पानी निकासी स्थल पर कब्जा करने से सख्ती से मना किया। रविवार को कस्बे की पहली पुलिया से होकर सिंगाही से बचैला फार्म जाने वाली सड़क पर बनी पुलिया के रास्ते कस्बे का गंदा पानी निकलता है। आरोप है कि क्षेत्रीय लेखपाल की मिलीभगत से सुनील बिरयानी सेंटर के पास कुछ भूमाफिया ने पानी निकासी की जगह पर मिट्टी डालकर तलैया पाटने और अवैध कब्जा करने का प्रयास किया। मामले की जानकारी मिलने पर नगर पंचायत के प्रभारी ईओ व एसडीएम राजीव निगम ने तत्काल संज्ञान लिया। उनके निर्देश पर जेसीबी मशीन भेजकर नाले की सफाई कराई गई और पानी निकासी का रास्ता दोबारा खोल दिया गया। निघासन एसडीएम राजीव निगम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि सरकारी भूमि या पानी निकासी स्थल पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि दोबारा ऐसा करने की कोशिश की गई तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ईरान-इजरायल युद्ध का असरः फिरोजाबाद में प्लास्टिक के दाने की आपूर्ति पर संकट, चूड़ी उद्योग होगा प्रभावित

**फिरोजाबाद।** ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच युद्ध का असर शहर के कांच और चूड़ी उद्योग पर पड़ रहा है। गैस का कोटा तो कम हुआ ही है। मुंबई, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, कानपुर सहित अन्य शहरों से आने वाले प्लास्टिक के दाने की आपूर्ति भी रुक गई है। जिससे चूड़ी पैकिंग के लिए बनने वाले डिब्बे डेढ़ गुणा तक महंगे हो गए हैं। ऐसे में कारोबारियों को पुराने आर्डर पर माल भेजना मुश्किल हो गया है। युद्ध के हालात में गेल इंडिया ने शहर के कारखानों को मिलने वाली नेचुरल गैस के कोटे में तीन लाख घन मीटर की कटौती कर दी है। उद्यमियों को अब महंगी गैस लेनी होगी। इधर पेट्रोलियम पदार्थ बनाने वाली रिलायंस, सिलिकान, गेल इंडिया सहित अन्य कंपनियों ने प्लास्टिक के दाने की आपूर्ति रोक दी है। इससे शहर में प्लास्टिक दाने से पैकिंग वाली फिल्म और डिब्बे बनाने इकाइयों में काम प्रभावित हो गया है।

शहर में इसकी 25 से 30 इकाइयां हैं। जलेसर रोड स्थित यूपीसीडा औद्योगिक आस्थान में कुछ इकाइयों में प्लास्टिक के दाने से पानी, कोल्ड ड्रिंक और शराब की बोतल पर लगने वाली सफेद फिल्म तैयार होती है। वहीं कुछ इकाइयों में चूड़ियों की पैकिंग के लिए प्लास्टिक के डिब्बे बनाए जाते हैं। इसके अलावा काफी चूड़ी कारोबारी मुंबई, दिल्ली, नोएडा से भी प्लास्टिक के डिब्बे मंगाते हैं। कारोबारियों का कहना है कि प्लास्टिक का दाना ग्रेड के अनुसार 100 से 140 रुपये प्रति किग्रा के हिसाब से आता है। वर्तमान में दाना मिलना मुश्किल हो रहा है। इसलिए जिन कारोबारियों पर स्टाक है वे 10 प्रतिशत रेट बढ़ा कर दे रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयुष्मान भारत योजना के तहत सम्मान समारोह व जागरूकता रैली

**भदोही।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च 2026 को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय तथा जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सम्मान समारोह, जागरूकता रैली और आयुष्मान हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। साथ ही योजना से सूचीबद्ध निजी चिकित्सालयों में भी स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। इस अवसर पर आयुष्मान भारत कार्ड बनाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला एएनएम, सीएचओ और आशा कार्यकर्ताओं को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही जिला अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया, जिसके माध्यम से लोगों को आयुष्मान भारत योजना के लाभों के प्रति जागरूक किया गया।

### एटीएम से पैसा निकालने आए व्यक्ति के खाते से उड़ गए 1.04 लाख रुपये

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के तिलंगा गांव निवासी गुरु कुमार कन्नौजिया के बैंक खाते से ऑनलाइन 1 लाख 4 हजार रुपये निकल जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार वह शनिवार सुबह एटीएम से पैसे निकालने पहुंचे थे और 10 हजार रुपये निकाले। इसके बाद उनके मोबाइल पर लगातार पैसे कटने के मैसेज आने लगे। इसकी जानकारी उन्होंने बैंक शाखा प्रबंधक को दी, जहां पता चला कि कनक ज्वेलर्स से 94 हजार रुपये और जंगीगंज एटीएम से चार बार में 10 हजार रुपये निकाले गए हैं। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### हरिद्वार एक्सप्रेस को वाराणसी से चलाने की उठी मांग

**गोपीगंज।** प्रयागराज से हरिद्वार जाने वाली हरिद्वार एक्सप्रेस को वाराणसी से वाया ज्ञानपुर रोड होते हुए चलाने की मांग उठी है। इस संबंध में सर्व समाज जनहित पार्टी ने रेल मंत्री और रेलवे अधिकारियों को मांग पत्र भेजा है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह ने प्रधानमंत्री, रेल मंत्री और पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक को रजिस्टर्ड डाक से भेजे पत्र में बताया कि वर्तमान में हरिद्वार एक्सप्रेस रात 11 बजे प्रयागराज से हरिद्वार के लिए रवाना होती है। यदि इसे वाराणसी से वाया ज्ञानपुर रोड चलाया जाए तो क्षेत्र के लोगों और व्यापारियों को लखनऊ, बरेली और हरिद्वार जाने के लिए बेहतर रेल सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि इससे काशी, प्रयागराज और हरिद्वार जैसे प्रमुख तीर्थस्थल आपस में जुड़ जाएंगे, वहीं भदोही जनपद के प्रसिद्ध तीर्थ सीतामढ़ी सेमराध नाथ तक भी दूर-दराज के श्रद्धालुओं को पहुंचने में सुविधा होगी।

### फागुन मास में मां विंध्यवासिनी से लस्सी लेकर बाबा विश्वनाथ का विशेष अभिषेक, डिप्टी कलेक्टर ने भी किया सहयोग



**मीरजापुर।** वाराणसी फागुन मास की पावन बेला में मां विंध्यवासिनी धाम के प्रमुख पुजारी पंडित अनुराग पांडे ने मां विंध्यवासिनी मंदिर से विशेष लस्सी लेकर काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने बाबा विश्वनाथ जी का लस्सी से अभिषेक किया, जो मां विंध्यवासिनी और बाबा विश्वनाथ के बीच के आध्यात्मिक संबंध को दर्शाता है।

इस दौरान काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर के डिप्टी कलेक्टर शंभू शरण ने स्वयं पंडित अनुराग पांडे के साथ मिलकर अभिषेक में भाग लिया। दोनों ने मिलकर बाबा का विधिवत पूजन किया, जिससे भक्तों में भक्ति की लहर दौड़ पड़ी। यह घटना मां विंध्याचल और काशी के बीच गहरे आस्था के बंधन को रेखांकित करती है। पंडित अनुराग पांडे ने बताया कि फागुन में मां की कृपा से यह सेवा संभव हुई, जो दोनों देवस्थलों की एकता का प्रतीक है। भक्तों ने इस अनोखे अनुष्ठान की सराहना की और हर-हर महादेव, जय मां विंध्यवासिनी के जयकारे लगाए। यह प्रसंग धार्मिक सद्भाव और परंपरा की जीवंत मिसाल है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सौ से अधिक महिलाओं का हुआ सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जनपद के आकांक्षी विकास खंड औराई में 'सम्पूर्णता अभियान-2026' के तहत रविवार को वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 100 से अधिक महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 500 महिलाओं ने भाग लिया।

इस दौरान लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम में 'पिंक रोजगार महाकुंभ 2026' के तहत 5,000 से अधिक महिलाओं को रोजगार ऑफर, 'रोजगार संगम पोर्टल' मोबाइल ऐप की लॉन्चिंग, 94 नव-नियुक्त मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण, मेधावी बालिकाओं व उत्कृष्ट महिला कार्मिकों को सम्मान, नारी शक्ति अवॉर्ड तथा कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी बालिकाओं को चेक वितरण सहित विभिन्न योजनाओं का डीबीटी अंतरण किया गया।

मुख्यमंत्री ने लाइव प्रसारण के दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हें स्वरोजगार अपनाने और देश निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल ने कहा कि सशक्त समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है और आधी आबादी के आगे बढ़ने से ही देश व प्रदेश का समग्र विकास संभव है। उन्होंने मातृशक्ति से बच्चों के पोषण, शिक्षा और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपील भी की।

कार्यक्रम में महिला बाल विकास, आजीविका मिशन, महिला कल्याण, शिक्षा विभाग और ग्राम्य विकास विभाग की सहभागिता रही। इस दौरान आजीविका मिशन के 15, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के 11 तथा प्रोबेशन विभाग के 15 लाभार्थियों सहित कई महिलाओं व बालिकाओं को सम्मानित किया गया।

## महिला दिवस के मौके पर शतरंज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**भदोही।** डीघ ब्लॉक के चकमान्धाता में स्थित खेल स्टेडियम में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जहां क्षेत्र की भारी संख्या में बच्चियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन भाजपा नेत्री प्रियंका जायसवाल ने किया। कार्यक्रम का आयोजक अमन गुप्ता ने बताया कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं का निखार होता है, और बौद्धिक क्षमता का भी विकास होता है। शतरंज के प्रति ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की रूचि बड़े जिसके क्रम में क्षेत्र के धनापुर, गहरपुर, चहरपुर, कौलापुर और मदनपुर के बच्चों को निःशुल्क प्राक्षिक्षण दिया गया जिसमें मेन्टर चांदनी बिन्द, सानिया अंसारी, प्रिया बिन्द, प्रेरणा यादव और शमा बानो ने काफ़ी सहयोग किया। शतरंज प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रमाणपत्र और मेडल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अमन गुप्ता, प्रभात यादव, अंकित यादव, श्लोक शाहू, द्वारिका यादव और रैना यादव समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## महिला दिवस पर अस्मिता लीग खेल प्रतियोगिताः सृष्टि यादव, अंशिका चौहान अक्षिता प्रथम




### ● विजेता खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर, कांस्य पुरस्कार देकर बढाया हौसला

**बस्ती।** बस्ती जिले में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय मेरा युवा भारत और खेलो इण्डिया द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम में अस्मिता लीग के तहत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र और विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रान्तीय परिषद सदस्य जगदीश प्रसाद शुक्ल ने विजेता खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर, कांस्य पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया। कहा कि खेलों का जीवन में विशेष महत्व है। यह जानकारी देते हुये जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव ने बताया कि बालिकाओं, युवतियों की 100 मीटर की दौड़ में सृष्टि यादव प्रथम, अदिता द्वितीय और मधु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर की दौड़ में अंशिका चौहान प्रथम, तनुश्री गौतम द्वितीय और रोशनी गौड़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर की दौड़ में अक्षिता प्रथम, सपना द्वितीय और मधु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर यह कार्यक्रम विशेष है जिसमें बालिकाओं, महिलाओं को अपने खेल प्रतिभा के प्रदर्शन का अवसर मिला। बताया कि प्रथम, द्वितीय और तृतीय के अतिरिक्त खिलाड़ियों में पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में क्रीडाधिकारी दिलीप कुमार, कोच दीप पटेल, विकास के साथ ही शुभम पंत, ओम प्रकाश मिश्र, डी.पी. यादव, परवेज आलम, आशुतोष पाण्डेय, सुशील कुमार, मो. आरिफ आदि ने योगदान दिया।

## चौरी क्षेत्र अंतर्गत गुम हुए 04 नाबालिगों को पुलिस के अथक प्रयास से मात्र कुछ घंटे में किया गया सकुशल बरामद



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अभिमन्यु मांगलिक ,पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन एवं शुभम अग्रवाल,अपर पुलिस अधीक्षक कुशल पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस द्वारा त्वरित सहायता/सुरक्षा जनपदवासियों को पहुंचायी जा रही है। इसी क्रम में थाना चौरी क्षेत्र अंतर्गत डायल 112 पर सूचना प्राप्त हुई की आज दिनांक 08.03.2026 को सुबह 07.00 बजे से चार बच्चे घर से गायब है, काफी खोजबीन किया गया किन्तु नही मिलें। जिसके सम्बन्ध में तत्काल मौके पर पहुंचकर पीआरवी कर्मियो द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आसपास खोजबीन/पूछताछ किया गया तो ज्ञात हुआ कि उपरोक्त गुमशुदा बच्चें बरवां नहर के पास मौजूद है।

जिनको सकुशल गुमशुदा चारों बच्चों को उनके घर लाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया। पी0आर0वी कर्मियों का यह कार्य आमजनमास में प्रसारित होकर जगह जगह जनता द्वारा यू0पी0-112 की सराहना हो रही है एवं आमजनमानस द्वारा यू0पी0-112 के कार्यों की भूरि- भूरि प्रशंसा की जा रही है।

## इंडियन डेंटल एसोसिएशन मिर्जापुर शाखा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन टाटा मोटर्स भरूहना में किया गया




**मीरजापुर।** रविवार को इंडियन डेंटल एसोसिएशन मिर्जापुर शाखा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन टाटा मोटर्स भरूहना में किया गया। उक्त शिविर में 15 रजिस्ट्रेशन के पश्चात 7 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का आयोजन सी डी एच कन्वीनर डॉ कनिष्का चौरसिया ने डॉ पीयूष जैन की अध्यक्षता में किया, अध्यक्ष डॉ पीयूष जैन, पूर्व अध्यक्ष डॉ राहुल चौरसिया, अमित पांडेय, प्रसून वर्मा, सत्यम तिवारी सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया। मझवा विधायक शुचिस्मिता मौर्या मुख्य अतिथि रहीं साथ ही संगठन के सचिव डॉ राजेश यादव, डॉ अमित केसरवानी, डॉ आनंद दूबे, डॉ शिवांगी शुक्ला, डॉ नरेंद्र तिवारी, संजय चौरसिया,तनिष्का चौरसिया, ऋषि त्रिपाठी, शिवम् चौरसिया, चंदन यादव, निहाल यादव, प्रानिल जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग व्यायाम जरूरी- राजेश कुमार पाल

### ● विशाल साइकिल यात्रा मे 400 चालकों ने भाग लिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोपीगंज।** पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्देश्य से भदोही साइकिलिंग क्लब द्वारा रविवार को निकाली गई विशाल साइकिल यात्रा ने जन जागरूकता की नई मिसाल कायम की । इस प्रेरणादायक अभियान का नेतृत्व क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष अताउल मुस्तफा अंसारी ने किया जिनकी सोच और संकल्प ने युवाओं से लेकर समाजसेवियों तक एक मंच पर लाकर पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवन शैली का संदेश दिया।

गोपीगंज राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से शुरू हुई साइकिल यात्रा को वरिष्ठ चिकित्सक एस एस यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल यात्रा आरंभ होकर शहीद तिराहा, कांजी हाउस, आजाद नगर होते हुए सी.डी.वी. पब्लिक स्कूल पर्वतपुर पहुंची। वहां पहुंचने पर सी.डी.वी. पब्लिक स्कूल के निदेशक राजेश कुमार पाल और प्रधानाध्यापक सोनी गुप्ता अपने अध्यापक और छात्र-छात्राओं के साथ उपस्थित रहे और सभी साइकिल चालकों का फूलमाला और तालियों से जोरदार स्वागत किया।

सी.डी.वी. पब्लिक स्कूल के निदेशक राजेश कुमार पाल ने कहा कि सभी को ब्रह्म मुहूर्त में उठकर योग व्यायाम करना चाहिए। योग व्यायाम से हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और हम बीमार नहीं पड़ते। आसपास के कार्य साइकिल से करें इससे हमारा रूटीन व्यायाम भी होगा और मोटरसाइकिल और कार से निकलने वाला प्रदूषण भी कम होगा। आगे उन्होंने कहा कि भदोही साइकलिंग क्लब का कार्य बहुत ही सराहनी और प्रशंसनीय है जो भदोही जनपद को पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में आगे ले जा रहें हैं।

सी.डी.वी. पब्लिक स्कूल के निदेशक राजेश कुमार पाल और प्रधानाध्यापक सोनी गुप्ता ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया। सैकड़ों साइकिल चालकों के साथ साइकिल यात्रा पुनः आरंभ होकर अमवा, माधोपुर, चक दफ्तर बंद, हीराचक डेहरिया, सारीपुर, लोहरा खास, दीवानपुर, जोहरपुर, झीलियापुल, गोपपुर के आस पास का भ्रमण करते हुए *वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ, वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पुरे उत्तर प्रदेश को स्वस्थ्य बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम* का नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए पुनः सी.डी.वी. पब्लिक स्कूल पर्वतपुर में इसका समापन हुआ ।

साइकिल यात्रा में अजय कुमार, अनामिका बिंद, प्रवीण श्रीवास्तव, योगेश कुमार, परवेज़ खान, बेचन सिंह, जगदीश यादव, बनारसी बिंद, प्रमोद मौर्या, रितिक कनौजिया, हिमांशु चौधरी, विकी सोनी, आर्या, मानसी यादव, सबा बानो, खुशी यादव, संध्या मौर्या, प्रिया पाल, पायल विश्वकर्मा, सृष्टि विश्वकर्मा, अदिति तिवारी, पूजा बिंद, दीक्षा तिवारी, आयुष पाल, पायल पाल, नेहा, निधि, रचना सिंह, प्रवीण सिंह, राजीव जायसवाल, अज़हान खान, संदीप बिंद, सरफराज अहमद, श्याम सुंदर बिंद, कार्तिक सुनील, कमलेश कश्यप, मुज्तबा अंसारी, आशीष बिंद, जिगर गुप्ता, विपिन चौधरी, नैतिक कनौजिया, आनंद बिंद, ताहा खान, उज्जवल गुप्ता, अभी कनौजिया, अबू हुरैरा, आदर्श बिंद, अश्वनी चौधरी, रोहित बिंद, आर्यन यादव, संजय चौधरी, सक्षम बिंद, शिवम चौधरी, अंश बिंद, धन शेखर चौधरी, अनुराग कुमार, अनुज चौधरी, हिमांशु बिंद, आयुष यादव, प्रिंस यादव, अमन यादव, कुलदीप पाल, अनुकल्प यादव, अभिज्ञान पाल, प्रिंस पाल, शनि यादव, हिमांशु पाल, शिव मोहन शर्मा, कृष्ण मोहन, आयुष शुक्ला, शौर्य मौर्या, अंश मौर्या, युवराज सिंह, सोनू यादव, विवेक गौड, शीतला प्रसाद, शिवांग तिवारी, प्रतीक सिंह, अंशु यादव सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## कोइरौना पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान पशु तस्करी में लिप्त गिरोह के 02गो तस्करों को गिरफ्तार

### ● कर कब्जे से स्कॉर्पियो कार में क्रूरतापूर्वक वध हेतु ले जाए जा रहे 03 गोवंश (बैल/सांड) बरामद





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद में पशु तस्करी पर पूर्णतः विराम लगाने के निर्देश के क्रम में शुभम अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार पशु तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त के क्रम में आज दिनांक-08.03.2026 को थाना कोइरौना पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति एवं सफेद रंग की स्कॉर्पियो को रोकने का इशारा किया गया। पुलिस वालों को देखकर स्कॉर्पियो में बैठे 03 व्यक्ति अंधेरे में उतरकर सिंह बस्ती बगीचे की तरफ भागें जिसमें से एक व्यक्ति एवं मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को पुलिस बल द्वारा पकड़ लिया गया। वाहन तलाशी में स्कार्पियो के पिछली सीट को निकालकर उसमे तीन राशि सांड़ (बैल) गोवंश को क्रूरता पूर्वक ठूंस-ठूंसकर पैर व मुंह को बांधकर लादा गया था, उन्हें मुक्त कराया गया। कुल 03 राशि गोवंश बरामद हुए जिनको मौके पर चारा-पानी की व्यवस्था करा दिया गया। अभियुक्त का यह कृत्य अन्तर्गत धारा 3/5/8 उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम व धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का दण्डनीय अपराध है जिसका बोध कराते हुए नियमानुसार कारण गिरफ्तारी बताकर हिरासत पुलिस लिया गया। बरामद वाहन स्कॉर्पियो एवं मोटरसाइकिल का कागजात चालक से तलब करने पर कोई कागजात न दिखा पाने पर वाहन उपरोक्त को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में जरिये ई चालान एप के माध्यम से मौके पर सीज किया गया।

इकबाल द्वारा बताया गया कि मेरा एक गैंग है जिसका लीडर मैं हूं। हम लोग गैंग बनाकर दुनियाबी व भौतिक व आर्थिक लाभ के लिये गोवंश (बैल/सांड) को इकठ्ठा करके लादकर कई बार पण्डुआ पश्चिम बंगाल वध हेतु ले जाते है तथा पूर्व में भी हम लोगो ने मिलकर गोवंशों को कई बार पण्डुआ पश्चिम बंगाल ले गये हैं, पर पकड़े नहीं गये थे, गोवंशों को बेचने के बाद मिले हुये पैसों को हम लोग आपस में मिल बाटकर अपनी सुख सुविधाओं व विलासिता में खर्च करते है। मौके से भागने वालों का नाम राहुल कुमार पुत्र छोटेलाल निवासी इटहरा थाना कोईरौना जिला भदोही तथा अमित सिंह उर्फ सुद्दल सिंह उर्फ शिवम पुत्र जटाशंकर सिंह निवासी इटहरा थाना कोईरौना जनपद भदोही थे। इकबाल द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि हमारे तीनों साथी मिलकर गोवंश (साडों) को इकठ्ठा करके रखते है फिर मुझे सूचना देते तो हम आते हैं। हम लोग मिलकर तीनों बैलों को पहले हम लोग नशे का इंजेक्शन दिये थे, फिर जब वो बेहोशी के हालत में हुये तो उन्हे हम लोग स्कार्पियो पर लादकर माण्डा प्रयागराज, मिर्जापुर, चन्दौली, चैनपुर सिरसी (बिहार) के रास्ते पण्डुआ पश्चिम बंगाल वध हेतु ले जानें वाले थे कि तब तक आप लोगों ने पकड़ लिया।

## गंगा की लहरों पर पूजा कर भारत को विश्व विजेता बनाने की प्रार्थना की गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** T20 वर्ल्ड कप में भारत को विश्व विजेता बनने के लिए मिर्जापुर में गंगा की लहरों पर क्रिकेट प्रेमियों द्वारा की गई विशेष पूजा, आज भारत और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा ञ्20 वर्ल्ड कप का फाइनल।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आज T20 वर्ल्ड कप का खिताब जीतने के लिए भारत और न्यूजीलैंड के टीम के बीच मुकाबला होने जा रहा है इस फाइनल मुकाबले में भारत को जीत दिलाने के लिए पूरे देश भर में प्रार्थना एवं दुआओं का दौर जारी है इसी क्रम में मिर्जापुर के विंध्याचल में गंगा की लहरों पर क्रिकेट प्रेमियों द्वारा विशेष पूजन अर्चना एवं हवन का आयोजन किया गया देश में भगवान और मां गंगा से प्रार्थना की गई की भारत T20 वर्ल्ड कप का खिताब जीते और इसके साथ ही तीन बार किताब जीतने का रिकॉर्ड अपने नाम करें क्रिकेट प्रेमियों को आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि भारत इस मैच में न सिर्फ रनों का रिकॉर्ड बनाएगी बल्कि मैच को जीतकर नया इतिहास भी बनाएगा।

T20 वर्ल्ड कप में भारतीय क्रिकेट टीम 2007 और 2024 में जीत दर्ज कर चुकी है 2000 यदि इस बार जीत दर्ज करती है तो तीन बार जीत का किताब भी भारतीय टीम के नाम दर्ज हो जाएगा । देखना यह है कि भारत क्या यह खिताब अपने नाम दर्ज करा पाता है। अभी तक भारत-वेस्टइंडीज और इंग्लैंड दो-दो बार यह खीताब अपने नाम कर चुकी है।

भारत के पास एक अच्छा मौका है नया रिकार्ड बनाने का। दौरान धीरज तिवारी, चानिका निषाद (कल्लू), लक्ष्मी नारायण (फुसे), किशुन निषाद (सचिन), कन्हैया लाल साहनी, महेंद्र निषाद, अर्जुन, राकेश निषाद, गुलाब निषाद, विनोद निषाद, सोहन निषाद, बसंत लाल निषाद, चंदन साहनी, गौतम निषाद, छोटू, अजय निषाद, आदि लोग उपस्थित रहें।

## आदर्श ब्राह्मण मंच द्वारा होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** आदर्श ब्राह्मण मंच मिर्जापुर के तत्वाधान में नगर के रामबाग स्थित सुरभि शोध संस्थान के सभागार में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बालेंदुमणि त्रिपाठी,अध्यक्षता पंडित चंद्रमौली त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता गोविंद प्रसाद त्रिपाठी, डॉ.आकाश उपाध्याय, डॉ.नागेंद्र प्रसाद द्विवेदी, राजेश मिश्रा ज्योति, राजीव ओझा, शिशिर पांडेय रहे। आदर्श ब्राह्मण मंच के रमेश पांडेय, उत्कर्ष मिश्रा ने उपस्थित अतिथियों को अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली कि शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में उपस्थित सुरेंद्र मिश्र अंकुर, राजेश मिश्रा ज्योति, रमेश पांडेय, मिर्जापुरी भकाभक आदि कवियों ने अपने काव्य रचना के माध्यम से होली गीत, चैता, हास्य लोकगीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। उपस्थित ब्राह्मण समाज के लोगों के तालियों कि गड़गड़ाहट गूंजती रही। इस अवसर आदर्श ब्राह्मण मंच के जिलाध्यक्ष डॉ.दीपक उपाध्याय, नगर अध्यक्ष शशिकांत मिश्रा, कोषाध्यक्ष सौरभ पुजारी, महामंत्री डॉ. बंगलेश पांडेय, अखिलेश पांडेय, लक्ष्मीकांत पांडेय, जटाशंकर पांडेय, अरविंद त्रिपाठी, भुवनेश्वर मिश्रा, अमित पांडेय, मुन्ना चौबे, ज्ञानप्रकाश मिश्रा, राकेश मिश्रा, संजय त्रिपाठी, रूपेश पांडेय, दिलीप पाठक, अनिल मिश्रा, प्रेमशंकर पांडेय, श्रीशरंजन द्विवेदी, गोपीनाथ मिश्रा,राजेश अवस्थी, राजेश त्रिपाठी, उमेश तिवारी मिंटू, प्रभात मिश्रा, श्रीधर चतुर्वेदी, राजेश तिवारी, अमित पांडेय सहित बड़ी संख्या ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम सह संयोजक प्रदीप शुक्ला ने किया।

## डीजल चोरी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**गोपीगंज।** हाईवे किनारे खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह के खिलाफ गोपीगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना प्रेम साहू उर्फ मुन्ना राय समेत पांच आरोपियों को नामजद किया है। प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार राय के अनुसार जिलाधिकारी भदोही से अनुमोदित गैंग चार्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। पुलिस के मुताबिक यह गिरोह हाईवे किनारे खड़े वाहनों के टैंक का लॉक तोड़कर डीजल चोरी करता था और इनके खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से भी मुकदमे दर्ज हैं। जिलाधिकारी द्वारा 27 फरवरी 2026 को गैंग चार्ट स्वीकृत होने के बाद आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 की धारा 3(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि गिरोह की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्रीन गुरु जी ने किया क्रोटोन के पौध का रोपण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 को 3904वें दिन लगातार पौध रोपण के क्रम में खेल क्रान्ति एवं पर्यावरण शुद्धिकरण फाउंडेशन, ट्रस्ट द्वारा संचालित पर्यावरण शुद्धिकरण अभियान के संस्थापक,सचिव , अनिल कुमार सिंह,ग्रीन गुरु जी, मा. मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ जी द्वारा गंगा सेवक सम्मान से सम्मानित, प्रधानाचार्य, शान्ति निकेतन इण्टर, कॉलेज, पचोखरा, मीरजापुर , नमामि गंगे, जिला गंगा संरक्षण समिति एवं जिला पर्यावरणीय समिति सदस्य, मीरजापुर, ब्रांड अम्बेस्डर तथा ध्वजारोहक स्वच्छता, नगरपालिका परिषद, मीरजापुर द्वारा 01 जुलाई 2015 से लगातार प्रति दिन किये जा रहे पौध रोपण के 3904 वें दिन के क्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर क्रोटोन के पौध का रोपण जे. पी. पुरम, कॉलोनी, पटेलनगर, कतवारू के पूरा,मीरज़ापुर के अपने आवासीय परिसर के गमले में ग्रीन गुरु जी ने विनीता सिंह के सहयोग से किया।

## आज भदोही आएंगी राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष




**भदोही।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान 09 मार्च को भदोही दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह जिला महिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगी, महिला बंदीगृह का निरीक्षण करेंगी तथा सर्किट हाउस में महिला कल्याण से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक करेंगी। इसके अलावा वह विकास खंड भदोही में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भी प्रतिभाग करेंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### होली के बाद मंदिर परिसर में चलाया गया बृहद स्वच्छता अभियान



**नैनी, प्रयागराज।** होली पर्व के पश्चात रविवार को सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वावधान में श्री शूलटांकेश्वर महादेव मंदिर,अरैल परिसर में बृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान रविवार को प्रातः 7:00 बजे से आयोजित किया गया।कार्यक्रम अधिकारी एडवोकेट आत्म प्रकाश यादव के नेतृत्व में मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर और गंगा घाट पर फैली गंदगी को साफ किया गया।

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिस प्रकार हम अपने घरों को स्वच्छ और साफ रखते हैं, उसी प्रकार मंदिर, देवालय और गंगा घाटों को भी स्वच्छ रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। होली पर्व के बाद मंदिर परिसर में काफी गंदगी जमा हो गई थी, जिसे सरस्वती परिवार के सदस्यों ने मिलकर साफ किया।स्वच्छता अभियान के दौरान उपस्थित लोगों ने एक स्वर में लोगों से अपील की कि गंगा घाटों, शिव मंदिरों एवं अन्य धार्मिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने में सभी को सहयोग करना चाहिए।इस अवसर पर धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, शशिकांत पांडेय, इंदु प्रकाश सिंह, प्रियांशु उपाध्याय, धीरज रजवानी, शैलेंद्र पाल, नीरज पांडेय, विनोद गुरानी, सौरभ यादव, गौरव यादव और आर्यन यादव सहित कई लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### सड़क किनारे खड़े ट्रक में लगी भीषण आग,मची अफरा तफरी



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत विकास खंड चाका मुख्यालय के पास रीवा राजमार्ग स्थित डभांव में सड़क किनारे रविवार दोपहर खड़े एक ट्रक में अचानक आग लग गई। आग की तेज लपटें उठती देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया।स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड स्टेशन नैनी को दी।

सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग इतनी भीषण थी कि रीवा राजमार्ग पर दोनों तरफ से आने वाले वाहन रुक गए, जिससे कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई।घटना की जानकारी मिलते ही नैनी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और स्थिति को नियंत्रित किया। ट्रक चालक, जो कि चित्रकूट जनपद के मऊ थाना क्षेत्र का निवासी बताया गया है, वह ट्रक खड़ा कर मिस्त्री बुलाने गया था। इसी दौरान अचानक ट्रक में आग लग गई। ट्रक के मालिक अनिल सिंह बताए जा रहे हैं।

### छत से ईंट-पत्थर फेंककर बुजुर्ग व उनके बेटे को किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के गंजिया गांव में पड़ोसियों द्वारा छत से ईंट-पत्थर फेंकने का मामला सामने आया है। इस घटना में एक बुजुर्ग और उनके बेटे को चोटें आई हैं। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।ग्राम गंजिया, थाना नैनी निवासी रामचन्द्र पुत्र स्व. सिपाही लाल, जो कि सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं, ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 6 मार्च 2026 को सुबह करीब 10 बजे वह अपने बेटे संदीप कुमार के साथ एक रिश्तेदार को छोड़ने जा रहे थे। उसी दिन उनके घर में पोती का जन्मदिन भी था।

रामचन्द्र के अनुसार, इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले संतोष पुत्र गुण्डे, उसके बेटे गोलू व अंशु, दिवेश पुत्र लवकुश तथा आकाश समेत अन्य लोगों ने छत से ईंट-पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। अचानक हुए इस हमले में रामचन्द्र और उनके बेटे संदीप कुमार को चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोग झगड़ालू प्रवृत्ति के हैं और अक्सर विवाद करते रहते हैं। उनका कहना है कि उनका परिवार शांतिप्रिय है और सभी सदस्य अपने काम-धंधे में लगे रहते हैं, जिससे पड़ोसी उनसे जलन रखते हैं।रामचन्द्र ने थाना नैनी में लिखित तहरीर देकर घटना की सूचना दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मिलिट्री हॉस्पिटल में स्वास्थ्य जागरूकता एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**ब्यूरो प्रयागराज।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को मिलिट्री हॉस्पिटल प्रयागराज द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कोबरा ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ, जिसमें सैन्य कर्मियों के परिवारों सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दीपिका डागर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य जांच और संतुलित जीवनशैली अपनाना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य जागरूकता पर आधारित एक नाट्य प्रस्तुति और विशेषज्ञों के व्याख्यान आयोजित किए गए। नाटक के माध्यम से उच्च रक्तचाप, मधुमेह और मोटापे जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के बढ़ते खतरे को सरल और प्रभावी तरीके से समझाया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली और असंतुलित खानपान के कारण ये बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, जिनसे बचाव के लिए नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण बेहद जरूरी है। इसके साथ ही कार्यक्रम के अंतर्गत एक व्यापक चिकित्सा शिविर भी लगाया गया, जिसमें विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लाभार्थियों की जांच और परामर्श किया गया। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच, नेत्र परीक्षण, ईएनटी परामर्श, अस्थि घनत्व जांच, स्त्री रोग परामर्श, त्वचा रोग परामर्श, दंत परीक्षण, टीकाकरण, आहार विशेषज्ञ परामर्श तथा प्रयोगशाला जांच जैसी कई महत्वपूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

चिकित्सा शिविर के दौरान कुल 25 लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई, जबकि 15 लोगों का नेत्र परीक्षण और 15 लोगों को ईएनटी विशेषज्ञ से परामर्श मिला। अस्थि घनत्व जांच की सुविधा का सबसे अधिक लाभ मिला, जिसमें 69 महिलाओं की जांच की गई। इसके अलावा 5 महिलाओं ने स्त्री रोग विशेषज्ञ से परामर्श लिया, 18 लोगों को त्वचा रोग संबंधी परामर्श दिया गया और 8 लोगों का दंत परीक्षण किया गया।

शिविर में एक व्यक्ति को टीकाकरण सेवा दी गई, जबकि 4 लोगों ने आहार विशेषज्ञ से स्वास्थ्य संबंधी सलाह ली। इसके अतिरिक्त 10 लोगों की प्रयोगशाला जांच भी की गई। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं और उनके परिवारों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के साथ ही स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना की। प्रतिभागियों ने कहा कि इस तरह के शिविर न केवल स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान में मदद करते हैं, बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित करते हैं।

आयोजकों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं और उनके परिवारों में निवारक स्वास्थ्य देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, ताकि बीमारियों का समय रहते पता लगाकर उनका उपचार किया जा सके। मिलिट्री हॉस्पिटल प्रयागराज के अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल सेवा कर्मियों, उनके परिवारों और स्थानीय समुदाय को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। भविष्य में भी इस तरह के स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम और चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## सशक्त बेटी से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण: 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम में मेधावी बालिकाएं सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**ब्यूरो प्रयागराज।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विकास भवन, प्रयागराज में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फुलपुर के सांसद प्रवीण पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया तथा मेधावी बालिकाओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लाइव माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े और अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि सशक्त बेटी ही सशक्त परिवार, सशक्त समाज और सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

सांसद प्रवीण पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़कर समाज और देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाना ही समाज के समग्र विकास की कुंजी है। कार्यक्रम में उपस्थित मेधावी छात्राओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों–शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सेवा और महिला सशक्तिकरण–में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाली महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि समाज में महिलाओं को समान अवसर मिलने से वे और अधिक प्रभावी ढंग से समाज के विकास में योगदान दे सकती हैं।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने यह अनुभव किया कि नारी केवल समाज की सहभागी ही नहीं, बल्कि समाज परिवर्तन की धुरी भी है। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारी, विभिन्न विभागों के कर्मचारी, शिक्षिकाएं, छात्राएं और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना तथा महिला सशक्तिकरण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था।

## सिविल लाइंस व्यापार मंडल का होली मिलन एवं व्यापारी सम्मान समारोह संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** सिविल लाइंस व्यापार मंडल द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह एवं व्यापारी सम्मान समारोह बड़े ही उत्साह, सौहार्द और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शहर के अनेक प्रतिष्ठित व्यापारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

समारोह के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी, प्रयागराज के सांसद प्रवीण पटेल, प्रयागराज के महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी तथा शहर उत्तरी प्रयागराज के विधायक हर्षवर्धन बाजपेई की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने अपने संबोधन में व्यापारियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए समाज और अर्थव्यवस्था में व्यापारियों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान व्यापार मंडल द्वारा क्षेत्र के कई सम्मानित व्यापारियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुशील खरबंदा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि होली मिलन जैसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, प्रेम और एकता को मजबूत करने का माध्यम बनते हैं।

महामंत्री शिव शंकर सिंह ने व्यापारियों की एकजुटता और संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। समारोह में वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष अरोड़ा, कोषाध्यक्ष शशांक जैन सहित रितेश सिंह, शेख डाबर (वकील), सरदार रणवीर सिंह, सरदार हैप्पी सिंह, मेघराज यादव, हरीश बक्शी, इंद्र मध्यान, सुबोध अग्रवाल, दीपक बग्गा, संजय गुप्ता, कैलाश करेरा, राजेश जायसवाल, आदित्य खरबंदा, पदुम जायसवाल, अनिल गुप्ता (अन्नू भैया), रौनक गुप्ता, राहुल शर्मा, कुशाग्र खरबंदा, डी.के. अग्रवाल, राजकमल जायसवाल, अजीत जायसवाल, प्रभात पांडे सहित सिविल लाइंस क्षेत्र के सैकड़ों सम्मानित व्यापारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रभाकर त्रिपाठी द्वारा किया गया। समारोह के दौरान प्रसिद्ध गायक सूर्या दुबे ने होली के पारंपरिक एवं लोकप्रिय गीतों की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिससे पूरा वातावरण रंगों और उत्साह से सराबोर हो उठा।

## व्यापार मंडल नैनी द्वारा होली मिलन समारोह सम्पन्न हुआ

**समारोह,में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सहभोज का भव्य आयोजन।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** व्यापार मंडल नैनी के तत्वावधान में स्टेशन रोड, नैनी में होली मिलन समारोह, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सहभोज का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के व्यापारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर प्रयागराज उमेश चन्द्र गणेश केसरीवानी जी रहे। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को होली की शुभकामनाएँ देते हुए आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता और व्यापारियों की एकता को और मजबूत बनाने का संदेश दिया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. रीता बहुगुणा जोशी (पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री), संजय गुप्ता (महानगर अध्यक्ष, भाजपा), पूजा पाल (विधायक चायल), अभिलाषा गुप्ता नंदी (पूर्व महापौर प्रयागराज), सनातनी अखाड़ा), मुरारी लाल अग्रवाल (पूर्व डिप्टी मेयर) तथा पद्म नारायण जायसवाल (अध्यक्ष ए.के. जायसवाल सभा) सहित कई गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं होली के गीतों पर रंगारंग कार्यक्रम ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। 'अमित अभिनया म्यूजिकल ग्रुप' द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम ने माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं।कार्यक्रम के आयोजक एवं व्यापार मंडल नैनी के अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, सौहार्द और एकता को बढ़ाने का कार्य करते हैं।अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों ने सहभोज का आनंद लिया और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में राजीव वर्मा (गुड्डू भाई), हाशिम, घनश्याम जायसवाल, धर्मराज पटेल, राजेश शर्मा, नाजिम खान, भुवर जायसवाल, रणजीत सिंह, सुभाष केशरवानी, रणविजय सिंह डब्बू, मोनू जायसवाल, योगेश चौरसिया, पिंटू जैन आदि लोग उपस्थित रहे।

### उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से जिलाध्यक्ष प्रयागराज गंगापार निर्मला पासवान की स्नेहिल भेंट



**प्रयागराज।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या के प्रयागराज आगमन पर जिलाध्यक्ष प्रयागराज गंगापार निर्मला पासवान ने (बमरौली एयरपोर्ट) परउनका स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान ने उपमुख्यमंत्री से आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। भेंट के दौरान क्षेत्र के संगठनात्मक कार्यों, जनसमस्याओं तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी संक्षिप्त चर्चा हुई। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कार्यकर्ताओं को संगठन को और मजबूत करने तथा जनता की सेवा में निरंतर सक्रिय रहने का संदेश दिया। जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान ने उपमुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिलती है और संगठन को मजबूती प्राप्त होती है। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी उपमुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया।

## प्रयागराज: लीडर रोड स्थित होटल में सुबह लगी आग, फायर ब्रिगेड ने समय रहते पाया काबू



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** शहर के व्यस्त इलाके लीडर रोड पर रविवार सुबह एक होटल में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सुबह करीब 7 बजे लगी इस आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग बुझ जाने से एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह होटल की ऊपरी मंजिल से धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दीं। आसपास के लोगों ने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पा लिया। घटना के समय होटल में मौजूद कर्मचारियों और अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। हालांकि आग लगने से होटल के कुछ हिस्सों में नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। संभावना जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी हो सकती है, हालांकि इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

## जिलाधिकारी ने विगत तहसील दिवस के 51 निस्तारित प्रकरणों का 17 जिला स्तरीय अधिकारियों से कराया परीक्षण

**● 05 कार्मिकों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही, 03 कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस एवं 01 कार्मिक को चेतावनी पत्र निर्गत किए जाने के दिए निर्देश।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** द(शनिवार) को तहसील मेजा, प्रयागराज में सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा विगत तहसील दिवस के निस्तारित प्रकरणों में से रैण्डम आधार पर 51 निस्तारित प्रकरणों का परीक्षण 17 जिला स्तरीय अधिकारियों से कराया गया, जिसमें 11 ऐसे प्रकरण पाये गये जो जिला स्तरीय अधिकारियों के परीक्षण में शिकायतकर्ताओं से असंतोषजनक फीडबैक प्राप्त हुआ।

श्रीमती विभा, लेखपाल, मेजा, अमरनाथ लेखपाल, मेजा, अरविन्द कुमार सिंह, लेखपाल, अजय कुमार भारतीय, लेखपाल, भारत रत्न त्रिपाठी, राजस्व निरीक्षक, कार्यालय (दैवी आपदा) द्वारा बिना निस्तारण किये असंतोषजनक आख्या प्रस्तुत की गयी है। इन सभी लोगों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित की गई। दिनेश चन्द्र पाठक, स0वि0अ0 (पं0), सुनील कुमार श्रीवास्तव, लेखपाल, रामचन्द्र यादव, वन दरोगा, मेजा रेंज को असंतोषजनक आख्या प्रस्तुत की गयी है। कारण बताओ नोटिस प्रस्तावित। अरविन्द कुमार सिंह, लेखपाल को चेतावनी पत्र निर्गत हेतु प्रस्तावित है।

उक्त के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा यह निर्देश दिया गया कि जिन अधिकारी कर्मचारियों ने असंतोषजनक आख्या प्रस्तुत की गयी है जिस हेतु 05 कार्मिको को विभागीय कार्यवाही व सरसरी तौर पर आख्या प्रेषित किये जाने हेतु 03 कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस एवं 01 कार्मिक को चेतावनी पत्र निर्गत किया जाय। कार्यो में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर अधिकारियों/लेखपालों के विरूद्ध की गयी कार्रवाई।। उपजिलाधिकारी बारा

**ब्यूरो प्रयागराज।** उप जिलाधिकारी बारा के द्वारा अधीक्षक-सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा तथा शंकरगढ़ एवं उपखण्ड अधिकारी विद्युत कौंधियारा तथा रींवा रोड को सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग नहीं करने के कारण विभाग से सम्बंधित शिकायतों का निस्तारण न हो पाने, कार्य में उदासीनता बरतने से शिकायतों की संख्या में बढ़ने तथा फीडबैक असंतुष्ट पाये जाने पर उपरोक्त सभी से तीन दिवस में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। उपस्थित न होने की स्थिति में कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को आख्या प्रेषित कर दी जायेगी।

**तहसील हण्डिया** उपजिलाधिकारी हण्डिया ने लेखपाल अनिल कुमार पासवान-क्षेत्र उपरदहा हण्डिया के द्वारा शासन की महत्वपूर्ण योजना फार्मर रजिस्ट्री, डिजिटल क्राप सर्वे व तहसील दिवस में शासकीय कार्यो के प्रति घोर शिथिलता लापरवाही बरतने के लिए प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की है। **तहसील मेजा** उपजिलाधिकारी मेजा ने लेखपाल रमाशंकर (क्षेत्र ग्राम महिला) को वरासत में विधवा का नाम छोड़ने व कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की है।

**तहसील कोरांव** तहसीलदार कोरांव ने लेखपाल शुभम कुमार मिश्र-क्षेत्र भगेसर, कोरांव को उच्चाधिकारियों के आदेशों/निर्देशों का ससमय पालन सुनिश्चित नहीं करने तथा तहसील की छवि धूमिल करने के कारण विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दी है साथ ही भविष्य के लिए सचेत किया है कि ऐसी पुनरावृत्ति न हो।

## प्रयागराज में 'ASMITA महिला एथलेटिक्स लीग' का भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा।

ब्यूरो प्रयागराज। मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में रविवार को ASMITA महिला एथलेटिक्स लीग' का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की पहल ASMITA के अंतर्गत माय भारत, प्रयागराज तथा भारतीय खेल प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश खेल विभाग के संयुक्त समन्वय से खेलो इंडिया योजना के 'स्पोर्ट्स फॉर विमेन' घटक के तहत आयोजित की गई। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं और बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हर्षिका सिंह (मुख्य विकास अधिकारी) रहीं। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अंडर-18 वर्ग की 400 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता की शुरुआत कराई। अपने संबोधन में उन्होंने महिला खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि महिलाओं के सामने चुनौतियाँ अवश्य अधिक होती हैं, लेकिन यदि वे दोगुनी मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें तो सफलता निश्चित है। उन्होंने कहा कि आज के नए भारत में महिलाएँ खेल, शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए सभी महिलाओं को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ की स्पर्धाएँ विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित की गईं। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों के लिए मनोरंजक सामूहिक खेल रस्साकशी का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विजेता दो टीमों को प्रमाण-पत्र, टी-शर्ट और पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

पुरस्कार वितरण समारोह में विनोद कुमार सिंह (सिटी मजिस्ट्रेट), जागृति पांडेय (उपनिदेशक, माय भारत प्रयागराज) तथा प्रेम कुमार (क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी) ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र, टी-शर्ट और मेडल देकर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता के परिणाम

**अंडर-13 वर्ग** इस वर्ग में 100 मीटर दौड़ में ईशानवी यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में इशिता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। 100 मीटर में साक्षी गुप्ता, 200 मीटर में वाशु भारतीया तथा 400 मीटर में अनन्या निषाद द्वितीय स्थान पर रहीं। तृतीय स्थान 100 मीटर और 200 मीटर में रिया यादव तथा 400 मीटर में अध्या गुप्ता को मिला।

**अंडर-18 वर्ग** इस वर्ग में खुशी यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 100, 200 और 400 मीटर तीनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक हासिल किए। 100 मीटर में नाविका, 200 मीटर में मोहिनी और 400 मीटर में नगमा बानो द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं 100 मीटर में नगमा बानो तथा 200 और 400 मीटर में पतंजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग** इस वर्ग में 100 और 200 मीटर दौड़ में रेशमी यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि 400 मीटर दौड़ में पूजा पटेल विजेता रहीं। 100 और 200 मीटर में शालू सिंह तथा 400 मीटर में शीतल सिंह द्वितीय स्थान पर रहीं। तृतीय स्थान 100 और 400 मीटर में श्रेया सिंह तथा 200 मीटर में प्रतिमा सिंह को प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं और बालिकाओं ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस प्रतियोगिता ने महिलाओं में खेलों के प्रति जागरूकता और उत्साह को और अधिक बढ़ावा दिया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में पूर्व चैंपियन एथलीट अक्षत कुमार ने खेलो इंडिया के समन्वयक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं उप क्रीड़ा अधिकारी देवी प्रसाद का विशेष सहयोग रहा। शिक्षा विभाग से क्रीड़ा सचिव बृजेश भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे और उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों से महिलाओं की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित कराने में सहयोग प्रदान किया। माय भारत प्रयागराज द्वारा आयोजित इस पहल ने महिलाओं और बालिकाओं को खेलों के माध्यम से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन देवी प्रसाद और अमरेश दुबे ने किया। वहीं 'मेरा युवा भारत' की टीम से राम अवध कुशवाहा, अमन, निर्मल, नितिन, वंशिका पाठक और उमा श्री ने आयोजन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भाजपा नेत्री सह समाजसेवी शेफाली गुप्ता ने महिलाओं के अधिकार, शिक्षा और आत्मनिर्भरता पर दिया जोर



**हजारीबाग, झारखंड:-** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भाजपा नेत्री सह समाजसेवी शेफाली गुप्ता ने महिलाओं के अधिकार, शिक्षा, आत्मनिर्भरता एवं सशक्तिकरण को लेकर विशेष संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता से समाज एवं देश को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही हैं। शेफाली गुप्ता ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए तथा शिक्षा को जीवन का सबसे बड़ा हथियार बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं शिक्षित और आत्मनिर्भर बनेंगी, तभी समाज और राष्ट्र का वास्तविक विकास संभव होगा। उन्होंने आगे कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ लेकर महिलाएं अपने जीवन को बेहतर बना सकती हैं। उन्होंने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और समाज में अपनी मजबूत पहचान बनाएं। समाज में महिलाओं को समान अधिकार और सम्मान दिलाना हम सभी की जिम्मेदारी है, और इसके लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए।

### रामनवमी पूजा समिति काहुआ गठन, राजा यादव बने अध्यक्ष



**पदमा, हजारीबाग, झारखंड:-** आगामी रामनवमी पर्व को लेकर पदमा में रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पदमा के मुखिया अनिल मेहता ने की। बैठक में सर्वसम्मति से रामनवमी पूजा समिति का गठन किया गया। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार राजा यादव को पूजा समिति का अध्यक्ष, पवन यादव को उपाध्यक्ष तथा बजरंगी यादव को कोषाध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष पद पर चुने जाने के बाद राजा यादव ने सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष रामनवमी पूजा समिति की ओर से पूजा का आयोजन भव्य और आकर्षक तरीके से किया जाएगा, ताकि पूरे क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल बने। समिति के सहयोग के लिए 11 सदस्यों को भी शामिल किया गया है। इनमें अनिल मेहता (मुखिया), अजय मेहता (उप मुखिया), जगन्नाथ पासवान, बच्चन राम, गौरी शंकर सिंह, पंकज सिंह, रोशन सिंह, विकास कुमार, शशि ठाकुर, चंदन सिंह और नीरज कुमार शामिल हैं। बैठक में रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से मनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर समिति के सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल के सौजन्य से बेटियों के बीच हुआ लहंगा का वितरण

**गौरियाकरमा समेत विभिन्न पंचायतों में सांसद प्रतिनिधियों ने जरूरतमंद बेटियों के बीच किया वितरण**

**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल के सौजन्य से गौरियाकरमा समेत विभिन्न पंचायतों में जरूरतमंद बेटियों के बीच लहंगा का वितरण किया गया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के बीच लहंगा वितरित कर बेटियों को सम्मानित किया। इस मौके पर बरही विधानसभा सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव ने कहा कि सांसद मनीष जयसवाल हमेशा से समाज के गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए तत्पर रहते हैं। उनके प्रयास से लगातार गरीब परिवारों की बेटियों को सहयोग प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे भी खुशी और सम्मान के साथ जीवन जी सकें। वहीं बरही विधानसभा सांसद सह प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी ने कहा कि समाज में बेटियों को सम्मान देना हम सभी की जिम्मेदारी है। सांसद मनीष जयसवाल के मार्गदर्शन में समय-समय पर जरूरतमंद लोगों के बीच सहायता सामग्री का वितरण किया जाता है। मौके पर बरही विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, सांसद सह प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी, मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम, परमेश्वर यादव, अरुण चंद्रवंशी समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# महिला दिवस पर विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ने बिरहोर टोला में बांटी साड़ियां और बच्चों को मिठाई

**●गरीबों का विकास और सहयोग ही फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य : जमुना यादव**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन की ओर से बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत के केवल गांव स्थित बिरहोर टोला में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान फाउंडेशन के सदस्यों ने आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों के बीच पहुंचकर महिलाओं को साड़ी तथा बच्चों को मिठाई वितरित की। कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन के संस्थापक सदस्यों ने कहा कि विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन हमेशा से गरीब, जरूरतमंद और वंचित वर्गों की सहायता के लिए कार्य करता रहा है। महिला दिवस के अवसर पर बिरहोर समुदाय की महिलाओं को सम्मान देने और उनके प्रति सहयोग की भावना से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य जमुना यादव ने कहा कि गरीबों का विकास और सहयोग ही फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि संस्था समय-समय पर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की सहायता करती रही है। बरसात के दिनों में सैकड़ों बेघर लोगों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया है, वहीं युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए खेल सामग्री भी वितरित की जाती है। इसके अलावा विधवा महिलाओं को सम्मानपूर्वक कपड़े देकर सहयोग करने का कार्य भी किया गया है। उन्होंने बताया कि बरही विधानसभा क्षेत्र में ऐसे सैकड़ों सामाजिक कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहे हैं और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। फाउंडेशन के सभी सदस्यों ने निर्णय लिया कि हजारीबाग जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में संस्था के उद्देश्यों को आगे बढ़ाते हुए जरूरतमंद लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा जारी रखी जाएगी। इस मौके पर फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य जमुना यादव, विभूति भूषण, प्रताप सिंह, रघुनंदन गोप, गाजो गोप, द्वारिका रविदास, दिलीप यादव, नीरज सिंह, विवेक यादव, सरवन यादव सहित कई सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान बिरहोर परिवारों ने फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना की और आभार व्यक्त किया।

# विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी की ओर से झामुमो प्रखंड कार्यालय पाकुड़िया में इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्ड :-** महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक प्रोफेसर स्टीफन मरांडी की ओर से बीते 7 मार्च को झामुमो प्रखंड कार्यालय पाकुड़िया में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न समुदायों के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजित इफ्तार पार्टी में सामाजिक सौहार्द व भाईचारा देखा गया। इस अवसर पर विधायक स्टीफन मरांडी ने कहा कि इफ्तार का आयोजन समाज में आपसी भाईचारा और सद्भाव बढ़ाने का एक माध्यम भी है। इस इफ्तार पार्टी में झामुमो जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे, प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो, डॉ. मंजर आलम सहित अन्य गणमान्य लोग, पार्टी कार्यकर्ता और विभिन्न समुदायों के नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर रोजादारों ने रोजा खोलकर एक-दूसरे के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना व्यक्त की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रोफेसर स्टीफन मरांडी ने कहा कि रमजान का महीना त्याग, संयम, सेवा और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम और एकता को मजबूत करने का काम करते हैं। कार्यक्रम के अंत में विधायक ने सभी को रमज़ान की मुबारकबाद दी और समाज में शांति व एकता बनाए रखने की अपील की। इस दौरान सचिव मैनुद्दीन अंसारी, अशोक भगत, खुर्शीद आलम, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष नजरुल इस्लाम, छोटू भगत, युवा मोर्चा सचिव नेगार अंसारी, इस्लाम मियां, विनोद भगत, छोटू रविदास, नेजाम अंसारी सहित झामुमो के कई वरिष्ठ नेता, प्रखंड एवं पंचायत स्तर के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में रोजेदार भाई उपस्थित थे।

# विकसित भारत युवा संसद 2026 में डॉ. गौतम कुमार गुप्ता ने जूरी सदस्य के रूप में निभाई अहम भूमिका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हजारीबाग, झारखंड:-** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में आयोजित विकसित भारत युवा संसद 2026 का जिला स्तरीय कार्यक्रम गिरिडीह कॉलेज, गिरिडीह में उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लोकतंत्र, राष्ट्र निर्माण तथा युवाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर हजारीबाग के शिक्षाविद् डॉ. गौतम कुमार गुप्ता ने जूरी सदस्य के रूप में कार्यक्रम में भाग लेकर प्रतिभागियों के विचारों और प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। जूरी सदस्य के रूप में उन्होंने प्रतिभागियों के तर्क, अभिव्यक्ति, विषय की समझ और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता के आधार पर निष्पक्ष मूल्यांकन किया। डॉ. गौतम कुमार गुप्ता ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा संसद जैसे कार्यक्रम युवाओं में नेतृत्व क्षमता, तार्किक सोच और लोकतांत्रिक समझ विकसित करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को समझने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने अतिथियों और जूरी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि यह आयोजन युवाओं को देश के समसामयिक मुद्दों पर अपने विचार रखने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समझने का अवसर देता है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई और उन्हें देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

# सेवा का संकल्प ओबरा में लगातार आठवें महीने भी जारी रहा श्री राम सेवा समिति का खिचड़ी भंडारा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ओबरा/ सोनभद्र** –उत्तर प्रदेश की ऊर्जा राजधानी और प्रदेश की दूसरी सबसे बड़ी नगर पंचायत, ओबरा में सेवा परमो धर्म का जीवंत उदाहरण देखने को मिल रहा है। सुभाष चौराहे पर स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में श्री राम सेवा समिति द्वारा प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाला खिचड़ी भंडारा सफलता के नए सोपान तय कर रहा है। इस शनिवार, 7 मार्च को आयोजित भंडारे में ओबरा थर्मल पावर परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक (ष्ट्रत्नरू) आर.के. अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने अपने हाथों से श्रद्धालुओं और राहगीरों को खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर उन्होंने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि निस्वार्थ भाव से की गई जनसेवा ही ईश्वर की सच्ची भक्ति है। समिति के संस्थापक, पत्रकार अजीत सिंह के मार्गदर्शन में यह अभियान पिछले आठ महीनों से निरंतर अबाध गति से चल रहा है। सेवा, समर्पण और त्याग की भावना से ओतप्रोत होकर अजीत सिंह और उनकी टीम समाज के हर वर्ग तक पहुँचने का प्रयास कर रही है। इस सप्ताह के भंडारे में किड्स केयर के प्रबंधक अमरदीप सिंह, और पतंजलि योगाचार्य विरेंद्र श्रीवतास्तव का विशेष सहयोग रहा, जिनके सौजन्य से भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की सफलता के पीछे समिति के उन कर्मठ सदस्यों की मेहनत है जो बिना किसी स्वार्थ के घंटों सेवा में जुटे रहते हैं। समिति ने विशेष रूप से निम्नलिखित सदस्यों का आभार व्यक्त किया है।वरिष्ठ सदस्य ओम प्रकाश सिंह, संकट मोचन झा,रीता कुमारी,उमाशंकर केसरी, आदित्य वर्मा,करण जोगले,सर्वेश दुबे, सरिता सिंह, पुष्पा दुबे,चंदन सोनी, इनके साथ ही तमाम अन्य स्वयंसेवकों के सहयोग के प्रति समिति ने दिल से आभार प्रकट किया है। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि ऐसे आयोजनों से न केवल सामाजिक समरसता बढ़ती है, बल्कि जरूरतमंदों को संबल भी मिलता है।

# बीमारी के कारण काम न करने पर बहू की पिटाई

**●पति और ससुर समेत तीन पर केस दर्ज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम मुकटौरा (मजरा सहसुती) में एक विवाहिता के साथ ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि बीमारी के कारण घर के निर्माण कार्य में हाथ न बंटा पाने पर पति, ससुर और ननद ने मिलकर महिला की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई तहरीर में श्रीमती बृज (23 वर्ष), पत्नी कल्लू ने बताया कि घटना शुक्रवार, 6 मार्च 2026 की दोपहर करीब 2 बजे की है। उस समय पीड़िता अपने घर पर थी, जहाँ निर्माण कार्य चल रहा था। तबीयत खराब होने के कारण वह काम नहीं करा पा रही थी और आराम करने के लिए लेट गई थी। इसी बात से नाराज होकर उसके पति कल्लू, ससुर जगदीश और ननद मोहनी गाली-गलौज करने लगे। पीड़िता के अनुसार, जब उसने गालियां देने का विरोध किया, तो तीनों ने मिलकर उसे लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा, जिससे उसके शरीर में काफी चोटें आई हैं। जाते समय आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने शनिवार को थाने पहुंच कर न्याय की गुहार लगाई।

# बुंडू में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह आयोजित, महिलाओं को किया गया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही प्रखंड अंतर्गत ग्राम बुंडू में जेएसएलपीएस महिला समूह द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, विशिष्ट अतिथि स्थानीय मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष विजय कुमार यादव एवं पंचायत समिति सदस्या नीलम देवी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के पाँच पंचायतों की महिला दीदियाँ बड़ी संख्या में शामिल हुईं। कार्यक्रम में महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने पर चर्चा की गई। साथ ही सभी पंचायतों की महिला प्रतिनिधियों को 5-5 कलम एवं 1-1 डायरी उपहार स्वरूप दिया गया। साथ ही सांसद मनीष जायसवाल जी के द्वारा दिया हुआ एक लहंगा का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में महालक्ष्मी उरांव सीएलएफ आईआरपी, चित्रा कुमारी सीएलएफ मैनेजर, क्रांति कुमारी जेंडर सीआरपी, अनीता कुमारी जेंडर सीआरपी, पिंकी देवी बैंक सखी, प्रियंका देवी, ममता कुमारी सीएलएफ अध्यक्ष, बबली कुमारी, मोनिका कुमारी, ममता कुमारी, अनीता देवी, सरिता देवी, कविता देवी, संध्या देवी विओ अध्यक्ष, सोना देवी एवं खुनीता देवी सहित कई महिलाएँ उपस्थित रहीं।

# शराब की दुकान में चोरी का खुलासा, 12 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

**अनपरा (सोनभद्र)।** अनपरा थाना क्षेत्र के काशी मोड़ स्थित एक शराब की दुकान में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करने का दावा किया है। बताया जा रहा है कि घटना के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए करीब 12 घंटे के भीतर मामले का अनावरण करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के पास से चोरी से जुड़ी स्वैप मशीन और नगदी बरामद की गई है।पुलिस के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए हाथी पार्क के पास से एक अभियुक्त को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान चोरी की घटना से जुड़े होने का आरोप सामने आने के बाद उसे हिरासत में लिया गया। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार आरोपी अनपरा थाना क्षेत्र का ही निवासी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सांसद मनीष जायसवाल ने समर्थकों के साथ केक काटकर मनाया जन्मदिन

**●सेवा कार्यों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच बीता पूरा दिन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हजारीबाग, झारखंड:-** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जयसवाल ने रविवार को अपना जन्मदिन सादगी, सेवा भावना और जनसंपर्क के माहौल में मनाया। इस अवसर पर दिनभर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक और शुभचिंतक शामिल हुए। जन्मदिन के साथ ही International Women's Day का संयोग होने के कारण कार्यक्रमों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

जन्मदिन की शुरुआत सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर स्थित मेल सर्जिकल वार्ड पहुंचकर की। यहां यूथ विंग के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ मिलकर अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों के बीच फल का वितरण किया गया। इस दौरान सांसद ने कई मरीजों का हालचाल भी जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

इसके बाद वे ओल्ड एज होम पहुंचे, जहां बुजुर्गों के बीच समय बिताते हुए उनसे आत्मीय बातचीत की। उन्होंने बुजुर्गों को अल्पाहार कराया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों की सक्रिय भागीदारी रही।

बाद में हजारीबाग स्थित सांसद सेवा कार्यालय में भव्य जन्मदिन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक और शुभचिंतक पहुंचे। सभी ने सांसद को पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा गले मिलकर जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने परिवार और समर्थकों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया।

जन्मदिन समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की एंकरिंग प्रीति लता ने की। हजारीबाग की आरम्भ बैंड की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में ऊर्जा भर दी। वहीं उभरती गायिका कुमारी दित्य ने 'सत्यम शिवम सुंदरम', 'ऐसी लगी लगन', 'रघुवर तेरी राह निहारूं' और 'दिल हुम हुम करें' जैसे गीत प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायक किसन यादव ने 'पुकारता चला हूँ मैं' और 'छू कर मेरे मन को' जैसे गीत गाए, जबकि गायक अभिजीत कुमार सोनू ने 'ये शाम मस्तानी' गीत की प्रस्तुति दी। कलाकारों की प्रस्तुति पर उपस्थित लोगों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सांसद ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं और विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय महिला समाजसेवियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और समाज में उनके योगदान की सराहना की।

इस मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने सभी समर्थकों और शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका राजनीति में आने का उद्देश्य समाज सेवा है। उन्होंने कहा कि वे नेता के रूप में नहीं, बल्कि हजारीबाग की जनता के बेटे और भाई के रूप में लोगों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

कार्यक्रम में सांसद के पिता ब्रजकिशोर जायसवाल, माता विद्या जायसवाल, पत्नी निशा जायसवाल, सुपुत्र करण जायसवाल, पुत्रवधु अवंतिका जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कायस्थ महासभा की बरही प्रखंड बैठक में संगठन सुदृढ़ीकरण पर मंथन

**●महासभा आपके द्वार अभियान से समाज को जोड़ने व महिलाओं को सशक्त करने की पहल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** धनबाद रोड स्थित एनएच डाक बंगला में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बरही प्रखंड इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अशोक बख्शी ने की, जबकि संचालन अनुमंडल प्रभारी शैलेंद्र सिन्हा ने किया। बैठक की शुरुआत हिंदू नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ हुई। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं की भूमिका पर चर्चा करते हुए समाज में उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया। बैठक में जिलाध्यक्ष अरुण कुमार प्रभात, कार्यकारी अध्यक्ष बृज मोहन प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार अंबष्ठा तथा संगठन मंत्री अजय कुमार सिन्हा समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान संगठन के विस्तार, समाज के लोगों को जोड़ने और नियमित मासिक बैठक आयोजित करने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। साथ ही केंद्र सरकार के प्रस्तावित यूजीसी बिल को लेकर चिंता जताते हुए इसका विरोध दर्ज करने की बात कही गई। जिलाध्यक्ष अरुण कुमार प्रभात ने कहा कि 'महासभा आपके द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से प्रखंड क्षेत्र के चित्रांश समाज को एक मंच पर संगठित किया जाएगा। इसके तहत महिलाओं और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा उन्हें सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। बैठक में अजीत कटरियार, गोपाल चंद्र घोष, नगीन कुमार सिन्हा, अनूप प्रधान, अमर प्रधान, रविंद्र कुमार सिन्हा, संजय कुमार सिन्हा, जयदीप कुमार सिन्हा, श्याम कुमार सिन्हा और निखिल कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित थे। अंत में प्रखंड अध्यक्ष अशोक बख्शी ने धन्यवाद ज्ञापन कर बैठक का समापन किया।

# ओबरा योग भवन में नारी शक्ति का उत्सव, धूमधाम से मनाया गया महिला सशक्तिकरण दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ओबरा (सोनभद्र)-** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज 8 मार्च 2026 को स्थानीय 'योग भवन चिल्ड्रन पार्क' में महिला सशक्तिकरण दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और समाज में अपनी सशक्त उपस्थिति का संदेश दिया।यह पूरा कार्यक्रम ममता श्रीवास्तव (जिला प्रभारी) एवं पूनम जी (संगठन मंत्री) के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और नारी शक्ति को समर्पित प्रेरणागीतों के साथ हुई। समारोह के दौरान वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। मुख्य बिंदुओं में शामिल रहे। जिला प्रभारी ममता श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि समाज के सर्वांगीण विकास की नींव है। उन्होंने महिलाओं को आर्थिक और मानसिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। संगठन मंत्री पूनम जी ने महिलाओं को एकजुट होने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की बात कही। उन्होंने बताया कि किस तरह संगठन महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहता है। योग भवन में आयोजित होने के कारण, कार्यक्रम में महिलाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग के महत्व पर भी चर्चा की गई। चिल्ड्रन पार्क का परिसर महिलाओं के उत्साह से सराबोर रहा। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। उपस्थित महिलाओं ने एक-दूसरे को महिला दिवस की बधाई दी और समाज में बराबरी का हक पाने का संकल्प लिया।ओबरा में आयोजित यह कार्यक्रम न केवल उत्सव का प्रतीक रहा, बल्कि महिलाओं के सम्मान और उनकी प्रगति के संकल्प को दोहराने का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ।

## अंबेडकर जयंती को भव्य बनाने पर मंथन, महासभा की बैठक संपन्न

**बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर महासभा की बैठक संपन्न, जयंती समारोह की तैयारियों पर चर्चा**

**कोन (सोनभद्र)।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर महासभा कोन क्षेत्र की द्वितीय बैठक रविवार को बरवाडीह पंचायत भवन के समीप स्थित सांस्कृतिक मंच पर आयोजित की गई। बैठक में आगामी 14 अप्रैल को मनाई जाने वाली बाबा साहब की जयंती को भव्य रूप से मनाने तथा शोभायात्रा निकालने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक की अध्यक्षता एडवोकेट प्रदीप कन्नौजिया ने की। इस दौरान जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई और विभिन्न जिम्मेदारियां पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सौंपी गई। उपस्थित लोगों ने निर्णय लिया कि इस वर्ष अंबेडकर जयंती के अवसर पर क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी और बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।बैठक में वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज में समानता, न्याय और शिक्षा का संदेश दिया। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज को सशक्त और जागरूक बनाया जा सकता है। इसलिए उनकी जयंती पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाई जाएगी।बैठक में संरक्षक बिकलेश कुमार भारती, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विमलेश यादव, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार, संजय कुमार भारती, महामंत्री नागवंत कुमार भारती, उमानाथ भारती, योगेंद्र भारती, सत्येंद्र मोहन ओझा, एडवोकेट विनय कन्नौजिया, बाबूलाल यादव, दिवाकर कन्नौजिया, इंद्रजीत भारती सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रक की टक्कर से बाइक चालक घायल



**कोंच(जालौन)-** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अंडा के समीप कोंच-एट सड़क मार्ग पर शनिवार देर शाम एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनीष अवस्थी पुत्र बबलू निवासी एट अपनी बाइक से रावतपुरा से होकर वापस अपने घर एट लौट रहा था। जैसे ही वह अंडा गांव स्थित धन सिंह रिसालदार महाविद्यालय के नजदीक पहुंचा तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मनीष सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसके पैर में फ्रैक्चर हो गया। वहीं घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को उठाकर उपचार के लिए सीएचसी कोंच में भर्ती कराया। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की समुचित जानकारी जुटाई। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर ट्रक चालक की तलाश तेज कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोंच-एट मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने और वाहनों की गति पर नियंत्रण लगाने की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनायें रोकी जा सके।

### तलवार से हमला कर घायल करने का लगाया आरोप




**कोंच(जालौन)-** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भेंड़ में शनिवार देर रात शराब के नशे में एक व्यक्ति द्वारा तलवार से हमला कर युवक को घायल कर देने का मामला सामने आया है। घायल युवक ने रविवार को कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ग्राम भेंड़ निवासी धीरज बुधौलिया पुत्र अनिल बुधौलिया ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बीते शनिवार की रात करीब 8:30 बजे वह अपने घर के बाहर खड़ा हुआ था। इसी दौरान गांव का ही एक युवक हांथ में तलवार लेकर मौके पर आया। उक्त युवक शराब के नशे में था और उसे गालियां देने लगा। जब उसने गालियां देने से मना किया तो आरोपी ने अपने हांथ में ली हुई तलवार से उसके सिर पर वार कर दिया। हमले में उसके सिर में गंभीर चोट आ गई गई और खून बहने लगा। शोर-शराबा सुनकर मौके पर गांव के कुछ लोग और उसकी मां आ गई। जिसके बाद आरोपी उसे पुलिस से शिक़ायत करने पर जान से मार देने की धमकी देकर मौके से भाग गया। वहीं घटना को लेकर कोतवाली के अतिरिक्त निरीक्षक लल्लूराम रावत ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति ने अपना प्रार्थना पत्र दिया है, उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### बार संघ चुनावः मतदाता सूची का किया गया प्रकाशन

**कोंच(जालौन)-** बार संघ कोंच चुनाव की गतिविधियां तेज हो गई हैं। शनिवार को मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है जिसके मुताबिक 244 मतदाता बनाए गए हैं जबकि 13 नए हैं जिन्हें इस बार वोट डालने का अधिकार नहीं होगा। इसके बाद से ही चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों में हलचल यकायक बढ गई है। 9 मार्च को नामांकन दाखिल होंगे, पूरी चुनावी प्रक्रिया तहसील परिसर स्थित बार भवन में संपन्न होगी। बार संघ चुनाव अब पूरी रौ में दिखाई दे रहा है। सत्र 2026 के लिए जारी निर्वाचन प्रक्रिया में 7 मार्च को आपत्तियों का निस्तारण करते हुए संशोधन और अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन भी कर दिया गया है। इस बार 244 वोटर मतदाता सूची का हिस्सा बने हैं जबकि 13 नए वकील हैं जिन्हें इस दफा वोट डालने का अधिकार नहीं होगा। निर्वाचन अधिकारियों अवधेश कुमार द्विवेदी, केके श्रीवास्तव, पुरुषोत्तमदास रिछारिया, नरसिंह गहरवार, महेंद्र सिंह निरंजन, वीरेंद्र जाटव एवं रामवीर सिंह गुर्जर ने बताया है कि नामांकन 9 मार्च को सुबह साढ़े दस से शाम चार बजे तक दाखिल होंगे। 10 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच एवं 11 को सुबह साढ़े दस से शाम चार बजे तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। जिन-जिन पदों पर आवश्यक होगा, 16 मार्च को सुबह साढ़े दस से शाम चार बजे मतदान कराया जाएगा और साढ़े चार बजे से मतों की गिनती कर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। समूची निर्वाचन प्रक्रिया तहसील परिसर स्थित बार भवन में संपन्न होगी।

# अनपरा कॉलोनी में 10 मार्च को निकलेगी भव्य श्री महावीर शोभायात्रा तैयारियों में जुटी क्षेत्रीय समिति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अनपरा (सोनभद्र) –** अनपरा कॉलोनी में आगामी 10 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली भव्य श्री महावीर शोभायात्रा को लेकर समूचे क्षेत्र में उत्साह और भक्ति का माहौल चरम पर है। क्षेत्रीय समिति अनपरा कॉलोनी द्वारा इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। शोभायात्रा के स्वागत के लिए पूरी कॉलोनी को भगवामय किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष सुजीत सोनी एवं सचिव प्रशांत उपाध्याय के नेतृत्व में गठित टोलियां दिन-रात सेवा में जुटी हैं। कॉलोनी की गलियों और मुख्य मार्गों पर भगवा पताकाएं और झंडे लगाए जा रहे हैं। समिति द्वारा लगभग 300 झंडे कॉलोनी वासियों के बीच बांटे जाएंगे, जिन्हें श्रद्धालु अपने घरों पर लगाकर इस धार्मिक उत्सव का हिस्सा बनेंगे। शोभायात्रा के मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेयजल और शरबत की समुचित व्यवस्था की गई है ताकि किसी को असुविधा न हो। समिति के अनुसार, कार्यक्रम की शुरुआत 10 मार्च को प्रातः 09:00 बजे शिव मंदिर, अनपरा कॉलोनी से होगी। सर्वप्रथम विधि-विधान के साथ भगवान हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। पूजा के पश्चात शोभायात्रा भव्य झांकियों के साथ कॉलोनी भ्रमण पर निकलेगी। यह क्षेत्रीय यात्रा बाजार क्षेत्र में जाकर केंद्रीय टीम के साथ मिल जाएगी, जहाँ से यह और भी विशाल रूप धारण करेगी। इस भव्य आयोजन को सुव्यवस्थित करने में संरक्षक विष्णु देव झा एवं विकास जायसवाल के मार्गदर्शन में पूरी टीम समर्पित है। बैठक के दौरान समिति के पदाधिकारी मिथलेश राय, मनीष मिश्रा, धीरेंद्र चौबे, विवेक सिंह, पंकज केसरी, सुरेश कुमार प्रजापति, डी. एन. द्विवेदी, अविनाश सिंह और अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।समिति का संकल्प यह शोभायात्रा अनपरा कॉलोनी की एकता और अटूट भक्ति का प्रतीक है। इस वर्ष भी इसे ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बनाने के लिए पूरी समिति संकल्पित है। श्री महावीर शोभायात्रा समिति ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं और धर्मप्रेमियों से करबद्ध अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस आयोजन में सम्मिलित हों और जय श्री राम के उद्घोष के साथ शोभायात्रा की गरिमा बढ़ाएं।

# आगामी ईद एवं बीजपुर में होने वाले राम कथा को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**●शोभा यात्राओं में हथियारों के प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध- प्रभारी निरीक्षक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बीजपुर /सोनभद्र –**स्थानीय थाना प्रांगण में आगामी ईद एवं दुधईया मंदिर प्रांगण में होने वाले राम कथा को लेकर रविवार की सुबह प्रभारी निरीक्षक बीजपुर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न संप्रदाय के संभ्रांत जनों ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने उपस्थित जन समुदाय से बीजपुर परिक्षेत्र में 18 मार्च से होने वाले राम कथा के बारे में जानकारी लिया व बताया कि कलश यात्रा व जुलूस में किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन सख्त मना है इसके साथ ही किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक या उत्तेजक नारा नहीं लगना चाहिए । कथा की जानकारी देते हुए बेड़िया हनुमान मंदिर के महंत मदन गोपाल दास ने बताया कि कलश यात्रा 18 मार्च को निकाली जाएगी जो स्वागत गेट से इंटक वेल तक जाकर जल लेकर वापस मंदिर में संपन्न होगी । विश्व हिंदू परिषद के यशवंत सिंह ने बताया कि सनातन धर्म की मान्यता के अनुसार 19 मार्च की सुबह चैत्र नव वर्ष प्रतिपदा पर स्वागत गेट से बखिहवाँ चौराहे तक एक शोभायात्रा निकाली जाएगी । आगामी ईद को लेकर इजाजत शेख ने क्षेत्र में ईदगाहों के बारे में जानकारी देकर वास्तविक स्थिति से अवगत कराया । प्रभारी निरीक्षक ने उपस्थित जन समुदाय को त्योहारों को मिलजुल कर मनाने की अपील करते हुए हिदायत दिया कि त्योहारों में शासनादेश का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी । बीजपुर बाजार में उपजे जमीनी विवाद के बारे में भी उपस्थित जन समुदाय को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि उक्त जमीन के बारे में एनटीपीसी से वार्ता चल रही है निर्णय आने तक उक्त जमीन पर कोई कार्य नहीं किया जाएगा । बैठक में मुख्य रूप से बेड़िया हनुमान मंदिर के महंत मदन गोपाल दास, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष यशवंत सिंह, ग्राम प्रधान रजमिलान बद्रीनाथ,भाजपा नेता सुरेंद्र अग्रहरि, खमरिया ग्राम प्रधान इजाजत शेख, मीर हसन राम भजन सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे ।

## 2026 की जनगणना में आदिवासी धर्म कॉलम शामिल करने की मांग तेज

**●10 मार्च को लखनऊ ईको गार्डन में ध्यानाकर्षण कार्यक्रम का होगा आगाज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश –**वर्ष 2026 में प्रस्तावित जनगणना में आदिवासी धर्म के लिए अलग कॉलम शामिल किए जाने की मांग को लेकर आदिवासी संगठनों और रोजगार सामाजिक अधिकार अभियान द्वारा 10 मार्च को लखनऊ के ईको गार्डन में ध्यानाकर्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत में जनगणना की शुरुआत वर्ष 1871 से हुई थी। 1871 से 1951 तक की जनगणनाओं में आदिवासी समुदाय के लिए अलग धर्म कॉलम की व्यवस्था थी, जिससे उनकी विशिष्ट धार्मिक पहचान दर्ज होती थी। लेकिन 1961 की जनगणना से यह कॉलम हटा दिया गया। इसके बाद से आदिवासी समाज की अलग धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान को जनगणना में दर्ज करने की व्यवस्था समाप्त हो गई, जिससे उनकी पहचान और अस्तित्व के सामने चुनौती उत्पन्न हो रही है।आदिवासी समाज का मानना है कि उनकी अपनी विशिष्ट आस्था, परंपराएँ और जीवन पद्धति है, जिसे किसी अन्य धर्म की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। इसलिए जनगणना में अलग आदिवासी धर्म कॉलम का प्रावधान किया जाना आवश्यक है, ताकि उनकी वास्तविक जनसंख्या और पहचान का सही आकलन हो सके।इसी मांग को लेकर 10 मार्च को लखनऊ में ध्यानाकर्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया और आदिवासी समाज के लोगों को इस मुद्दे के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान में पिंटू आदिवासी, इं. राम कृष्ण बैगा, प्रधान योगेन्द्र गोंड, द्वारिका प्रसाद गोड़ तथा कोड़ियां के रविशंकर गोड़ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।आयोजकों ने सभी जनपदवासियों और आदिवासी समाज के लोगों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में लखनऊ पहुंचकर इस आंदोलन को मजबूत बनाएं और कार्यक्रम को सफल करें।

# स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं महिला कर्मचारी

**●उनके समर्पण से ही स्वस्थ समाज संभव : सीएमओ**

**उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वास्थ्य कर्मी सम्मानित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को सीएमओ में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में चिकित्सा क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में रहकर सेवा देने वाली महिला अधिकारियों, चिकित्सकों, नर्सों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के बहुमूल्य योगदान को सराहा गया और उन्हें सम्मानित किया गया। अध्यक्षता करते हुए सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने सभी महिला कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। कहा कि एक स्वस्थ समाज की नींव महिलाओं के स्वास्थ्य और उनकी सक्रिय भागीदारी पर टिकी होती है। स्वास्थ्य विभाग की असली रीढ़ हमारी महिला कर्मचारी हैं, जो न केवल पेशेवर प्रतिबद्धता बल्कि मानवीय संवेदनाओं के साथ दिन-रात मरीजों की सेवा में जुटी रहती हैं। नोडल अधिकारी डा.अमित तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में निर्णय लेने वाली प्रक्रियाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी एक सकारात्मक बदलाव का संकेत है। वहीं, डा.सौरभ सक्सेना ने जोर देकर कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं की सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और कार्यस्थल पर गरिमापूर्ण वातावरण सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान एक विशेष परिचर्चा सत्र हुआ, जिसमें महिला अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने बताया कि किस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ता मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में क्रांतिकारी भूमिका निभा रही हैं। दुर्गम क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने वाली और प्रशासनिक कार्यो में दक्षता दिखाने वाली महिला कर्मियों को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का भावुक क्षण तब आया जब उपस्थित सभी पुरुष सहकर्मियों ने अपनी महिला साथियों के सम्मान में खड़े होकर तालियां बजाई और एक समावेशी कार्य वातावरण बनाने का संकल्प लिया। डीपीएम रजिया फिरोज ने आभार जताया। इस दौरान नोडल आर.सी.एच. डा.अमित तिवारी, डा.सौरभ सक्सेना, बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डा.चंदा किचौलिया, चिकित्सा अधिकारी डा.राजेश भारती, डीपीएम रजिया फिरोज, डीएमसी यूनिसेफ सबा परवीन सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शराब की दुकान में चोरी का खुलासा, 12 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अनपरा (सोनभद्र)।** अनपरा थाना क्षेत्र के काशी मोड़ स्थित एक शराब की दुकान में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करने का दावा किया है। बताया जा रहा है कि घटना के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए करीब 12 घंटे के भीतर मामले का अनावरण करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के पास से चोरी से जुड़ी स्वैप मशीन और नगदी बरामद की गई है।पुलिस के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए हाथी पार्क के पास से एक अभियुक्त को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान चोरी की घटना से जुड़े होने का आरोप सामने आने के बाद उसे हिरासत में लिया गया। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार आरोपी अनपरा थाना क्षेत्र का ही निवासी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट और पथराव, पति-पत्नी घायल

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिरारी में पुरानी रंजिश के चलते एक दंपत्ति पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने घर में घुसकर गाली-गलौज की और विरोध करने पर महिला के सिर पर पत्थर मारकर उसे लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में ग्राम बिरारी निवासी कल्लू कुशवाहा ने बताया कि घटना बीते मंगलवार (3 मार्च) शाम करीब 7 बजे की है। कल्लू के मुताबिक, गांव के ही रहने वाले रस्सू और उसकी पत्नी राजो अचानक उनके घर में घुस आए और बिना किसी कारण के उसकी पत्नी कौशल्या को गालियां देने लगे। जब कौशल्या ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ लात-घूसों से मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपियों ने कौशल्या के सिर पर पत्थर से प्रहार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पत्नी की चीख-पुकार सुनकर जब कल्लू बीच-बचाव करने पहुंचा, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि जाते-जाते आरोपी पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना के चार दिन बाद शनिवार को कोतवाली पुलिस ने कल्लू कुशवाहा की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

## ब्राह्मण महासभा ने मनाया होली मिलन समारोह




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** ब्राह्मण महासभा परिसर में रविवार को ब्राह्मण महासभा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें समाज के लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे व सामाजिक एकता का संदेश दिया। इसके साथ ही समाज की एकजुटता पर बल दिया। समारोह की अध्यक्षता महासभा के संस्थापक अध्यक्ष सर्वाचरण वाजपेयी ने की, मुख्य अतिथि ब्रजमोहन तिवारी खैरी रहे। पूर्व बार संघ अध्यक्ष विज्ञान विशारद सीरौठिया ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं बल्कि आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज के लोगों के बीच आपसी संबंध मजबूत होते हैं और नई पीढ़ी को भी हमारी परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में महासभा के अध्यक्ष धर्मेंद्र बबेले, मंत्री रंजन गोस्वामी और कोषाध्यक्ष राजेंद्र भरद्वाज ने भी सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए समाज की एकजुटता पर जोर दिया। कार्यक्रम अध्यक्ष वाजपेयी ने कहा, होली का पर्व भेदभाव भुलाकर प्रेम और भाईचारे के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है। संचालन राजेंद्र दुवे ने किया। इस दौरान आनंद दुवे, दिनेश दुवे, ब्रजकिशोर पिपरैया, संजय रावत, अमित उपाध्याय, भास्कर दुवे, नरेंद्र लल्लन दुवे, अमित रिछारिया, राहुल, गौरव तिवारी, मृदुल गौतम, संतोष दुवे, राजू मिश्रा, अनुरुद्ध मिश्रा, विक्कू तिवारी, अखिलेश व्यास, रुचिर नायक, महेश विदुआ, अन्नू बसेड़िया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। अंत में सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी और मिठाइयां बांटकर खुशी साझा की।

# सोनांचल कप प्रयागराज ने दिल्ली को 8 विकेट से रौंदा, मयंक दुबे बने मैन ऑफ द मैच

**●अगला मुकाबला टूर्नामेंट के 13वें दिन कल प्रयागराज बनाम मथुरा के बीच भिड़ंत होगी।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ओबरा (सोनभद्र) –** स्थानीय गांधी मैदान में आयोजित 23वें सोनांचल कप राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के 12वें दिन एक बेहद रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। आज के मैच में प्रयागराज की टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर दिल्ली को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। टॉस जीतकर दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करने का साहसी फैसला लिया, लेकिन प्रयागराज के गेंदबाजों के आगे उनकी एक न चली।दिल्ली का स्कोर 19 ओवर में 108 रन (सभी विकेट खोकर) प्रमुख प्रदर्शन दिल्ली की ओर से इंद्रेश ने 16 गेंदों पर 18 रन (4 चौके) और आकाश ने 17 गेंदों पर 18 रन (2 चौके) का योगदान दिया। प्रयागराज की घातक गेंदबाजी मयंक दुबे ने धारदार गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में महज 13 रन देकर 3 विकेट चटकाए। वहीं, मानू राजा ने भी 4 ओवर में 22 रन देकर 3 सफलताएं हासिल कीं 108 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रयागराज की टीम ने शुरू से ही मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखी और मात्र 15.3 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। प्रयागराज के सलामी बल्लेबाज यादवेंद्र सिंह यादव ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से दर्शकों का दिल जीत लिया। उन्होंने 41 गेंदों पर 5 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 58 रनों की शानदार पारी खेली (रिटायर हर्ट) आशीष रत्नम ने भी धैर्य दिखाते हुए 27 गेंदों पर 30 रन बनाकर नाबाद रहे। दिल्ली की गेंदबाजी दिल्ली की तरफ से आनंद कुमार और चिराग को 1-1 विकेट मिला, लेकिन वे प्रयागराज के रनों की रफ्तार नहीं रोक पाए। मैच के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय यादव रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और आयोजन समिति की भव्य व्यवस्थाओं की सराहना की। मैच के अंत में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्रयागराज के मयंक दुबे को मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया।मुकाबले के दौरान निर्णायक की भूमिका में रोशन सिंह व प्रदीप शर्मा रहे। कमेंट्री संकट मोचन झा व राजू यादव ने की। इस अवसर पर सपा जिला प्रवक्ता रमेश वर्मा, मुजफ्फर अली, ईज़ शेषनाथ यादव, प्रमोद सिंह, और आयोजन सचिव संकट मोचन झा सहित कई खेल प्रेमी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## महिलाएं हर चुनौती को स्वीकार कर देश का नाम रोशन कर रही हैं : दीपिका सिंह

**●महिलाएँ अपनी मेहनत से प्रगति के मुकाम हासिल कर रही हैं : गुलाबबाई सेन**

**शिक्षा से ही परिवार विकास की ओर अग्रसर होता है : गीता सेन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** बुंदेलखंड महिला विकास सेवा समिति के तत्वाधान में नगर के स्थानीय ललित पैलेस होटल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर की समाजसेविका दीपिका सिंह रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष श्रीमती गुलाबबाई सेन ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपमाला श्रीवास्तव, गुलाबबाई सेन, रश्मि शर्मा, किरन वर्मा, स्नेहा सोनी, प्रीतिवाला मण्डल, गेंदा सेन, नीता जैन, रीना गंगेले उपस्थित रही। सर्वप्रथम समिति द्वारा सभी अतिथियों को पकड़ी, शॉल, भेंट माला व फूल भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का आभार किया गया है। इस दौरान मुख्य अतिथि समाजसेविका कानपुर दीपिका सिंह ने कहा कि महिलाएं हर चुनौती को स्वीकार कर देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने अपनी कार्यप्रणाली के दम पर मुकाम हासिल किया है वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। महिलाएँ यदि सोच ले कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य करना है तो सफलता अवश्य प्राप्त हो सकती है। विशिष्ट अतिथि दीपमाला श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाएँ अपनी मेहनत से प्रगति के मुकाम हासिल कर रही हैं। जब महिलाएँ किसी भी क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के लिए पूरी लगन से मेहनत करती हैं तो सफलता निश्चित ही मिलती है और मंजिल भी मिलती है। विशिष्ट अतिथि रश्मि शर्मा ने कहा कि शिक्षा से ही परिवार विकास की ओर अग्रसर होता है। हम सभी महिलाओं को अपने परिवार को शिक्षित कर कर उनको ऊँचे मुकाम की ओर अग्रसर करना हमारा दायित्व है। विशिष्ट अतिथि किरन वर्मा ने कहा कि हमें अपने परिवारों में अच्छे संस्कार देकर उनकी अच्छी आधार शिक्षा के रूप में मार्ग दर्शन करना चाहिए जिससे भविष्य में उनका जीवन बेहतर प्रगति की ओर जाकर एक नया मुकाम हासिल करें।विशिष्ट अतिथि स्नेहा सोनी, नीता जैन व रीना गंगेले ने संयुक्त रूप से कहा कि महिलाएँ आज हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कन्धा से कन्धा मिलाकर चल रही हैं। जबकि आज महिलाओं हर क्षेत्र में उच्च मुकाम पाकर अपने शक्ति के नाम का परचम लहरा रही हैं। जिन महिलाओं ने मुकाम हासिल किया है उन्होंने पीछे मुड़ कर नहीं देखा आज अपनी मंजिल पर खड़ी हैं। विशिष्ट अतिथि प्रीतिवाला मण्डल व गेंदा सेन ने कहा आज महिलाओं की भक्ति किसी स्वयं प्रशंसा सम्मान की आकांक्षी नहीं है। वह तो बस कर्तव्य की उस अविरल धारा की तरह है जो बिना किसी शोर मचाए सृजन करती रहती है। विशेष रूप से महिलाओं के योगदान का विकास हिस्सा विशेषकर प्रगति के रूप में है जो समाज को प्राप्त कराता है और हम सभी मातृ शक्ति को गौरवान्वित कराता है। अध्यक्षता कर रहीं समिति अध्यक्ष गुलाबबाई सेन ने कहा कि महिलाओं के द्वारा किये गये सहयोग आज समाज की हर दृश्यमान उपलब्धि के पीछे महिला का विशेष योगदान है। जिससे प्रगति की ओर अपना स्थान स्थापित कर रही है। इस अवसर पर महिलाओं को नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। जिसमें सरोज दिवाकर, श्रीमती रेनू मासिक (शिक्षिका), श्रीमती मीरा साहू, श्रीमती चंद्रप्रभा बौद्ध, श्रीमती उमा यादव सीडीपीओ, श्रीमती प्रियंका वर्मा (शिक्षिका), श्रीमती गीता लोधी, श्रीमती रोशनी सौ., श्रीमती रेणुका कौशिक, श्रीमती राधा वर्मा, श्रीमती विमलेश यादव, श्रीमती सोनम रावत, श्रीमती नीलम माथुर, श्रीमती रेखा चौबे, श्रीमती दीपिका वैश्य, श्रीमती राजेश्वरी जायसवाल, श्रीमती आभा सेन, श्रीमती गुड्डी सेन, श्रीमती गुड्डी कश्यप, श्रीमती हसीन सेन, श्रीमती संगीता वर्मा आदि का सम्मान किया गया है। इस दौरान आशा साहू, पुष्पादेवी सेन, रचना देवी, राजकुमारी, रामप्यारी, गोईबाई, रजनी, सूमन, नेहा, मुस्कान, नीतू, दिया, रोशनी, मनीषा, रेखा विश्वकर्मा, प्रभा साहू, बबीता पंथ, रामवती, रिंकी, पूजा, गुड्डी, द्रोपती, संगीता कुशवाहा, कृष्णा कुशवाहा, सावित्री, पूनम, मनीषा, रोशनी, गजरा, कुसुम, वर्षा, अनीता, लक्ष्मी, पूजा, सुषमा, मीरा देवी, रूचि झां, पलक कुशवाहा, सुशीला, रानी, रानी, गेंदा, संगीता, नीतू, विज्ञान कुशवाहा, डोली सेन, गुलाबबाई सेन, रामदेवी, दीपमाला श्रीवास्तव, भावना, उमा राजा, रूपा साहू, राशि झां, अंजली भारती, सरोज, स्नेहा सोनी, मोहिनी जैन, अंजू विश्वकर्मा, नेहा अहिरवार, कोमल, अंजू, सूरज देवी, किरन चौधरी, रजनी, सविता कुशवाहा, राधा पाल, पूजा पाल, ममता कुशवाहा, कस्तूरी कुशवाहा, मीना, काजल कुशवाहा, जमना कुशवाहा, विनोद राजा, रूचि राजा, प्रियंका राजा, राजाबेटी कुशवाहा, राधा कुशवाहा, जशोदा कुशवाहा, कौशल्या कुशवाहा, पूजा कुशवाहा, तारादेवी कुशवाहा, ममता कुशवाहा, सूरज कुशवाहा, सुखवती कुशवाहा, शारदा, सविता साहू, मनोरमा, कृतिका शर्मा, राजमती जैन, लक्ष्मी नामदेव, ताराबाई, सुमन पाटकार, गीता देवी, अनीता नामदेव, रश्मि राजा, द्रोपती के अलावा अनेकों महिलाएं मौजूद रहीं। संचालन सविता मण्डल व आभार सचिव गीता सेन ने जताया।

# संक्षिप्त खबरें

## कतर के बाद जॉर्डन में अमेरिका को हजारों करोड़ का नुकसान; मिसाइल डिफेंस सिस्टम को झटका



**ब्यूरो प्रयागराज।** अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच बढ़ते टकराव को देखते हुए सवाल ये उठ रहा है कि क्या ईरान पश्चिम एशिया में सैन्य ठिकानों पर हमले करके अमेरिका की कमर तोड़ रहा है? ये सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि बीते सात दिनों के टकराव में ईरान ने अमेरिका को हजारों करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया है। युद्ध की विभीषिका में एक तरफ अब तक 1400 से अधिक लोगों ने जान गंवाई है, तो दूसरी तरफ ईरान ने कतर और जॉर्डन जैसे पश्चिमी एशियाई देशों में हजारों करोड़ की लागत से बनाई गई अमेरिकी प्रणाली को नेस्तनाबूद कर दिया है।

ईरान के हमलों से जुड़ी रिपोर्ट्स के मुताबिक हमले के जवाब में किए गए पलटवार की सबसे ताजा घटना जॉर्डन में की गई स्ट्राइक है, जहां थाड रडार सिस्टम को नष्ट करने का दावा किया जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक थाड रडार सिस्टम की लागत करीब 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी लगभग 22 हजार करोड़ रुपये है। इस संबंध में आई खबरों के मुताबिक ईरान की तरफ से जॉर्डन के मुवफ्फाक साल्टी हवाई अड्डे पर हमला किया गया। इस स्ट्राइक में अमेरिका की हजारों करोड़ की प्रणाली नष्ट हो गई।

## ट्रेन में आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज पर धारदार हथियार से हमला, ट्रेन के टॉयलेट में छिपकर बचाई जान



**ब्यूरो प्रयागराज।** कौशांबी के सिराथू रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज पर जानलेवा हमला हुआ है. आरोप है कि धारदार हथियार से उनकी नाक पर वार किया गया है. उनके शरीर के कई हिस्सों पर गहरे घाव हो गए है. ब्रह्मचारी महाराज ने ट्रेन के बाथरूम में खुद को बंदकर अपनी जान बचाई. प्रयागराज पहुंचने के बाद उन्होंने राजकीय रेलवे पुलिस से मामले की लिखित शिकायत की. जीआरपी मामले की जांच में जुटी है।

आशुतोष ब्रह्मचारी के मुताबिक घटना सिराथू रेलवे स्टेशन के पास की है. शंकराचार्य आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज दिल्ली से प्रयागराज जा रहे थे. आशुतोष ब्रह्मचारी के मुताबिक जैसे हो ट्रेन सिराथू रेलवे स्टेशन के पास पहुचने वाली थी कि अचानक एक युवक ने धारदार हथियार से उनके ऊपर हमला कर दिया.इसके बाद उन्होंने किसी तरह खुद को ट्रेन के शौचालय में खुद को बंद कर अपनी जान बचाई। आशुतोष ब्रह्मचारी ने आरोप लगाया है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, मुकुंदानन्द समेत अन्य ने उनकी नाक काटने की योजना बनाई थी. इसके लिए टीवी चैनल पर 21 लाख रुपए देने की घोषणा भी की गई थी. उन्होंने आरोप लगाया कि अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, मुकुंदानंद और मथुरा के रहने वाले दिनेश शर्मा ने इस वारदात को अंजाम दिया है।

ट्रेन के टीटीई मुश्ताक ने बताया कि अटेंडेंस द्वारा सूचना दी गई की द्ध1 कोच में यह घटना हो गई है. हम लोग पहुंचे तो वहां परआशुतोष जी महाराज की नाक से खून बह रहा था. तत्काल जीआरपी को सूचना दी गई. जीआरपी ने तत्काल पूरे कोच की छानबीन की लेकिन कोई नहीं मिला. प्रयागराज पहुंचने पर जीआरपी ने उनका मेडिकल कराया. उनसे तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज किया।आशुतोष ब्रह्मचारी ने इस पूरे मामले की शिकायत प्रयागराज पहुंचने के बाद वहां की राजकीय रेलवे पुलिस से की है. उन्होंने मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए. जीआरपी पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है. वहीं, प्रयागराज जीआरपी इंस्पेक्टर अकेलेश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है. मामले की जांच की जा रही है।

# भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र के निर्माता होते है- विधायक राजमणि कोल

**● भाजपा बड़ोखर मंडल की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोराव (प्रयागराज)।** भारतीय जनता पार्टी बड़ोखर मंडल शारदा कान्वेंट स्कूल बड़ोखर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 की दो दिवसीय कार्यशाला रविवार को समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में पार्टी के वक्ताओं ने संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन, सोशल मीडिया तथा सरकार की उपलब्धियों पर कार्यकर्ताओं को विस्तृत प्रशिक्षण दिया। द्वितीय दिवस के चौथे सत्र में जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी तिवारी ने संगठन विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन का विस्तार केवल सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं, बल्कि समाज में राष्ट्रचेतना जागृत करने के लिए किया जाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच बनाकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

पांचवें सत्र में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बूथ प्रबंधन एवं 'मन की बात' कार्यक्रम पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि बूथ समितियों में सभी वर्गों का समावेश, निरंतर संवाद, सम्पर्क प्रवास और नियमित बैठकें ही 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान की आधारशिला हैं। उन्होंने बताया कि यदि बूथ स्तर पर नियमित अवलोकन और विश्लेषण के साथ कार्य किया जाए तो संगठन की मजबूती सुनिश्चित होती है। उन्होंने बूथ पर आयोजित होने वाले छह प्रमुख कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुनने की संगठनात्मक रूपरेखा भी प्रस्तुत की।

छठे सत्र में पूर्व जिला मंत्री अनिल मिश्र ने सोशल मीडिया, नमो ऐप, सरल ऐप तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग के बारे में कार्यकर्ताओं को बिंदुवार जानकारी दी और डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग पर बल दिया।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए कोरांव विधायक राजमणि कोल ने कहा कि




भाजपा का कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण का सशक्त आधार है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारें उद्योगों के नाम पर केवल ऋण देकर संस्थाओं को बंद होने की स्थिति में छोड़ देती थीं, जबकि वर्ष 2017 के बाद भाजपा सरकार ने देश-विदेश से उद्योगों को लाकर युवाओं को रोजगार देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की भावना के साथ बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा किसानों-नौजवानों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। साथ ही सरकारी नौकरियों के साथ व्यापार और उद्योग के लिए निःशुल्क ऋण योजनाओं के माध्यम से रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कार्यशाला के समापन सत्र की अध्यक्षता प्रांतीय परिषद सदस्य रामअवध कुशवाहा ने की, जबकि स्वागत एवं आभार मंडल अध्यक्ष रामराज सिंह पटेल ने व्यक्त किया। जमुना प्रसाद मिश्र, पवन कुमार पटेल, सूर्यवली पांडेय, अमरेन्द्र कुशवाहा आदि ने अलग- अलग सत्रो की अध्यक्षता की 24 घंटे के प्रशिक्षण कार्यशाला में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तम नगर हत्याकांड के आरोपियों पर दिल्ली सरकार की कठोर कार्यवाही सराहनीय- विश्व हिन्दू परिषद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**
स्वतंत्र सिंह भुल्लर

**नई दिल्ली:** उत्तम नगर में निर्दोष युवक तरुण की घेर कर की गई निर्मम हत्या के मामले में दिल्ली सरकार द्वारा शुरू की गई कठोर कार्यवाही का विश्व हिन्दू परिषद, इंद्रप्रस्थ प्रांत ने स्वागत किया है विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत मंत्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि इस जघन्य घटना से समाज में गहरा आक्रोश और पीड़ा व्याप्त थी। ऐसे समय में दिल्ली सरकार द्वारा अपराधियों के विरुद्ध त्वरित और सख्त कदम उठाना सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति तथा कानून व्यवस्था के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।उन्होंने कहा कि आरोपियों के अवैध निर्माणों पर पी डब्ल्यू डी एवं एमसीडी द्वारा बुलडोजर कार्यवाही प्रारंभ किया जाना यह स्पष्ट संदेश देता है कि दिल्ली में अपराध और हिंसा को किसी भी परिस्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। इस प्रकार की निर्णायक कार्यवाही से भविष्य में अपराधियों और असामाजिक तत्वों के मन में कानून का भय स्थापित होगा।

विश्व हिन्दू परिषद ने यह भी मांग की है कि इस जघन्य अपराध में शामिल आरोपियों को मिलने वाले सभी प्रकार के सरकारी अनुदान और सुविधाओं को तत्काल समाप्त करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जानी चाहिए, ताकि अपराधियों को किसी भी प्रकार का संरक्षण न मिले।

सुरेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि इस घटना से पीड़ित परिवार अत्यंत दुख और आघात की स्थिति में है। दिल्ली सरकार को चाहिए कि पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक सहायता और आवश्यक सरकारी सहयोग प्रदान किया जाए, जिससे उन्हें कुछ राहत और संबल मिल सके विश्व हिन्दू परिषद, इंद्रप्रस्थ प्रांत इस मामले में दिल्ली सरकार द्वारा की जा रही कठोर और निर्णायक कार्यवाही का समर्थन करता है तथा अपेक्षा करता है कि दोषियों को शीघ्र और कठोर दंड मिले, जिससे समाज में न्याय और कानून के प्रति विश्वास और मजबूत हो।

# रंगपंचमी पर परशुराम मंदिर में ब्राह्मण समाज का होली मिलन समारोह संपन्न




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**महरौनी।** रंगपंचमी के पावन अवसर पर ब्राह्मण समाजोत्थान सेवा संस्थान के तत्वावधान में ब्राह्मण महामंडल, महरौनी विधानसभा क्षेत्र का होली मिलन समारोह रविवार को कस्बा महरौनी के मड़ावरा रोड स्थित पंडा कॉलोनी में भगवान परशुराम मंदिर प्रांगण में उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन अध्यक्ष पं. रामविलास कटारे एवं संरक्षक पं. लालाराम बाजपेई द्वारा भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण व चरणों में गुलाल अर्पित कर किया गया। इसके बाद सभी पदाधिकारियों एवं विप्र बंधुओं ने परस्पर गुलाल लगाकर होली एवं रंगपंचमी की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संगठन अध्यक्ष रामविलास कटारे ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में यूजीसी कानून जैसे निर्णयों से सवर्ण समाज के हित प्रभावित हो रहे हैं। वहीं संरक्षक पं. लालाराम बाजपेई ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर सवर्ण महासभा के प्रदर्शन के दौरान की गई कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा कि समाज के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार नहीं होना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में लालाराम बाजपेई, रामविलास कटारे, रामेश्वर प्रसाद रिछारिया, पुरुषोत्तम नारायण तिवारी, श्रीप्रकाश दीक्षित, जगदीश पंडा, श्रीराम विदुआ, कमलेश पंडा, रामकुमार नायक, संतोष पंडा, अवध बिहारी पटेरिया, शिवप्रकाश राजोरिया, पुजारी रामगोपाल तिवारी, कैलाश नारायण तिवारी, रामजी द्विवेदी, अभय दुबे, शैलेन्द्र नायक, युवा अध्यक्ष अजय पाण्डेय, जगतनारायण पटेरिया, सत्यनारायण चाचोदिया, भारत कौशिक, अवधेश नायक, सूर्यकांत त्रिपाठी, प्रभाकर मिश्रा, शैलेश तिवारी, राजीव लिटोरिया, गौरव रावत सहित महरौनी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से आए अनेक स माननीय विप्र बंधु उपस्थित रहे।

# जीवन में पाप दुखदाई इनको छोडे बगैर कल्याण नहीं- मुनि सुधासागर

**● समोवशरण में हुई मुनि श्री की दिव्यदेशना, प्रतिमाओं में हुए सूर्यमंत्र के संस्कार**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में ज्ञान कल्याण पर निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज ने तीर्थकर आदिनाथ इस युग के धर्म तीर्थ प्रवर्तक और राजा श्रेयांस दान तीर्थ प्रवर्तक बताते हुए कहा महान आत्माए दूसरों का कल्याण किए बिना अपना कल्याण नहीं करती। जब हम बुरे निमित्त से प्रभावित होगे बुरा होगा संसार बुरा नहीं है। हर व्यक्ति तु हारे साथ बुरा कर रहा लेकिन घबराना नहीं अगर संसार के भय से डर रहे हो तो गलत है। मुनि श्री ने स्त्रियों की वेषभूषा पर व्यंग करते हुए कहा वह भेष धारण मत करो जिससे दुनिया के परिणाम बिगड़ें। मुनि श्री ने आहार दान के प्रसंग में बताया आज ज्ञान कल्याणक का वह दिन है मुनिराज आदि सागर ने मुनि दीक्षा के छह माह वाद आहारग्रहण किया उस समय श्रावक मुनिराज की आहार विधि भी नहीं जानते थे। उन्होंने श्रावको को प्रेरित किया कि दुर्व्यसन गुटका आदि का त्याग कर जीवन को संयमी बनाए।

इसके पूर्व प्रातःकाल श्री जी का अभिषेक शान्तिधारा के उपरान्त ज्ञान कल्याणक की पूजन हुई इसके उपरांत प्रतिष्ठाचार्य बालब्रहमवारी प्रदीप भैया सुयश ने मुनिराज आदिसागर की आहारचर्या की विधि स पन्न कराई। मध्यान्ह में श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में अयोध्यापुरी में सवशरण की रचना हुई जिसका लोकार्पण पुण्यांजक परिवार ने किया समोवशरण में विराजित देव शास्त्र गुरु की पूजन करने वैमानिक, कल्पवासी, व्यंतर, भवनवासी देवगण पहुंचे जिन्होने समोवशरण में अपनी मनोकामना की पूर्ति की भावना से पूजन उपस्थित इन्द्र इन्द्राणियों के साथ की। इस मौके पर समोवशरण से निर्यापक श्रवण मुनि सुधासागर महाराज ने संसार को नश्वर बताते हुए कहा सारी दुनिया को समझो जीवन अर्थ के अभाव में अनर्थ हो रहा है वह भूल जाता है कि उसका प्रयोजन करने से कितना अनर्थ हो जाता है। भक्त की भक्ति भगवान बनने की रहती है लेकिन इसका दुरूपयोग करके वह सर्वनाश कर लेता है। उन्होने कहा मोक्ष मार्ग के लिए कर्मो का क्षय कर मुनिव्रत पालन करना है लेकिन अर्थ किया के अभाव में भटक जाता है और प्रयोजन का स्वरूप भूल जाता है। महाराज श्री ने कहा जैन दर्शन जीवन में जोडने की शिक्षा देता है काटने की नहीं भगवान आदिनाथ ने असि कृषि और मसी की शिक्षा देकर श्रावक के छह आवश्यक बताए और कहा पाप दुखदाई है परिग्रह युक्त हैं इनको छोड़े वगैर पुण्य नही



होगा। उन्होने पंचकल्याणक से सीख लेते हुए जीवन को संस्कारित बनाने की प्रेरणा दी।

सायंकाल सायंकाल जिज्ञासा समाधान के दौरान मुनि श्री ने आवको द्वारा की गई जिज्ञासाओं का स यक समाधान किया। आचार्य भक्ति जिज्ञासा समाधान के उपरान्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंचन सत्येन्द्र शर्मा एण्ड पार्टी दिल्ली के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति की गई। मुनिराज आदिकुमार के आहार के उपलक्ष्य में सानत इन्द्र आनद जैन साइकिल परिवार द्वारा इच्छुरस वित्तरित किया गया। आयोजन की व्यवस्थाओं को सतोदय तीर्थ सेरोन अध्यक्ष सतीश जैन वंटी, महामंत्री सिंघई मनोज जैन, कोषाध्यक्ष विजय जैन लागौन, अरविन्द जैन बरोदा, अजय जैन जखौरा, आनंद जैन साइकिल, नीतेश विलौआ, अमितेश जैन, मुकेश जैन नेता, राजेन्द्र मिठ्या, श्रयांस जैन गदयाना, अरूण जैन, अजय जैन, अभय जैन, अमित जैन, प्रदीप जैन, अवध किशोर जैन के अतिरिक्त जैन पंचायत के अध्यक्ष डा0 अक्षय टडया, महामंत्री आकाश जैन, संयोजक सनत खजुरिया समेत पूरी टीम द्वारा संयोजित की जा रही हैं।

भगवान का मोक्षकल्याणक एवं गजस्थ परिक्रमा आज

पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में आज मार्च नैमेत्तिक अभिषेक पूजन के उपरान्त प्रातः 7.29 बजे भगवान आदिनाथ को कैलाश पर्वत से मोक्ष गमन तत्पश्चात अग्निकुमार देवों का आगमन, प्रभु के नख केश का विसर्जन मुनि श्री के मांगलिक प्रवचनों के उपरान्त मोक्षकल्याणक पूजन एवं विश्वशान्ति हवन होगा। उक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी अक्षय अलया ने बताया कि दोपहर 12-30 बजे गजरथ परिक्रमा मुनि श्री के प्रवचन तदुपरान्त सायंकाल 6 बजे आचार्य भक्ति जिज्ञासा समाधान।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल में विशेष आयोजनं

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिनांक 08 मार्च 2026 को उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में महिला सशक्तिकरण को समर्पित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह आयोजन मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इसी क्रम के तहत ट्रेन संख्या 22308 (बीकानेर-हावड़ा एक्सप्रेस) का संचालन टूंडला जंक्शन से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन तक महिला स्टाफ द्वारा किया गया, जो भारतीय रेल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी एवं उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। ट्रेन संचालन के दौरान विभिन्न खंडों में महिला क्रू द्वारा जिम्मेदारी निभाई गई। टूंडला से कानपुर सेंट्रल तक लोको पायलट के रूप में सुश्री अर्चना कुमारी (मुख्यालय-टूंडला) ने ट्रेन का संचालन किया। वहीं ट्रेन मैनेजर के रूप में सुश्री ज्योत्स्ना शुक्ला (मुख्यालय-टूंडला) ने टूंडला से कानपुर सेंट्रल तक अपनी सेवाएं दीं। इसके पश्चात कानपुर सेंट्रल से प्रयागराज जंक्शन तक सुश्री उपासना कुमारी, सुश्री काजल कुमारी तथा ट्रेन मैनेजर सुश्री आयशा जायसवाल (सभी मुख्यालय-कानपुर सेंट्रल) द्वारा दायित्वों का निर्वहन किया गया। आगे प्रयागराज जंक्शन से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन तक सुश्री ममता यादव, सुश्री शेफाली श्रीवास्तव तथा ट्रेन मैनेजर सुश्री श्नेहलता (सभी मुख्यालय-प्रयागराज) ने दायित्व संभाला।

महिला कर्मचारियों ने पूर्ण समर्पण, दक्षता एवं जिम्मेदारी के साथ ट्रेन का संचालन







किया, जो महिला सशक्तिकरण का प्रेरणादायक उदाहरण है और यह दर्शाता है कि महिलाएं रेल संचालन को सुरक्षित, सुचारु एवं प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। इसी अवसर पर प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन पर भी महिला कर्मचारियों के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिचालन, वाणिज्य, आरपीएफ तथा स्वच्छता विभाग सहित विभिन्न विभागों में कार्यरत महिला कर्मियों को उनके समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्टेशन निदेशक श्री वी.के. द्विवेदी ने महिला कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महिला कर्मचारी परिवार की जिम्मेदारियों के साथ-साथ रेलवे के महत्वपूर्ण कार्यों को भी सुचारू, सुरक्षित एवं दक्षतापूर्वक संचालित कर रही हैं, जो अत्यंत सराहनीय है। कार्यक्रम के दौरान स्टेशन अधीक्षक, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक तथा वाणिज्य निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने महिला कर्मचारियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। इन आयोजनों का उद्देश्य महिला कर्मचारियों के योगदान को सम्मानित करना तथा उन्हें भविष्य में भी पूरे उत्साह, आत्मविश्वास एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करना रहा।

## मालवीय नगर में फिर नॉर्थ ईस्ट की छात्राओं से अभद्रता, नस्लीय कमेंट के बाद की मारपीट; अस्पताल में भर्ती

**दक्षिणी दिल्ली।** एक पखवाड़े के भीतर मालवीय नगर में ही नॉर्थ ईस्ट की छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार का दूसरा मामला सामने आया है। इस बार छात्राओं पर नस्लीय टिप्पणी करने के साथ ही उन पर हमला भी किया गया। दो छात्राओं में से एक घायल हो गई, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। लगातार हो रही घटनाओं को लेकर उत्तर पूर्वी समुदाय से जुड़े संगठनों ने चिंता जताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस पीड़िताओं के संपर्क में है। जल्द उनके बयान दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई होगी।दक्षिणी दिल्ली जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान के मुताबिक रविवार शाम के समय साकेत डिस्ट्रिक्ट कोर्ट कांप्लेक्स स्थित एक पार्क में मणिपुर की एक लड़की अपनी दोस्त के साथ टहल रही थी। तभी कुछ अराजक तत्वों ने उन पर कुछ कमेंट्स किए। जब लड़कियों में से एक ने कमेंट्स पर एतराज किया तो दोनों पक्षों में बहस होने लगी। आरोप है कि युवकों ने इस दौरान छात्रा पर हमला कर दिया। घायल लड़की को मेडिकल जांच और इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक वह ठीक है और उसे मामूली चोट आई है। पुलिस टीम पीड़िता से लगातार संपर्क में है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि 20 फरवरी को भी मालवीय नगर में ही अरुणाचल प्रदेश की तीन युवतियों के साथ दंपती ने विवाद किया और उन पर नस्लीय टिप्पणी की थी।

# सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड उत्तर मध्य रेल ने केंद्रीय चिकित्सालय उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के कमेटी हॉल में प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. राकेश निगम के मुख्य आतिथ्य मे होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी अधिकारी और सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर एवं गुलाल लगाकर होली मिलन कार्यक्रम को सफल बनाया द्य कार्यक्रम का आयोजन डॉक्टर सुरेंद्रनाथ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं उपायुक्त सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज की प्रेरणा से आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में चिकित्सा निदेशक डॉ. एस .के. हंडू , डॉ. प्रकाश मुर्मू अपर मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. एस.एस.नायक




अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक तथा डॉ.संजय कुमार वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ अमित मालवीय वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मंच का संचालन एंबुलेंस अधिकारी राजीव सिंह एवं उदय चंद मौर्य ने किया तथा डिवीजन कमांडर मेडिकल डा एस एस नायक द्वारा सभी अधिकारियों एवं सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में मंडल सचिव आलोक कुमार वर्मा एवं अनूप कुमार श्रीवास्तव तथा एंबुलेंस अधिकारी रतन कुमार एवं कारपोराल अमित कुमार मौर्य, ओम प्रकाश, चंद्र प्रकाश, पवन कुमार , पवन कुमार तथा सर्जेन्ट दु.खती प्रसाद ,विजय प्रकाश राम ,मनबोध चौरसिया एवं सदस्य राम सजीवन पटेल, महेश कुमार का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर सभी सेवा निवृत एंबुलेंस अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# योगी मंत्रिमंडल विस्तार, हो सकती है कई मंत्रियों की छुट्टी और नए चेहरों को मौका

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तेज है कि Yogi Adityanath के नेतृत्व वाली सरकार में जल्द ही बड़ा फेरबदल देखने को मिल सकता है। पिछले लगभग छह महीनों से समय-समय पर मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें सामने आती रही हैं, लेकिन अब सूत्रों का कहना है कि इंतजार की घड़ियां जल्द खत्म हो सकती हैं और सरकार बड़े बदलाव के साथ अपने मंत्रिमंडल का पुनर्गठन कर सकती है।

सूत्रों के अनुसार यह विस्तार केवल औपचारिक बदलाव नहीं होगा, बल्कि इसमें कई पुराने मंत्रियों की विदाई और नए चेहरों की एंट्री देखने को मिल सकती है। माना जा रहा है कि सरकार इस फेरबदल के जरिए आगामी राजनीतिक चुनौतियों और चुनावी समीकरणों को साधने की कोशिश करेगी। विशेष रूप से 2027 के विधानसभा



चुनावों को ध्यान में रखते हुए यह विस्तार काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

राजनीतिक सूत्रों का कहना है कि इस विस्तार में कुछ वरिष्ठ मंत्रियों को संगठन में भेजा जा सकता है, जबकि संगठन में सक्रिय कुछ नेताओं को सरकार में जिम्मेदारी दी जा सकती है। इस तरह सरकार और संगठन के बीच संतुलन बनाने की रणनीति पर काम चल रहा है। भाजपा नेतृत्व का मानना है कि इससे प्रशासनिक और राजनीतिक दोनों स्तरों पर नई ऊर्जा आएगी। हाल ही में पंकज चौधरी की उत्तर प्रदेश इकाई का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद से ही मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं तेज हो गई थीं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि संगठन में इस बदलाव के बाद सरकार में भी बड़े स्तर पर परिवर्तन की संभावना स्वाभाविक रूप से बढ़ गई है।

भाजपा के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक, मंत्रिमंडल में शामिल कुछ मंत्रियों के प्रदर्शन की समीक्षा की गई है। इसी के आधार पर करीब 10 से 12 मंत्रियों को बदले जाने की चर्चा है। जिन मंत्रियों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं माना गया है, उन्हें हटाकर नए और सक्रिय चेहरों को मौका दिया जा सकता है।